ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख कृष्ण पक्ष 02 • विक्रम संवत 2080 • शनिवार, 08 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-66 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

फिल्म 'भोला' की कमाई में गिरावट दर्शकों पर... पेज 12 पर



# अलविदा टाइगर : पंचतत्व में विलीन हुए जगरनाथ महतो

## पूरे राजकीय सम्मान के साथ हुई अंत्येष्टि

### पार्थिव शरीर को कंधा देते हुए फफक कर रो पड़े मुख्यमंत्री

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पूरे राजकीय सम्मान के साथ शुक्रवार को उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार किया गया। बोकारो जिला के चंद्रपुरा प्रखंड के भंडारीदह के समीप दामोदर नदी घाट पर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू ने पार्थिव शरीर को मुखग्नि दी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत हजारों की संख्या में लोग अंतिम यात्रा में शामिल हुए और उन्हें अंतिम विदाई दी। इससे पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के अलारगो स्थित पैतृक आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिले और शेष पृष्ठ 11 पर



### टाइगर दा ने संघर्ष करना और जीतना सिखाया : हेमंत सोरेन

**जगरनाथ** महतो के पार्थिव शरीर को कंधा देने के बाद ट्वीट कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि टाइगर जगरनाथ दा ने झारखंड और झारखंडियत की रक्षा के संघर्ष में हमेशा साथ निभाया, उसे जीतना सिखाया। झारखंड की माटी के वीर सपूत जगरनाथ महतो अमर रहें। अंतिम यात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए और अंतिम विदाई दी।

### विधानसभा में श्रद्धा सुमन अर्पित कर नम आंखों से दी अंतिम विदाई



दिवंगत शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य सरकार में मंत्री आलमगीर आलम, चंपई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, बन्ना गुप्ता, मिथिलेश कुमार ठाकुर, बादल, हफीजुल हसन, सांसद विजय हांसदा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और पूर्व मुख्यमंत्री तथा विधायक बाबूलाल मरांडी ने पार्थिव शरीर पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा विधायक स्टीफन मरांडी, सरयू राय, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, इरफान अंसारी, सुदिव्य कुमार सोनू, जयमंगल सिंह, मंगल कालिंदी, राजेश कच्छप, दीपिका पांडेय, सविता महतो, पूर्णिमा नीरज सिंह, अंबा प्रसाद, शिल्पी नेहा तिर्की, मनीष जयसवाल और किशुन दास के अलावा विधानसभा के कई अन्य सदस्य गणों, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना डाडेल, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे सहित कई वरीय पदाधिकारी गणों ने दिवंगत जगरनाथ महतो को श्रद्धा सुमन अर्पित कर नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

## NEWS इन ब्रीफ

### आज रांची बंद का आह्वान

**रांची।** सरना झंडा को जलाए जाने के विरोध में पाहन महासभा झारखंड प्रदेश और समस्त आदिवासी मूलवासी संगठनों ने आठ अप्रैल को रांची बंद का आह्वान किया है। बंद की पूर्व संध्या पर अल्बर्ट एक्का चौक पर विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। मौके पर जगदीश पाहन ने कहा कि आदिवासी सरना धर्मावलंबियों के भावना और धर्म के साथ जिन असामाजिक तत्वों ने खिलवाड़ किया है, उस पर अभी तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई है। इसके परिणाम स्वरूप हम सभी आदिवासी सरना धर्मावलंबी पूरी एकजुटता के साथ शनिवार के रांची बंद को शांतिपूर्ण रूप से सफल बनाएंगे।

### सीएम आवास और सचिवालय के आसपास निषेधाज्ञा

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने झारखंड पाहन संघ के शनिवार को रांची बंद और विभिन्न छात्र संगठनों के मुख्यमंत्री आवास घेराव की सूचना के मद्देनजर मुख्यमंत्री आवास व सचिवालय के आसपास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर सदर एसडीओ ने धारा-144 के प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा लागू कर दी है। यह निषेधाज्ञा शनिवार सुबह आठ बजे से रात्रि 11.30 बजे तक के लिए लागू रहेगी।

### राज्य में आज और कल कुछ स्थानों पर बारिश के आसार

**रांची।** राज्य में एक तरफ जहां पारा तेजी से ऊपर जा रहा है, वहीं उसे थामने के लिए बीच में बारिश के हालात भी बन रहे हैं। आज और कल भी कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों के मुताबिक 10 अप्रैल से फिर मौसम साफ हो जाएगा। इधर, पिछले 24 घंटे के दौरान जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो राज्य में सर्वाधिक रहा। डाल्टनगंज, चाईबासा, रामगढ़, सिमडेगा, बोकारो, गढ़वा और देवघर में भी अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा।




## डराने लगा है कोरोना, सरकार एक्टिव

# 10 से मॉक ड्रिल

## राज्यभर में 10-11 अप्रैल को होगी कोरोना मॉक ड्रिल

### राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने वर्तमान हालात पर की चर्चा

### राज्य में कोरोना वैक्सीन की है कमी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से उपलब्ध कराने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश में लगातार बढ़ते कोरोना को लेकर केंद्रीय स्वास्थ मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को देश के 25 राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर राज्यों की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर राज्य में कोरोना के वर्तमान हालात पर चर्चा की। राज्य में कोरोना के 60 सक्रिय मरीज हैं। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह मौजूद थे।

मौके पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि 10 और 11 अप्रैल को राज्यभर में मॉक ड्रिल किया जाएगा। इसके पहले नौ अप्रैल को राज्य के सभी जिलों के उपायुक्तों और सिविल सर्जन के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोरोना की तैयारियों को लेकर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में कोरोना वैक्सीन की कमी है। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से राज्य के लिए वैक्सीन की मांग की गई है। राज्य के चार आरटी-पीसीआर लैब आईसीएमआर से मान्यता के इंतजार में हैं। ऐसे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से लैब को जल्द मान्यता देने का आग्रह किया गया है, ताकि राज्य में जांच की रफ्तार को और व्यापक रूप से बढ़ाया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि राज्यहित के विषय में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से कई बिंदुओं पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि कई राज्यों में कोरोना के मामले बढ़े हैं। ऐसे में झारखंड भी अलर्ट पर है। कोरोना को लेकर जल्द ही नया एसओपी बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग को बेहतर बनाने का प्रयास है। जेनरिक दवाओं के लिए बहुत जल्द ड्रग डायरेक्टर के साथ बैठक करेंगे, ताकि लोगों को सस्ती कीमत पर दवाएं मिल सके। उन्होंने कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री से ब्लड सेपरेशन मशीन की मांग की गयी है। राज्य के 93 विभिन्न सरकारी तथा निजी स्वास्थ्य संस्थानों में कुल 122 पीएसए प्लांट लगाये गए हैं। पीएम केयर के अंतर्गत 38 पीएसए प्लांट स्थापित किए गए हैं। राज्य के स्टेट रिसोर्स से 39 पीएसए प्लांट, जबकि रेलवे से 4, कोल मिनिस्ट्री से 10 तथा निजी स्त्रोतों से 31 पीएसए प्लांट स्थापित किए गए हैं।



#### केंद्र ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कहा -

### कोरोना प्रबंधन की रखें पूरी तैयारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोविड-19 के दोबारा बढ़ रहे मामलों के मद्देनजर केंद्रीय



स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ शुक्रवार को एक बैठक की और उनसे कोविड-19 प्रबंधन को लेकर पूरी तरह तैयार रहने को कहा। वर्चुअल बैठक की अध्यक्षता करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा : कोविड-19 के बचाव और प्रबंधन को लेकर पिछली लहरों के समय हमने जैसा किया था उसी प्रकार इस बार भी केंद्र और राज्य सरकारों को साथ मिलकर काम करते रहना होगा। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन वर्तमान में वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट (वीओआई), एक्सबीबी.1.5 पर बारीकी से नजर रख रहा है। साथ ही छह अन्य वैरिएंट बीक्यू.1, बीए.2.75, सीएच.1.1, एक्सबीबी, एक्सबीएफ और एक्सबीबी.1.16. निगरानी में हैं।

# ईडी की जांच में खुलासा : साहिबगंज में नहीं रुक रहा अवैध खनन का कार्य

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रवर्तन निदेशालय साहिबगंज में हुए अवैध खनन की जांच कर रही है। ईडी की जांच में साहिबगंज में अवैध खनन कारोबार बंद नहीं होने का खुलासा हुआ है। इसे लेकर ईडी ने साहिबगंज जिले के एसपी को कार्रवाई करने के लिए एक पत्र लिखा है। सूत्रों की मानें तो साहिबगंज के मंडरो अंचल स्थित सिवरिया मौजा के नीबू पहाड़ पर प्लॉट नंबर 69पी, 70पी, 71 पी और 73पी में धड़ल्ले से अवैध खनन चल रहा है।

बीते बुधवार और गुरुवार को लगातार दो दिन नये सिरे से ईडी की टीम ने इलाके में जांच की। जांच में ईडी के साथ मंडरो रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर जितेंद्र दुबे, माइनिंग ऑफिसर विभूति कुमार, मंडरो सीओ नरेश मुंडा, राजमहल सब रजिस्टार मनोज टुडू, झारखंड स्टेट पॉल्यूशन बोर्ड के रिजनल ऑफिसर कमलकांत पाठक सहित कई अधिकारी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान पता चला कि खदान उन कई खनन स्थलों में से एक है, जिनका पूर्व में 25 जुलाई 2022 से लेकर 29 जुलाई 2022 की अवधि के दौरान ईडी के अधिकारियों ने निरीक्षण किया था। पूर्व में भी पूछताछ में पुष्टि हुई थी कि इन सभी खनन स्थल अवैध रूप से पंकज मिश्रा और विष्णु कुमार यादव उर्फ छोटू यादव चला रहे हैं। पुलिस ने दिसम्बर 2022 में प्राथमिकी दर्ज की थी।

निरीक्षण करने पर पता चला है कि उक्त अवैध खनन स्थल से अवैध रूप से पत्थर का उठाव किया गया है। ईडी के द्वारा जांच में यह पाया गया कि खदानों में विस्फोट के लिए कई नए छेद बनाए गए थे और उनमें विस्फोटक डाले गए थे। जांच में पता चला कि इन खदानों में रात के समय खनन किया जा रहा था। जांच के दौरान ईडी द्वारा ड्रोन कैमरे की मदद से तस्वीरें ली गईं। इसमें खनन स्थलों को मुख्य सड़कों से जोड़ने वाले भारी वाहनों, उपकरणों के पहियों के ताजा निशान भी दिखाई दे रहे थे।

### साहिबगंज एसपी को ईडी ने कार्रवाई के लिए भेजा पत्र



**साहिबगंज** में एक हजार करोड़ के अवैध खनन में नई कड़ियां जुड़ने लगी हैं। साहिबगंज के नींबू पहाड़ी में अवैध खनन के मामले में साहिबगंज के सदर थाना में दर्ज केस में ईडी की ईसीआईआर के बाद नए सिरे से पंकज मिश्रा व उनके सहयोगी विष्णु यादव उर्फ छोटू यादव पर ईडी का शिकंजा कसा है। जेल में रहते हुए अवैध खनन कराने के मामले में ईडी ने साहिबगंज एसपी अनुरंजन किस्पोट्टा को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि ईडी ने पांच अप्रैल को नींबू पहाड़ी समेत कई जगहों पर अवैध खनन के साक्ष्य पाए हैं। ऐसे में एक दिसम्बर 2022 को दर्ज केस के अनुसंधान में इन तथ्यों को शामिल करें, साथ ही जरूरी कानूनी कार्रवाई करें। दिसम्बर 2022 में विजय हांसदा के बयान पर नीबू पहाड़ी में अवैध खनन का केस दर्ज किया गया था। इस केस में पंकज मिश्रा, विष्णु यादव, पवितर यादव, बच्चा यादव आरोपी हैं।

# बहू ने सास को कुल्हाड़ी से काट डाला

### पुलिस ने बहू को किया गिरफ्तार, कर रही पूछताछ

### किसी बात को लेकर सास-बहू का आपस में हुआ था झगड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

पारिवारिक कलह में एक बहू ने अपनी अपनी सास को गुरुवार की रात कुल्हाड़ी से काट कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने बहू को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के बेंदोरा पंचायत अंतर्गत दतरा गांव में एक परिवार रहता था। जानकारी के अनुसार घर के सभी सदस्य गुरुवार को



साप्ताहिक बाजार गये थे। घर में सिर्फ सास-बहू थे। इसी दौरान दोनों आपस में किसी बात को लेकर झगड़ा कर बैठीं।

इसी बीच बहू ओडिल केरकेट्टा ने घर में रखे बछिला (कुल्हाड़ी) से अपनी सास बिबयानी केरकेट्टा (65) पर हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की जानकारी होते ही आसपास के ग्रामीणों ने घायल बिबयानी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सक ने बिबयानी को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन गुमला ले जाने के दौरान बिबयानी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद शव को वापस गांव लाया गया। दूसरे दिन शुक्रवार को पंचायत के मुखिया सुशील दीपक मिंज ने घटना की सूचना चैनपुर पुलिस को दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की और आरोपित बहू ओडिल केरकेट्टा को गिरफ्तार कर लिया। ओडिल से पुलिस पूछताछ कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया गया है।



### केंद्रीय मंत्री ने राज्यपाल से की मुलाकात

**रांची/नयी दिल्ली।** शुक्रवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर दोनों के मध्य राज्य में जनजातियों के विकास हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में व्यापक चर्चा हुई।

## सीमा सुरक्षा : दो एस-400 भारत की पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात

# देश में ही बनेंगे पांच रूसी एस-400 स्क्वाड्रन

### पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लंबी सीमा की होगी कड़ी निगरानी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस से एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम के पांचों स्क्वाड्रन की आपूर्ति होने के बाद 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन का निर्माण किया जाएगा। अब तक 3 स्क्वाड्रन भारत में आ चुकी है और बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है। दो एस-400 स्क्वाड्रन को भारत की पूर्वी और उत्तरी सीमा पर तैनात किया जा चुका है और तीसरे को तैनात किये जाने की योजना है।



इसके पहले वायुसेना जल्द ही इस रूसी वायु रक्षा प्रणाली से भारत में हवाई लक्ष्य के खिलाफ 'फायरिंग ट्रायल' करेगी।

पूर्व वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आरकेएस भदौरिया ने कहा कि फिलहाल भारत के पास आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एमआरएसएएम) और इजराइली स्पाइडर क्विक रिएक्शन सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है। रूस से भारत को पांच एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 मिल रहे हैं, जिसमें तीन मिल चुके हैं। बाकी दो की डिलीवरी 2024 तक होनी है।

इसके बावजूद पड़ोसी देशों से लगी लगभग 15 हजार किमी. लम्बी सीमा की निगरानी करने के लिहाज से भारत के पास मिसाइल डिफेंस सिस्टम कम हैं, इसलिए भारत ने रूस से पांचों एस-400 की आपूर्ति होने के बाद 'मेक इन इंडिया' योजना के तहत भारत में 5 और एस-400 स्क्वाड्रन का निर्माण किये जाने की योजना है।

### भारत को एयर डिफेंस सिस्टम की थी सख्त जरूरत

**पूर्व** वायु सेना प्रमुख भदौरिया ने कहा कि चीन और पाकिस्तान के खतरे को देखते हुए भारत को रूस में बने इस ताकतवर एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 की बहुत जरूरत थी। भारतीय वायुसेना लगभग तीन साल से चीन सीमा (एलएसी) पर चल रहे गतिरोध के बीच बड़े पैमाने पर वायु रक्षा प्रणाली की जरूरतों को देखते हुए हवाई निगरानी कड़ी करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि भारत चीन के साथ 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है। ये सीमा जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश से होकर गुजरती है। ये सरहद तीन सेक्टरों शेष पृष्ठ 11 पर

# 'आप' को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने की मांग

### 13 अप्रैल तक फैसला दे चुनाव आयोग : कर्नाटक उच्च न्यायालय

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

चार राज्यों में छह प्रतिशत से ज्यादा वोट पाने के बाद भी राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा नहीं दिये जाने से परेशान आम आदमी पार्टी ने कर्नाटक चुनाव से पहले नेशनल पार्टी का दर्जा पाने के लिए कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। जिसमें कहा गया है कि चुनाव आयोग को हर तरह का साक्ष्य देने, रिमाइंडर देने के बाद भी वह आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय दल नहीं बना रहा है। जिस पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने भारत के चुनाव आयोग को आदेश दिया है कि वह 13 अप्रैल या उससे पहले इस बारे में फैसला करे। जस्टिस एम नागप्रसन्ना की बेंच ने याचिका की सुनवाई की।

आप के वरिष्ठ वकील के. दिवाकर ने जस्टिस एम नागप्रसन्ना से कहा कि चुनाव चिन्ह 1968 के चुनाव आदेश के सेक्शन 6(बी) के अनुसार यदि कोई राजनीतिक पार्टी देश के चार राज्यों में छह प्रतिशत से ज्यादा वोट पाती है, तो उसको राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता दी जाएगी। वकील दिवाकर ने यह भी कहा कि चार राज्यों में छह प्रतिशत से ज्यादा वोटों के साथ दिल्ली और पंजाब में आप की सरकार है। इसलिए उसे राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता मिलनी चाहिए। जिसके बाद जस्टिस नागप्रसन्ना ने चुनाव आयोग को कहा कि यदि नियमों के तहत आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया जा सकता है, तो आयोग तुरंत फैसला करे, 13 अप्रैल तक इस बारे में फैसला दे।

# लोस में विपक्ष के नेता अधीर रंजन पहुंचे सिल्ली, कई कार्यक्रम में लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** लोकसभा के विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी एवं रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो शुक्रवार सिल्ली प्रखंड कांग्रेस कार्यालय सिल्ली पहुंचे। सिल्ली में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी देते हुए डॉ राकेश किरण महतो ने बताया कि अधीर रंजन चौधरी दिल्ली से रांची आये और वहां से सड़क मार्ग होते हुए पुरुलिया जिला के अयोध्या हिल के लिए रवाना हो गये। इस क्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नगेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव कार्तिक चन्द्र महतो, जिला महासचिव निशिकांत गोंझू, सोनाहातु प्रमुख विक्टोरिया देवी, सिल्ली प्रखंड पूर्व अध्यक्ष नागेश्वर महतो, सोनाहातु अध्यक्ष अजगुत महतो, राहे प्रखंड अध्यक्ष राज किशोर मुंडा, सोनाहातु प्रखंड ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष जगदीश कुमार महतो, एसटी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राधा माधव सेठ, सिल्ली विधानसभा युवा अध्यक्ष विकास रजक, शिव चरण महतो, परमानंद महतो, प्रकाश मुंडा, पिनाकी बनर्जी, हरिनारायण वेदिया, गुहिराम महतो, लालू कोइरी, मंजूर मोमिन, मनीराम दास, सदानंद सोनार, अजय कुमार महतो, सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित थे। साथ ही झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री टाइगर जगरनाथ महतो जी के निधन पर मौन रख कर शोक जताया।

## मंत्रियों पर कांग्रेस प्रभारी के यूटर्न बयान के पीछे क्या समझौते हुए : दीपक प्रकाश

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को कांग्रेस प्रदेश प्रभारी को उनके ही बयान को लेकर कटघरे में खड़ा किया है। प्रकाश ने कहा कि दो दिन पहले राज्य सरकार में शामिल कांग्रेस के मंत्रियों को विफल बताने वाले कांग्रेस प्रभारी के बयान में यूटर्न क्यों आ गया। उन्होंने कहा कि आखिर दो दिन में मंत्रियों ने राज्य हित में कौन से ऐतिहासिक कार्य कर दिए। इसके कारण प्रभारी की नजरों में वे योग्य और काबिल हो गए और उनके नहीं बदले जाने की बात अविनाश पांडेय ने कर दी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रभारी का आखिर मंत्रियों के साथ क्या आंतरिक समझौता हुआ यह उन्हें सार्वजनिक तौर पर बताना चाहिए। प्रकाश ने कहा कि हेमंत सरकार की तानाशाही में राज्य सरकार के मंत्रियों के खिलाफ बयान देना कांग्रेस प्रभारी को महंगा पड़ा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार में सहभागी है और समर्थन में आंदोलन भी करती है।

# झामुमो कार्यकर्ताओं ने जगरनाथ महतो को दी भावभीनी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत झारखंड मुक्ति मोर्चा के बुढ़ाम में झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री सह झामुमो के कद्दावर नेता स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। टाइगर जगरनाथ महतो अमर रहे, जय जय झारखंड का नारा भी कार्यकताओं द्वारा दिया गया। वही झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने कहा कि जगन्नाथ महतो का हम लोगों के बीच से असमय चले जाने से हम लोगों को अपूरणीय क्षति हुई है। वे झारखंड के एक कद्दावर नेता थे उनकी कमी हम लोगों को हमेशा महसूस होती रहेगी। कमेटी द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, हेमंत कोइरी अनिल बेदिया संतोष साहू, संयुक्त सचिव अजीत कुमार महतो, अशोक कुमार महतो, कार्यालय प्रभारी पांडे महतो, संगठन प्रभारी द्वारिका महतो, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र महतो, वरिष्ठ कार्यकर्ता मधुसूदन महतो, भगीरथ महतो, दशरथ महतो, गोराडीह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सरवन मुंडा, उपेंद्र महतो, फेंकना महतो, मुकेश कुमार महतो, दिलीप कुमार महतो, चैता महतो, मिथुन चंद्र महतो, विनोद कुमार महतो, नागेश्वर महतो, तपन मोदक, दुलाल मोदक, धीरेन महतो, पवन महतो, चंद्रशेखर महतो, अजय महतो, शंभू मुंडा, मोहरम मोमिन, शंकर महतो आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अवैध संबंध के शक में तबाह हुआ पूरा परिवार

# तिहरे हत्याकांड में पति, सास -ससुर सहित चार लोगों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अवैध सबन्ध के शक में झारखण्ड के रामगढ़ का एक पूरा परिवार तबाह हो गया ,अवैध सम्बन्ध के शक में एक महिला को अपने दो मासूम बच्चो के साथ दर्दनाक मौत मिली ,वही इस तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने के आरोप में महिला के पति ,सास - ससुर और देवरानी सलाखों के पीछे पहुच गए।पूरा मामला रामगढ़ के बासल के रहने वाले ममता देवी और उसके दो मासूम बच्चो के निर्मम हत्या से जुड़ा हुआ है। रांची पुलिस ने ठाकुरगांव थाना क्षेत्र के बगदा गांव स्थित जंगल में महिला और उसके दो बच्चो का जला हुआ शव बरामद किए जाने के मामले की गुत्थी सुलझा ली है,इस तिहरे हत्याकांड को महिला के पति वीरेंद्र राम ने अंजाम दिया था , हत्याकांड को अंजाम देने में वीरेंद्र राम ने अपने पिता , मां और भाभी का भी सहयोग लिया था। मामले में तफ्तीश के बाद पुलिस ने मामले मृतक के महिला मामला के पति बिरेंद्र राम, ससुर कमल राम, सास कौशीला देवी और गोतनी रीना देवी को गिरफ्तार कर लिया है। रांची के ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शुक्रवार को पूरे मामले का खुलाशा प्रेस कांफ्रेंस में किया।रूरल एसपी के अनुसार आरोपी पति बिरेंद्र को संदेह था कि उसकी पत्नी ममता का किसी दूसरे व्यक्ति के साथ अवैध संबंध है।इसके बाद पूरे परिवार ने मिलकर ममता को ठिकाने लगाने की योजना बना ली ,तीन अप्रैल की रात वीरेंद्र ने अपने माँ - बाप और भाभी के साथ मिलकर गला दबा कर ममता की हत्या कर दी। जिस समय ममता का गला दबाया जा रहा था उस दौरान उसके बड़े बेटे 08 वर्षीय आर्यन और 04 वर्षीय अंश जाग ,जब वह अपनी मां को इस हाल में देख कर रोने लगे तो राजकुमारी के डर से दोनों बच्चों को भी मार डाला गया। हत्या के बाद वीरेंद्र ने तीनों का शव अपने बाइक से बोरे में बंद कर ठाकुरगांव के बगदा गांव स्थित जंगल में ले गया और किरोसिन और सूखे पत्ते से तीनों शवों को जला दिया। इसके बाद बिरेंद्र वहां से फरार हो गया। गौरतलब है कि रांची के ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के बागदा घाटी से जले हुए अवस्था मे बरामद पांच अप्रैल को बरामद किया गया था। तीनो मृतक झारखण्ड के रामगढ़ जिले के बासल के रहने वाले है। मृतकों में मां ममता देवी और उसके दो बच्चे आर्यन और यंश शामिल है। मृतक ममता देवी के पति बिरेंद्र को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

# जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर को नम आंखों से दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। ओरमांझी**
एन एच 20शास्त्री चौक ओरमांझी के समीप शिक्षा मंत्री स्वर्गीय जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दिया। इस दौरान पुर्व सांसद रामटहल चौधरी के समर्थको ने भी श्रद्धांजलि अर्पित किया। शुक्रवार को पुर्व सांसद रामटहल चौधरी के नेतृत्व में लोगो ने शास्त्री चौक ओरमांझी मे जमा हो गये और टाइगर जगरनाथ महतो का पार्थिक शरीर शास्त्री चौक पहुंचा तो उनके चाहने वालों ने टाइगर जगरनाथ महतो अमर रहे अमर रहे ,जब तक चांद सूरज रहेगातब तक टाइगर जगरनाथ महतो का नाम रहेगा जैसे नारे लगाते हुए उनके पार्थिक शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके चरणों में फूलों का गुच्छा समर्पित किया। अपने दिवांगत नेता टाइगर जगरनाथ महतो को श्रधांजलि देने के दौरान लोगों के हाथों में तिरंगा लिए हुए थे। लोगों ने दिवांगत नेता टाइगर जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर विदा किया। पार्थिव शरीर को विदा करने के उपरांत लोगों ने लाल बहादुर शास्त्री के प्रतिमा के समीप उनके आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुर्व सांसद रामटहल चौधरी, आरटीसी कॉलेज के निर्देशक डॉ0 पारसनाथ महतो , अब्दुल कुद्दुश अंसारी, रणधीर चौधरी, बालक पाहन, पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार, धनी लाल महतो, आफताब आलम, हरी मोहन महतो ,सजंय तिर्की,रामवृक्ष महतो, मोहसीनआलम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# आज छात्र संगठन करेंगे मुख्यमंत्री के आवास का घेराव



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्राप्त सूचनानुसार छात्र संगठनों / अभ्यर्थियों द्वारा शनिवार को मुख्यमंत्री, झारखण्ड सरकार के आवास का घेराव किये जाने की सूचना है। शनिवार को झारखण्ड पाहन महासंघ, रांची द्वारा रांची बंद का आह्वान किया गया है। उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी, राँची एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची के संयुक्तादेश (ज्ञापांक 708 /वि०व्य0 06.04.2023) में निहित निर्देश के आलोक में मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिकोण से अनुमंडल दण्डाधिकारी, सदर, रांची द्वारा दं०प्र०सं० की धारा 144 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्यमंत्री आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में निम्न प्रकार की निषेधाज्ञा की गई है : 1- उक्त क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना। (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों एवं धार्मिक तथा अंत्येष्टि कार्यक्रम को छोड़कर)। 2- किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे- बंदुक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। 3- किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों / कर्मचारियों को छोड़कर)। 4- किसी प्रकार का धरना, प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना। 5- किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना (सरकारी कार्य में लगे पदाधिकारियों तथा कर्मचारियों को छोड़कर)।

## प्रखर व जन प्रिय नेता को झारखंड ने खोया : पुष्कर

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आज विधानसभा परिसर में शिक्षा मंत्री एवं झारखंड आंदोलनकारी जगरनाथ महतो उर्फ टाइगर को पुष्प चक्र भेंट कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जगरनाथ महतो के सम्मान में जगरनाथ महतो अमर रहे एवं जब तक सूरज चांद रहेगा जगरनाथ महतो का नाम रहेगा नारा बुलंद किया गया। इस अवसर पर झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो संयोजक भुनेश्वर केवट इजहार राही अभय कुमार राजीव लोचन कुशवाहा प्रमुख थे। मौके पर पुष्कर महतो ने कहा कि जगरनाथ महतो के रूप में झारखंड आंदोलनकारियों ने शहीद निर्मल महतो टेकलाल महतो शिवा महतो के बाद एक आंदोलनकारी नेता खो दिया है ,जिसकी भरपाई निकट भविष्य में कर पाना मुश्किल है। जगरनाथ महतो माय माटी के सवाल को लेकर झारखंड के एक प्रखर व जन प्रिय नेता थे।

# भाजपा एसटी मोर्चा के मेधावी उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। नामकुम** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा कि ओर शुक्रवार को मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष रमेश लकड़ा की अध्यक्षता में हहाप सरवल में बैठक मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि में उपस्थित पूर्व विधायक रामकुमार पाहन द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ नागरिकों सम्मानित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए रामकुमार ने कहा कि भाजपा द्वारा 11 अप्रैल को झारखण्ड के सचिवालय घेराव कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मोर्चा की ओर से अधिक से अधिक कार्यकर्ता शामिल होने चर्चा की गई। इस मौके पर भाजपा खिजरी अध्यक्ष अशोक मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह, कार्यक्रम प्रभारी नरेश साहू, गोरखनाथ सिंह, रमेश मुंडा, सोहराई पाहन, तुलसी गोप, दिलीप साहू, तुलसी हरी मुंडा, अनिल लकड़ा, सुदर्शन गंझू एवं सुरेश महतो उपस्थित थे।

**सम्मानित किए जाने वाले का नाम** : अनीशा लकरा, अंजना लकड़ा, रक्तिमा लकड़ा, संतोषी मुंडा, सुष्मिता लकड़ा, अभिषेक महली, ममता तिग्गा, सुकरा मुंडा, चमरा मुंडा, मानकी मुंडा, गणेश मुंडा, चमर सिंह मुंडा, रमेश मुंडा, सुरेश महतो, सुदर्शन गंजू, सोहराई पहन, तुलसी हरी मुंडा इत्यादि।

## शिक्षा मंत्री के अंतिम संस्कार में शामिल हुए झारखंड कांग्रेस प्रभारी

**रांची।** राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के अंतिम संस्कार कार्यक्रम में झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे भी शामिल हुए। शुक्रवार को झारखंड कांग्रेस प्रभारी पांडे महतो ने दिवंगत जगन्नाथ महतो के पुत्र और अन्य परिवारजनों से मिलकर उन्हें इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाया और संवेदना व्यक्त की। उनके साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, उमाशंकर अकेला, रामचंद्र सिंह, पूर्व मंत्री केशव महतो, कमलेश, सोशल मीडिया के इंचार्ज गजेंद्र सिंह मौजूद थे। इससे पूर्व झामुमो कार्यालय पहुंचकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने दिवंगत शिक्षा मंत्री के पार्थिव शरीर को नमन किया और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

**प्रार्थना** | गुड फ्राइडे पर विभिन चर्चों में की गयी विशेष प्रार्थनाएं

# प्रभु यीशु के रास्ते पर चलकर होगा कल्याण



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
खूंटी के संत मिखाइल चर्च परिसर में शुक्रवार को गुड फ्राइडे की विशेष प्रार्थनाएं हुई । खूंटी के युवक संघ द्वारा प्रभु यीशु के कलवारी पहाड़ की शोकमयी क्रूस रास्ता की यात्रा को एकांकी के तौर पर दशार्या गया। बच्चे, वृद्ध महिला युवा सभी क्रूस रास्ता की प्रार्थना में शोकाकुल वातावरण में भक्तिभाव के साथ 14 स्थान की स्मृति में अपने पापों के लिए प्रायश्चित करते हुए विशेष पूजा अर्चना की। इस दिन को मनाने की शुरूआत गुड फ्राइडे से लगभग 40 दिन पहले होती है। ऐसी मान्यता है कि गुड फ्राइडे के दिन ही प्रभु यीशु को शारीरिक यातनाएं देने के बाद सूली पर चढ़ाया दिया गया था। इसलिए इस फेस्टिवल को शोक दिवस के रूप में मनाया जाता है। बाइबिल में लिखा गया है कि लगभग 2 हजार साल पहले यरुशलम के गैलिली प्रांत में ईसा लोगों को अहिंसा का उपदेश देते थे। वहां के लोग उनके उपदेशों से प्रभावित हो रहे थे और लोगों ने ईश्वर पर विश्वास करना शुरू कर दिया था। ये बात वहां के धर्मगुरुओं को पसंद नहीं आ रही थी। इसके बाद ही उन्होंने ईसा की झूठी शिकायत रोम के शासक पिलातुस से कर दी थी। पिलातुस को किसी को भी सजा देने का हक था। धर्मगुरुओं और कट्टरपंथियों ने ईसा को पिलातुस के सामने दोषी साबित कर दिया और ईसा पर धर्म की अवमानना के साथ राजद्रोह का आरोप लगाया गया। सजा के तौर पर ईसा मसीह को क्रूस पर मृत्यु दंड देने का फरमान पिलातुस ने सुनाया। मृत्यु दंड देने से पहले ईसा मसीह को कई बार शारीरिक यातनाएं दी गईं। कोड़ें-चाबुक से उनको मारा गया। कांटे चुभाए गए। हाथ-पैर में कील ठोकी गई। उसके बाद उन्हें सूली पर लटका दिया गया। कहा जाता है कि जिस दिन ईसा मसीह को सूली पर लटकाया गया वो शुक्रवार यानी फ्राइडे का दिन था। इसलिए ईसा को याद करते हुए गुड फ्राइडे मनाया जाता है। बाइबिल में कहा गया है कि फ्राइडे से लेकर शनिवार की मध्यरात्रि तक 3 दिन कब्र में रहने के बाद ईस्टर संडे के दिन ईसा मसीह पुनर्जीवित हो गए थे। गुड फ्राइडे के दिन सभी अनुयायी चर्च में प्रभु यीशु को याद करते हैं। गुड फ्राइडे को चर्च में विशेष प्रार्थनाएं आयोजित की जाती है। गुड फ्राइडे की विशेष प्रार्थना सभा मे खूंटी डायसिस के बिशप विनय कंडुलना, फादर विशु बैंजामिन, बैनेदिक बारला, जेवियर बोदरा, पीटर मुंडू आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने जगरनाथ महतो को दी श्रद्धांजलि

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत झारखंड मुक्ति मोर्चा के बुढ़ाम में झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री सह झामुमो के कद्दावर नेता स्वर्गीय जगन्नाथ महतो के चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। टाइगर जगरनाथ महतो अमर रहे, जय जय झारखंड का नारा भी कार्यकताओं द्वारा दिया गया। वही झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका ने कहा कि जगन्नाथ महतो का हम लोगों के बीच से असमय चले जाने से हम लोगों को अपूरणीय क्षति हुई है। वे झारखंड के एक कद्दावर नेता थे उनकी कमी हम लोगों को हमेशा महसूस होती रहेगी। कमेटी द्वारा सच्ची श्रद्धांजलि एवं उनकी आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। मौके पर झामुमो सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, उपाध्यक्ष अमित कुमार महतो, हेमंत कोइरी अनिल बेदिया संतोष साहू, शंकर महतो आदि सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रसाद का किया गया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर गोल्डन स्टार क्लब,रातु रोड रांची के तत्वावधान में रातु रोड कब्रस्थान के निकट पूरी, घुगुनी, हलुवा आदि प्रसाद भगवान जी पर भोग लगाकर आम जनता के बीच बांटी गई। भोगलगा प्रसाद का वितरण रात्रि 07 बजे से 11 बजे रात्रि तक हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री गणेश भगवान एवं श्री हनुमान भगवान जी की पूजा अर्चना करके हुई। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं समाजसेवी राजकिशोर राणा, ऋषिकेश लाल, जयदीप सहाय मौजूद थे। श्री शर्मा ने इस प्रकार के श्रद्धा एवं पुण्य कार्य के लिए गोल्डन स्टार क्लब के सभी पदाधिकारियों को बधाई दी एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से क्लब के संरक्षक प्रेम चौधरी, रोशन चौधरी, राकेश चौधरी, अध्यक्ष शुभम चौधरी, उपाध्यक्ष राहुल चौधरी, कोषाध्यक्ष बाके कुमार एवं क्लब के सभी कार्यकर्तागण ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# जगरनाथ दा सचमुच अंतिम समय में टाइगर की तरह जीये : स्पीकर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रविन्द्र नाथ महतो ने शुक्रवार को दिवंगत शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो को नम आंखों से श्रंद्धाजलि दी। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में टाइगर के नाम से प्रसिद्ध जगरनाथ दा सचमुच अंतिम समय मे टाइगर की तरह जीये। भगवान उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दे। जगरनाथ दा जनप्रिय नेता थे। उनका इस तरह से चले जाना काफी पीड़ादायक है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन के समय से ही जगरनाथ महतो के साथ उनके बहुत आत्मीय संबंध थे। राज्य के विकास को लेकर हमेशा चिंतित रहते थे। विपक्ष में रहते हुए उन्होंने ऐसे मामले सदन में उठाए थे जो सीधे तौर पर झारखंड के जनमानस से जुड़ा हुआ था। पारा शिक्षकों को कैसे सम्मान मिले इसको लेकर उन्होंने आंदोलन किया था। जब सरकार में आये और उन्हें राज्य के शिक्षा मंत्री का दायित्व मिला तो उन्होंने सबसे पहले पारा शिक्षकों के समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। झारखंड के युवाओं को कैसे रोजगार मिले, इसपर भी उनकी गहरी चिंता थी। कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि जगरनाथ दा का जीवन दलितों शोषितों पीड़ितों के उत्थान को समर्पित था। वे एक ऐसे जनप्रिय नेता थे जिनके पास दलगत भावना से ऊपर उठकर लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचते थे। उनका व्यक्तित्व ऐसा था कि वे कभी यह नहीं देखते थे कि उनके समक्ष आया व्यक्ति किस दल या विचारधारा का है। सबकी सुनते थे और उसका तत्काल निदान करते थे।

## जगरनाथ महतो के निधन पर शोक जताया

**रांची।** केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री और कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने झारखंड के शिक्षामंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा है कि जगरनाथ महतो का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक और झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि जगरनाथ महतो के साथ झारखंड विधानसभा के सदस्य के तौर पर लम्बे अरसे तक काम करने का अवसर मिला। जनहित के कई मुद्दों पर हमने साथ-साथ संघर्ष किया। हाल के दिनों में राज्य के शैक्षणिक विकास के लिए उनके साथ कई बार लम्बा विमर्श हुआ। कुछ बिंदुओं पर हम मिलकर काम करना चाहते थे। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि जब भी गरीबों, वंचितों, शोषितों, पिछड़ों के हितों की बात आई, बगैर किसी दलीय पूर्वाग्रह के जगरनाथ महतो साथ खड़े हुए। राज्य में शिक्षा व्यवस्था में सुधार का प्रश्न हो, सुदूरवर्ती क्षेत्रों में नए विद्यालयों की स्थापना या शिक्षा जगत से जुड़ा कोई अन्य विषय हो, जगरनाथ जी सदैव मुखर रहे।

# राजयोग आरोग्य का मूल आधार है : निर्मला



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजयोग आरोग्य का मूल आधार है। शरीर के रोग का मूल कारण मन की स्थिति है। मन के उदास व हताश हो जाने से पूरे शरीर में दुर्बलता दिखायी देती है। मन में यदि सद्विचारों की सद्भावना हो तो गमों के दौर में भी आदमी मुस्कुरा के जी लेता है और प्रभु स्मरण से फिर अच्छा स्वास्थ्य प्राप्त कर लेता है। ये उद्गार शुक्रवार को यहां विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सुस्वास्थ्य जीवन के लिए राजयोग कार्यक्रम में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी निर्मला बहन ने अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा ऐसा मानना कि जीवन में थोड़ा तनाव आवश्यक है लेकिन आदमी अपना कर्म कभी भी गलत नहीं कर सकता है। तनाव मुक्त जीवन ही अधिक कार्यशील होता है। बड़े अरमानों से भगवान ने मनुश्य शरीर को एक कलाकार की भांति बनाया है। मनुश्य की चेहरे पर चिंता की लकीरें अच्छी नहीं लगती हैं। भगवान अब भाग्य की लकीरें खींचने धरा पर आये हैं और मानव को राजयोग की औसधि द्वारा सम्पूर्ण निरोगी बना रहे हैं। अब वही समय आने वाला है जब हम सब सम्पूर्ण स्वास्थ्य और सुखी होगें। ज्ञातव्य हो कि ईश्वरीय विश्वविद्यालय ब्रह्माकुमारी केन्द्र चैधरी बगान, हरमू रोड, रांची में राजयोग का प्रषिक्षण प्रातः 7.30 से 10.30 बजे तक एवं संध्या 4.00 बजे से 6.30 बजे तक प्रतिदिन निःशुल्क दिया जाता है।

## अदालत की खबरें

### हाई कोर्ट ने जैक के आदेश को किया रद्द

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट में शुक्रवार को राज्य सरकार की ओर से स्थापना अनुमति प्राप्त हाई स्कूल, करंज, भरनो (गुमला) की मान्यता वर्ष 2018 में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) के रद्द किए जाने के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने जैक की ओर से करंज, हाई स्कूल, भरनो की स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय की मान्यता रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया। दरअसल, जैक के आदेश को मैनेजिंग कमेटी हाई स्कूल, करंज, भरनो के सचिव ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने कोर्ट को बताया कि जैक ने डीसी को तीन सदस्य वाली कमेटी गठित करने के लिए पावर दिया गया था। इस कमेटी में सीओओ, भरनो के अलावा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी एवं बाल विकास परियोजना पदाधिकारी शामिल थे, जिन्हें सभी स्थापना अनुमति प्राप्त स्कूलों की जांच करनी थी। तीन सदस्य कमेटी के बजाय मात्र एक सदस्य की कमेटी, जिसमें प्रखंड कल्याण पदाधिकारी थे, उन्होंने स्थापना अनुमति प्राप्त स्कूल की जांच की। कोर्ट ने इस जांच को सही नहीं ठहराते हुए जैक के स्थापना अनुमति प्राप्त हाई स्कूल, करंज की मान्यता रद्द करने के आदेश को निरस्त कर दिया। साथ ही इस हाई स्कूल को फिर से स्थापना अनुमति प्राप्त विद्यालय बहाल करने का निर्देश जैक को दिया है।

### हाई कोर्ट का दाहू की याचिका पर ईडी को नोटिस

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में शुक्रवार को 1000 करोड़ रुपये के अवैध खनन मामले से जुड़े पंकज मिश्रा के सहयोगी राजेश यादव उर्फ दाहू यादव की याचिका पर सुनवाई हुई। हाई कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने का नोटिस जारी किया। अगली सुनवाई 13 अप्रैल को होगी। दाहू यादव एवं अन्य के खिलाफ ईडी ने ईसीआईआर 4/2022 के तहत मामला दर्ज किया है। दाहू यादव ने ईडी कोर्ट के गिरफ्तारी और कुर्की वारंट को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। ईडी कोर्ट ने 30 अप्रैल को दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की संपत्ति कुर्क करने के लिए वारंट जारी किया है। दाहू यादव पहली बार 18 जुलाई 2022 को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर हुआ था। बाद में ईडी पंकज मिश्रा और उसे आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करना चाहती थी। इसके लिए उसे समन भेजा गया , लेकिन दाहू यादव ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुआ।

# जुमा की नमाज अदा की गयी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

शुक्रवार को राज्य भर के मस्जिदों में रमजान महीने के तीसरे जुम्मे पर नमाज अदा की गयी। दोपहर एक बजे रांची के जामा मस्जिद, चांदनी मस्जिद, रंगसाद मस्जिद, मस्जिदें रजा मस्जिद, एकरा मस्जिद में हजारों मुसलमानों ने एक साथ नमाज अदा की। सुख- शांति की कामना की। इस दौरान चांदनी मस्जिद के इमाम उमर फारुख हाशमी ने कहा कि सभी मुसलमान भाई देश में अमन चैन और शांति बना कर अल्लाह से दुआ मांगें। गरीब लोगों की सेवा करें। अस्वस्थ व्यक्तियों के लिए भी अल्लाह से दुआ मांगें। मस्जिद ए राजा मस्जिद के अख्तर रांचवी ने कहा कि कठिन हालात में भी मुसलमान भाई मस्जिद में सिर झुकाकर नमाज अदा करें। नूर मस्जिद के सदर रजब अली ने सभी लोगों की सलामती की दुआ मांगी। माहे रमजान का महीना बहुत ही मुतर्बरक का महीना है। इसी माह में मोहम्मद (स.) पर कुरआन नाजिल हुई। इसी माह में मुर्दों को गुनाहों से तलाफी मिलती है। हदीसों में आया है कि जो लोग रमजान के महीने में कसरत से इबादत करते हैं अल्लाह उसकी गुनाह माफ कर देते हैं और रिज्क में इजाफा करते हैं। हर मुसलमान को चाहिए कि अपने और दूसरों के लिए दुआ करें चाहे वह किसी भी जाता और धर्म का क्यों न संबंध रखता हो। इस्लाम किसी भी मजबह से नफरत करना नहीं सिखाता है, वह भी हम से अलग नहीं हैं। आप उसकी इज्जत करें चाहे हो किसी भी धर्म का हो। इस्लाम सभी से मुहब्बत करना और मुहब्बत का पैगाम देता है। अगर कोई जात या धर्म में उन्माद फैलाता हो वह हम से नहीं है। उसे कभी भी अल्लाह माफ नहीं करता है। चाहे वह कोई भी हो।

# मिड डे मील का ऑडिट कराना चुनौती से कम नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्र सरकार के दिए निर्देश के बाद जिलों के सरकारी स्कूलों में चल रहे मिड डे मील (इसे अब पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना कहा जाता है) का ऑडिट कराया जाना है। यह ऑडिट वित्तीय वर्ष 2018-2019 से 2020-2021 तक कराया जाना है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने जब ऑडिट काम शुरू कराया, तो काफी चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। अभी भी 13,405 स्कूलों का ऑडिट नहीं हो पाया है। यह स्थिति 3 अप्रैल तक की है। स्थिति को देखते हुए शिक्षा विभाग ने ऑडिट काम पूरा करने के लिए 15 अप्रैल तिथि तय की है। महज 12 दिन में बचे स्कूलों का ऑडिट कराया जाना एक चुनौती से कम नहीं है।

रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के सात जिले मिड डे मील योजना के ऑडिट कराने में पूरी तरह से पीछे हैं। ये जिले पलामू, चतरा, गिरिडीह, गढ़वा, गुमला, देवघर और दुमका हैं। इन जिलों में ऑडिट का काम केवल 39 से 47 प्रतिशत ही हो पाया है। रिपोर्ट के मुताबिक, राज्य के 22 जिलों में कुल 32,611 स्कूलों में चल रहे मिड डे मील योजना का ऑडिट कराया जाना है। अभी तक केवल 19206 स्कूलों का ऑडिट हो पाया है। यह कुल स्कूलों का महज 59 प्रतिशत है। अभी भी 13,405 स्कूलों का ऑडिट कराया जाना है। सबसे बेहतर स्थिति पाकुड़ जिले की है। यहां महज 16 स्कूलों का ऑडिट कराया जाना बाकी है। विभाग ने अपनी रिपोर्ट में जिलावार तीन कोटि में बांट कर आंकड़ा जारी किया है।

# हेमंत सरकार ने अब तक विकास का काम नहीं किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय मंत्री सह रांची की मेयर डा. आशा लकड़ा ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने अब तक विकास का कोई काम नहीं किया। झामुमो-कांग्रेस गठबंधन की इस सरकार ने घोटालों में ही अपना नाम दर्ज किया है। मनरेगा, नल-जल योजना, मध्याह्न भोजन योजना, गरीबों का अनाज हो या स्वास्थ्य के क्षेत्र में दवाओं की खरीद, इन सभी योजनाओं की जांच की जाए तो घोटाला ही घोटाला नजर आएगा। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि राजधानी में पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में शुरू की गई योजनाओं को हेमंत सोरेन की सरकार अपनी उपलब्धि बता रही है। कांटाटोली फ्लाईओवर हो या रातू रोड का एलिवेटेड रोड, सिरमटोली से मेकॉन तक ब्रिज निर्माण की योजना हो या जेल चौक स्थित बिरसा मुंडा पार्क, इसकी तैयारी पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के कार्यकाल में ही की गई थी। जयपाल सिंह स्टेडियम, स्मार्ट सिटी, चौक-चौराहों का चौड़ीकरण व सुंदरीकरण भी रघुवर सरकार की ही देन है।

# कुड़मियों का तीसरे दिन भी आंदोलन जारी, कई ट्रेनें रद्द



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खड़गपुर-टाटानगर रेल खंड के खेमाशुलि स्टेशन और आद्रा-चांडिल रेल खंड के कुस्तौर स्टेशन पर आदिवासी कुड़मी समाज के अनिश्चितकालीन रेल चक्का जाम के तीसरे दिन शुक्रवार को भी 12 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। रेल मंत्रालय ने ट्रेन संख्या 02832/02831 भुवनेश्वर-धनबाद-भुवनेश्वर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के फेरों में वृद्धि एवं परिचालन अवधि में विस्तार किया है। इन ट्रेनों की समय सारणी, ठहराव एवं कोच संयोजन पहले के तरह रहेंगे। ट्रेन संख्या 02832 भुवनेश्वर-धनबाद स्पेशल ट्रेन 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन भुवनेश्वर से प्रस्थान करेगी। ट्रेन संख्या 02831 धनबाद झ भुवनेश्वर स्पेशल ट्रेन 11अप्रैल से एक जून तक प्रतिदिन धनबाद से चलेगी।

**ये ट्रेनें आज रद्द हैं :** ट्रेन संख्या 18085 खड़गपुर झ रांची मेमू एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 18086 रांची झ खड़गपुर मेमू एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 08695 बोकारो स्टील सिटी-रांची पैसेंजर स्पेशल ट्रेन 8 अप्रैल को भी रद्द रहेगी। ट्रेन संख्या 08696 रांची-बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर। ट्रेन संख्या 18036 हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 18035 खड़गपुर झ हटिया एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 22823 भुवनेश्वर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस। ट्रेन संख्या 18009 संतरागाछी-अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 12875 पुरी-आनंद विहार एक्सप्रेस ट्रेन । ट्रेन संख्या 12876 आनंद विहार-पुरी एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 18615 हावड़ा- हटिया क्रियायोग एक्सप्रेस ट्रेन। ट्रेन संख्या 18616 हटिया-हावड़ा क्रियायोग एक्सप्रेस ट्रेन। उल्लेखनीय है कि कुड़मी समाज के आंदोलन के कारण गुरुवार को भी 84 ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट कर दिया गया था।

## शादी पर अब नहीं है धर्म की बंदिश

**रांची।** रांची में पिछले 7 वर्षों में 6544 युवक और युवतियों ने जाति-धर्म और ऊंच नीच का बंधन तोड़कर शादियां की। ये शादियां स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत हुई हैं, जिसका रजिस्ट्रेशन भी हुआ है। स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अलग-अलग धर्म के लड़के व लड़कियां शादी कर सकते हैं। स्पेशल मैरिज एक्ट को विस्तार से समझें तो, लड़का यदि हिंदू धर्म का है वह किसी दूसरे धर्म यानी मुस्लिम या इसाई लड़की से शादी कर सकता है। इसी तरह कोई हिंदू लड़की दूसरे धर्म के यानी मुस्लिम या इसाई लड़के से शादी कर सकती है। ऐसी शादियों का रजिस्ट्रेशन जिला निबंधन कार्यालय या मैरिज ऑफिसर के कार्यालय में हो सकता है। स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत भारतीय नागरिक विदेशी नागरिकों से भी शादी कर सकते हैं। साथ ही ऐसी शादियों के लिए किसी पंडित, पादरी, मौलवी या ग्रंथी की जरूरत नहीं है।

## प्रथम वर्षगांठ पर हुआ आशीर्वाद कार्यक्रम

# भंडारे में एक लाख दस हजार से भी अधिक लोगों ने किया भोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पुरुलिया रोड स्थित स्वर्ण भूमि बैंकट हॉल के बगल में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के तत्वावधान में संचालित एवं स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व. शारदा देवी नारसरिया की स्मृति में उनके परिवार के सौजन्य से अन्नपूर्णा भोजन सेवा के 1 वर्ष पूरे हुए। इस अन्नपूर्णा सेवा केंद्र के प्रथम वर्षगांठ पर एक आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. सत्यनारायण नारसरिया एवं स्व.शारदा देवी नारसरिया के फोटो पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। तत्पश्चात अन्नपूर्णा सेवा मे 1 वर्ष से भोजन बनाने वाले सभी 5 सेवादारों को पुष्प गुच्छ एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात स्वर्ण भूमि हॉल मे आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन एवं नारसरिया परिवार को जनसेवा के पुनीत कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की एवं अन्नपूर्णा सेवा के प्रथम वर्षगांठ पर बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज की सेवा में यथासंभव योगदान देना चाहिए नर सेवा नारायण सेवा है। मारवाड़ी सम्मेलन बहुत अच्छा कार्य कर रहा है। उन्होंने अन्नपूर्णा सेवा अन्य जगहों मे भी चालू कराने का आग्रह किया तथा अपनी ओर से हर संभव सहयोग देने का वचन दिया। चिन्मय मिशन रांची के आचार्य स्वामी परिपूणार्नंद जी महाराज ने अन्नपूर्णा सेवा की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज में त्याग की भावना को बढ़ाना हमारा संस्कृति भावना है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सदर अस्पताल में जागरूकता शिविर

**रांची।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सदर अस्पताल खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे उत्तम धन है। आज के परिवेश में स्वस्थ रहना अपने आप में चुनौती है कि हम सब अपने लिए समय निकालें और स्वस्थ रहते हुए अपने कार्यों को पूरा करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इसलिए हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना होगा, तभी हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। पैनल अधिवक्ता मदन मोहन राम ने कहा कि स्वच्छता ही स्वस्थ रहने का आधार है। कार्यक्रम में डालसा के डिप्टी चीफ अमृता कुमारी, पैनल अधिवक्ता, पीएलवी अंजू कच्छप, देवराज कुमार भगत, जॉर्ज कांस्टेंट धान के अलावा अस्पताल डॉक्टर और कर्मचारी उपस्थित थे।

**बंद** | नियोजन नीति के खिलाफ 10 अप्रैल को बंद

# कई छात्र संगठनों ने किया समर्थन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में नई नियोजन नीति और 60-40 (क) के विरोध में झारखंड के विभिन्न छात्र संगठनों ने 10 अप्रैल को झारखंड बंद बुलाया है। भाजपा और खासकर भाजयुमो ने छात्रों के इस बंद का समर्थन किया है। वहीं, अब झारखंड यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज ने भी नियोजन नीति को लेकर छात्रों के प्रस्तावित झारखंड बंद का नैतिक समर्थन देने की बात कही है। छात्रों के झारखंड बंद को लेकर युवा कांग्रेस के रुख को लेकर पूछे गए सवाल पर झारखंड यूथ कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि वह उन युवाओं के साथ है और उनके मुद्दों का समर्थन करते हैं। झारखंड कांग्रेस के यूथ अध्यक्ष ने कहा कि अभी तक झारखंड बंद कराने वालों ने उनसे संपर्क नहीं किया है। अगर वे उनसे संपर्क करते हैं तो हर यूथ कांग्रेस का कार्यकर्ता उनके आंदोलन में सशरीर उपस्थित होगा। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष ने कहा कि वे सिर्फ बोलकर समर्थन नहीं करते बल्कि नैतिक समर्थन भी करते हैं। झारखंड कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में यूथ कांग्रेस की बैठक संपन्न हो हुई। इस बैठक में प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अभिजीत राज ने कहा कि उनके नेता राहुल गांधी ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट आने के बाद देश के 140 करोड़ जनता की आवाज बनकर सवाल पूछा तो केंद्र की भाजपा सरकार उन्हें प्रताड़ित करने लगी। यूथ कांग्रेस ने कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से राहुल गांधी के उठाये सवाल को जोरदार ढंग से उठाते रहने का फैसला लिया गया है। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ युवा कांग्रेस ने हाल ही में सभी टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया था। इसके बाद अब आने वाले दिनों में भी युवा कांग्रेस राहुल गांधी के उठाये सवाल को जनता के बीच ले जाएगी। नियोजन नीति और 60-40 के विरोध में बुलाये गए झारखंड बंद को युवा कांग्रेस के सशर्त समर्थन वाला बयान इसलिए खास है क्योंकि राज्य में महागठबंधन की सरकार में कांग्रेस शामिल है। भाजपा तथा भाजयुमो ने भी छात्रों के आंदोलन को समर्थन देने की पहले से ही घोषणा कर रखी है। ऐसे में युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का बयान चर्चा में है।

## सरना झंडा जलाना दुःखद, दोषियों पर कार्रवाई हो : राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि सरना झंडा को जलाने की बात आ सामने आ रही है जो घोर निंदनीय है। प्रसाद ने यह भी कहा कि झारखंड के मूलवासी सदान और आदिवासी भाई के तरह आपसी भाईचारा के साथ रहते आ रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी हरकत तो मूलवासी सदान कभी नहीं करेंगें। श्री प्रसाद ने कहा कि इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों के ऊपर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सरकार से करने की मांग की है। प्रसाद ने कहा इसकी जांच आवश्यक है,ये कौन लोग हैं जो राज्य के माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं। समाज में कुछ ऐसे लोगा पैदा होते हैं जो आपसी मतभेद फैलाने के सवा उनका और कुछ दूसर काम नहीं है। वैसे लोग हमेशा शांति का भंग करना चाहते हैं। वैसे लोगों को भी नहीं बख्शना चाहिए। उसे कड़ी सजा देकर समाज से काट देना चाहिए।

# फुटबॉल सेंटर ऑफ एक्सेलेंस के लिए आज से शुरू होगी चयन प्रक्रिया



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

खेल प्राधिकरण रांची के तत्वावधान में नवसृजित सेंटर फॉर एक्सेलेंस फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र (एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र) के लिए बालक एवं बालिका वर्ग के 16 वर्ष से 22 वर्ष तक के खिलाड़ियों का चयन आठ अप्रैल से 29 अप्रैल तक राज्य में चलेगा। प्रथम चरण राज्य के 5 जिला मुख्यालयों में आयोजित होगी, जो गुमला से प्रारंभ होकर 29 अप्रैल को रांची में समाप्त होगी। इसमें खिलाड़ियों का बैट्री टेस्ट एवं स्किल टेस्ट किया जाएगा। आठ और नौ अप्रैल-संत इग्नासियुस हाई स्कूल- गुमला, 12-13 अप्रैल-एसोसियेशन फुटबॉल ग्राउंड-चाईबास,15-16 अप्रैल-फुटबॉल स्टेडियम दुधानी- दुमका,19-20 अप्रैल- रामा साहू हाई स्कूल-गढ़वा, 24-25 अप्रैल-कर्जन स्टेडियम-हजारीबाग और अंतिम चयन प्रक्रिया 28 और 29 अप्रैल को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम रांची में किया जायेगा। खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा ने पत्र जारी कर उपनिदेशक देवशंकर दास को चयन समिति का अध्यक्ष, खेल परामर्शी देवेन्द्र कुमार सिंह को सदस्य सह नोडल पदाधिकारी, मो सलीम आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र चाईबासा, अजय सुभाष तिर्की आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गिरिडीह, योगेश प्रसाद यादव आवासीय प्रशिक्षण केंद्र साहेबगंज एवं सतीश मिंज सहायक प्रशिक्षक आवासीय फुटबॉल प्रशिक्षण केंद्र गुमला को चयन समिति का सदस्य बनाया है। चयन में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को झारखंड का निवासी होना चाहिए। खिलाड़ी का आयु 1 अप्रैल 2023 तक 16 से 22 वर्ष से अधिक न हो। खिलाड़ियों को चयन स्थल पर आधार कार्ड, मैट्रिक उतीर्ण प्रमाण पत्र लाना अनिवार्य होगा। आवेदक खिलाड़ियों को मान्यता प्राप्त अंतराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय, आल इंडिया यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित खेलों में भागेदारी अथवा मेडलिस्ट का प्रमाण पत्र जमा कराना होगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### जमशेदपुर में मजदूर की मौत, हंगामा

**जमशेदपुर ।** गोविंदपुर की स्टील स्ट्रिप्स कंपनी में सेफ्टी के प्रति लापरवाही बरतने के चलते गुरुवार की रात एक मजदूर की मौत हो गई । मजदूर का नाम पवन घोष है। वह घाटशिला का रहने वाला था । मजदूर की मौत की सूचना कंपनी ने परिजनों को नहीं दी। मजदूरों ने खुद ही मजदूर नेताओं को जानकारी दी। इसके बाद मजदूर नेता राजकुमार पासवान कंपनी के गेट पर पहुंचे और वहां जमकर हंगामा हुआ। बाद में मजदूर के परिजन भी पहुंच गए। मजदूर नेता का कहना है कि कंपनी में सेफ्टी के कोई इंतजाम नहीं हैं। इसी के चलते यहां मजदूरों की मौत होती है। यहां पहले भी कई मजदूरों की मौत हो चुकी है। अब गुरुवार की रात पवन घोष की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि कंपनी में एक गाड़ी चलती है और गाड़ी ने ही मजदूर को कुचल दिया है। मजदूर नेता राजकुमार पासवान की मांग है कि कंपनी मजदूर के परिजनों को ?20 लाख मुआवजा दे और एक परिजन को स्थाई नौकरी दे। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गुड फ्राइडे पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया

**जमशेदपुर।** बिष्टुपुर स्थित बेल्डीह बैपटिस्ट चर्च में शुक्रवार को गुड फ्राइडे पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस मौके पर मसीही समाज के लोग चर्च में जमा हुए। मौके पर मौजूद विश्वासियों ने बताया कि गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। इसके बाद वह ईस्टर के दिन वे जीवित हो गए थे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सभी को ईसा मसीह के बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने बताया कि ईस्टर पर्व पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा।

### जामताड़ा में धूमधाम से मनाई हनुमान जयंती

**जामताड़ा।** जिले के श्यामपुरा में भगवान हनुमान का जन्मोत्सव हनुमान जयंती काफी धूमधाम से मनायी गयी। जिले के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। इस मौके पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जामताड़ा के प्रसिद्ध हनुमान मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर महिला मारवाड़ी मोर्चा के सदस्यों द्वारा विशेष सुंदर पाठ का आयोजन किया गया। महिलाओं ने मंदिर परिसर में सुंदर पाठ किया और भगवान हनुमान से विशेष पूजा-अर्चना भी की। विशेष आयोजन में छप्पन प्रकार के प्रसाद का भोग हनुमान जी को लगाया गया, जो श्रद्धालुओं के बीच बांटा गया। आयोजक और श्रद्धालु भगवान हनुमान के जन्मोत्सव को लेकर कहते हैं कि प्रति वर्ष महिला मारवाड़ी मोर्चा की ओर से हनुमान जन्मोत्सव को लेकर धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाता है और भगवान से सभी की खुशी और समृद्धि की मन्नतें मांगी जाती है।

# एसआइटी में कंप्यूटर साइंस-इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी! गिरिडीह जिले सहित पूरे झारखंड में अपने तकनीकी ज्ञान देने में मशहूर है। अब गिरिडीह के विद्यार्थियों को कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए बाहर जाने की कोई आवश्यकता नहीं है। गौरतलब है कि संस्थान में पहले से ही माइनिंग, मेकैनिकल, इलक्ट्रिकल और सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई हो रही है।इस महत्वपूर्ण उपलब्धि में एक और ब्रांच की पढ़ाई शुरू होने जा रही है। सुभाष इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी को झारखण्ड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के द्वारा कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग की मान्यता मिल गई गई। संस्थान के निदेशक डॉ बिजय सिंह ने बताया कि हमारा लक्ष्य न सिर्फ विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान में समग्र विकाश करना अपितु स्वावलंबी बनाना है।काफी समय से गिरिडीह के विद्यार्थियों में कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई की मांग हो रही थी।इसी हेतु हमने इस ब्रांच की पढ़ाई को शुरू करने का निर्णय लिया है। अब सत्र 2023-26 में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू हो गयी है। संस्थान में पॉलीटेक्निक की पढ़ाई के अलावा आई टी और मैनेजमेंट की भी पढ़ाई होती है जिसके अंतर्गत बी बी ए और बी सी ए कोर्स आते हैं। साथ ही आई टी आई कोर्स में फिटर और इलेक्ट्रीशियन की पढ़ाई होती है। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित स्किल डेवलपमेंट कोर्स (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) की निःशुल्क पढ़ाई होती है।

# मुंबई में बगोदर के मजदूर की मौत, गांव में शोक



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** गिरिडीह जिला, बगोदर और आसपास के इलाके के प्रवासी मजदूरों का विदेशों एवं महानगरों में मौत का सिलसिला थम नहीं रहा है। 6 महीने के आंकड़ों को देखें तो अब 6 से अधिक मजदूर काल के गाल में समा चुके हैं। ताजा मामला बुधवार रात का है, जहां मुंबई में एक मजदूर की मौत हो गई है। मृतक संजय मंडल अपने पीछे पत्नी सहित दो बेटियों को छोड़ गया है। बताया जाता है कि संजय मंडल मुंबई में रहकर मजदूरी करता था और परिजनों का पालन-पोषण करता था।संजय मंडल की मौत को लेकर बताया जाता है कि बुधवार रात अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गयी, इसके बाद उसे इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन उपचार के क्रम में उसकी मौत हो गई। इधर संजय मंडल की मौत होने की जानकारी मिलने पर स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता सिकंदर अली बरांय पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और उन्हें ढांढस बंधाया।

## मनरेगा में लूट मचाने वालों से सत्ताधारी भी परेशान

# किसान मंच ने की दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



विगत 30 मार्च के दिन मनरेगा में मार्च लूट इस कदर की गई कि आलाधिकारियों के निर्देश को दरकिनार करते हुए तय राशि से 8 गुणा अधिक रकम की निकासी कर ली गई। निकासी ही नहीं की गई बल्कि अधिनियम के महत्वपूर्ण नियमों को ताक पर रखते हुए मजदूरों की हकमारी कर पूरा फायदा मेटेरियल सप्लायर को दिया गया। यह सब अधिकारियों की नाक के नीचे हुआ। अब इस मामले पर राज्य की सत्ता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संजय सिंह ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग रखी है। उन्होंने पूरे व्यवस्था पर ही सवाल उठाया है। ये खुद कहते हैं कि मनरेगा में भ्रष्टाचार के कई मामले हैं। इन मामलों पर सवाल उठाया गया है लेकिन दुर्भाग्य है कि अधिकारी इसपर बहुत कुछ बताना नहीं चाहते। संजय सिंह कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मनरेगा में हुई गड़बड़ी को ईटीवी भारत ने सामने लाया है। इस मामले की जांच होगी और कार्रवाई की जाएगी। वहीं किसान मंच के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने सांसद-विधायक की चुप्पी पर भी सवाल उठाया है।

### अधिकारियों को नियम की नहीं है परवाह : किसान मंच

दूसरी तरफ मनरेगा में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन भी हुआ है। यह प्रदर्शन किसान मंच के बैनर तले किया गया है। मंच के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह कहते हैं कि भ्रष्ट अधिकारियों व बिचौलियों के गठजोड़ के कारण ही गड़बड़ी हो रही है। पूर्व में भी सामग्री मद की राशि के माध्यम से गड़बड़ी की गई है। 2020 के आदेश के बावजूद लाभुक की जगह वेंडर के खाता में भी पैसा भेजना यह साबित करता है कि गड़बड़ी साजिशन है। इनका कहना है कि इस बार सदर प्रखंड के 8 गुणा अधिक राशि की निकासी कर यह साबित किया कि इन्हें नियमों की परवाह नहीं है।बता दें कि मनरेगा की मार्च लूट की गई थी। यहां सदर प्रखंड के द्वारा निर्धारित राशि से 8 गुणा अधिक रकम निकाली गयी। इतना ही नहीं यहां मजदूरी और सामाग्री मद के निर्धारित अनुपात की जमकर धज्जियां उड़ाई गई। इस मामले का खुलासा होने के बाद गड़बड़ी करने वाले अब लीपापोती में जुट गए हैं।

### ब्लैकमेल करने पर शिक्षक ने की थी आत्महत्या, एक धराया

**कोडरमा।** सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने भरतपुर राजस्थान से एक युवक सोहिल को गिरफ्तार किया है। जांच में खुलासा हुआ है कि साइबर गिरोह शिक्षक गिरजानंदन प्रसाद को ब्लैकमेल कर रहा था। सेवानिवृत्त शिक्षक प्रसाद ने पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपित को अपने खाते से रकम का ट्रांसफर भी किया था। दरअसल, गत 31 जनवरी से लापता शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद का शव 11 फरवरी को डंगरा पहाड़ के पास जंगल से बरामद किया गया था। इस बाबत उनके पुत्र ने अपहरण की प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस जांच में पता चला कि साइबर अपराधियों ने उन्हें ब्लैकमेल किया, जिसके कारण उन्होंने आत्महत्या कर ली। तकनीकी सेल की मदद से राजस्थान जिले के भरतपुर से 20 वर्षीय युवक सोहिल को गिरफ्तार कर कोडरमा लाया गया। कोडरमा थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक द्वारिका राम ने शुक्रवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित ने गिरोह के अन्य सदस्यों की भी जानकारी दी है और पुलिस उन आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार युवक के पास से मोबाइल भी बरामद हुआ है, जिसका इस मामले में इस्तेमाल किया गया था।

### कांग्रेस बलिदानों की पार्टी है : प्रिंस गुप्ता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बस स्टैंड में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी के द्वारा जय भारत सत्याग्रह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस प्रसादगुप्ता ने की। जय भारत सत्याग्रह का कार्यक्रम के दौरान पार्टी के नेता व अधिकारियों ने शिरकत करते हुए राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्र के मोदी सरकार उखाड़ फेंकने का आह्वान किया। प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस बलिदानों की पार्टी है और देश की रक्षा के लिए कई कांग्रेसियों ने अपने अपने बलिदान दिए हैं. जिसे नहीं भुला जा सकता है। लेकिन मोदी सरकार एक साजिश के तहत राहुल गांधी सदस्यता रद्द कर उनकी आवाज दबाने की साजिश रची है। कार्यक्रम में सुरेश मिश्रा, अजय कुमार सिंह बिट्टू, मोहम्मद सईद, हिमांशु गुप्ता ,संजीव श्रीवास्तव ,अजीत कुमार, संजय यादव, विष्णु राम, आलोक सिंह,पंकज पासवान काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

### झामुमो ने शिक्षा मंत्री को दी श्रद्धांजलि

**बरवाडीह।** शिक्षा मंत्री टाइगर जगरनाथ महतो के निधन पर झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकताओं द्वारा एक शोक सभा आयोजित कर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में की अध्यक्षता पूर्व प्रखंड अध्यक्ष व नीलांबर-पीतांबर विकास सोसाइटी केंद्रीय अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी ने कहा कि हमने अपने राज्य के एक सबसे बड़े क्रांतिकारी और आंदोलनकारी नेता को खो दिया है। उनका असमय जाना पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है। इनकी कमी को कभी पूरा नहीं किया जा सकता है। हम सब झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता इनके सपनो का झारखण्ड का निर्माण करने का संकल्प लेते है। शोक सभा में कई नेताओं ने अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री के निधन को देश की एक अपूरणीय क्षति बताया।

### मनिका में दुगोला कार्यक्रम आज

**मनिका।** प्रखंड स्थित देवी मंडप मंदिर बाजारटांड़ में 8 अप्रैल दिन शनिवार को शाम 8:00 से दुगोला कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राजद के भावी प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरी जी रहेंगे। वही कार्यक्रम के मुख्य कलाकार के रूप में राजमुनी व्यास एवं सुरेंद्र व्यास के बीच दुगोला का कार्यक्रम किया जाएगा। राजमुनी व्यास एवं सुरेंद्र व्यास के बीच मुकाबला में श्रोता पूरे रात आनंद उठा सकते हैं। आयोजन समिति ने कार्यक्रम की जानकारी लातेहार एसडीएम शेखर कुमार को दिया है। वही कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि पूरे जोर शोर से तैयारी चल रही है कार्यक्रम का रूपरेखा तैयार हो चुका है। मैं मनिका प्रखंड वासियों से अनुरोध करता हूं कि इस दुगोला प्रोग्राम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लोग दुगोला कार्यक्रम में शामिल रहें और कलाकार का हौसला बढ़ाएं। उक्त कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक राजेंद्र भारती ,अध्यक्ष प्रमोद भारती, सचिव अभिषेक भारती, कोषाध्यक्ष आनंद कुमार ,वरीय सदस्य डिंपल राजा ,नीतीश भारती ,अमन कुमार ,सत्यम कुमार ,विनय साहू ,धीरज कुमार, रंजन कुमार है। आयोजन समिति ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।

### 30 लाख की शराब जब्त

**हजारीबाग।** उत्पाद विभागने 350 पेटी विदेशी शराब जब्त किया है। शराब की यह खेप चौपारण प्रखंड मुख्यालय से करीब दस किलोमीटर दूर करंजवा गांव में एक घर में छिपा कर रखी गई थी। उत्पाद विभाग के छापेमारी दल प्रमुख जितेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। 40 दिनों के अंदर चौपारण में उत्पाद विभाग की यह तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पूर्व 20 फरवरी को चौपारण के बरहमोहरवा जंगल में साढ़े पांच सौ पेटी अवैध विदेशी शराब पकड़ा गया था। सहायक आयुक्त विजय कुमार मेहता ने टीम की सफलता पर छापेमारी दल की पीठ थपथपायी है। इस बाबत जानकारी देते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आलोक में यह कार्रवाई की गई।

### सवारी गाड़ी पलटने से एक की मौत

**हजारीबाग।** जिले के बडकागांव के चेपा कला पंचायत के हुदुवा जंगल में बुढ़िया नामक स्थल पर एक सवारी गाड़ी अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 11-12 लोग घायल हो गए। बताया गया कि कटकमदाग प्रखंड के बांका से शंकर प्रजापति पुत्र मेघन प्रजापति का बीते एक माह पहले बलिया, बड़कागांव निवासी अमृत प्रजापति की पुत्री से विवाह हुआ था। शादी की रस्म करने के लिए परिजन बांका से बलिया आ रहे थे। स्पीड अधिक होने कारण उनकी गाड़ी का एक पहिया खुल गया और वाहन खाई में जा गिरा।

### अमन साहू गिरोह के दो अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस ने कुख्यात अमन साहू अपराधी गिरोह के दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में निक्की यादव और दीपक उरांव शामिल है। दोनों लातेहार के रहने वाले हैं। पुलिस ने इनके पास से दो देसी बंदूक तथा 11 गोलियां भी बरामद की है। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अमन साहू गिरोह के अपराधी जिले में सक्रिय हो गए हैं। इन अपराधियों के द्वारा व्यवसाई तथा संवेदक से रंगदारी वसूली जा रही है। इस सूचना के बाद एक एसआईटी का गठन किया गया और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई आरंभ की गई। इसी बीच गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने लातेहार के पतकी जंगल के पास से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया। छानबीन के दौरान इनके पास से दो देसी बंदूक और गोली भी बरामद हुई। पूछताछ के क्रम में स्पष्ट हुआ कि दोनों अपराधी अमन साहू गिरोह के लिए काम करते हैं।

# बिहार यूपी वालों ने नहीं मैंने नियोजन नीति को दी थी चुनौती : रमेश हांसदा

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**




राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश हांसदा ने कहा कि मंत्री चंपई सोरेन लगातार आम जनता को ठगते हुए बिहार यूपी के लोगों द्वारा कोर्ट में नियोजन नीति के विरुद्ध जनहित याचिका दायर करने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में मैंने नियोजन नीति पर हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। नियोजन नीति में झारखंड सरकार ने थर्ड और फोर्थ ग्रेड के लिए केवल झारखंड से मैट्रिक और इंटर पास करने वाले युवाओं को ही नौकरी मिलने का प्रावधान लाया था। उसमें भी हिंदी को हटा दिया था। इसका मतलब कि जो भी व्यक्ति 3 साल झारखंड में रहकर पढ़ता तो झारखंडी हो जाता। झारखंड सरकार द्वारा हिंदी को नियोजन नीति से बाहर करने और मूलवासी के बेटे को मैट्रिक और इंटर झारखंड में नहीं पढ़ने पर नौकरी में भागीदारी से वंचित करने के मामले को लेकर झारखंड हाई कोर्ट में रिट दायर किया था। 60:40 मंत्री को पता नहीः मंत्री चंपई सोरेन द्वारा 60:40 मुद्दे पर अनजान बने जाने के मामले पर भी रमेश हांसदा ने कड़ा ऐतराज जताया है। कहा कि मंत्री को नियोजन नीति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है। बावजूद इसके ये लोगों को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। इसके अलावा सरकार में बैठे नेताओं को भी नियोजन नीति स्पष्ट रूप से पता नहीं है। रमेश हांसदा ने मंत्री चंपई सोरेन को खुले मंच पर नियोजन नीति के मुद्दे पर बहस करने के लिए आमंत्रित भी किया है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से जिला मंत्री अभिजीत दत्ता, विशु महतो, पवन महतो, बाबू चंद प्रजापति, राजेश गोप आदि उपस्थित थे।

### ट्रिपल मर्डर में वांछित 22 साल बाद गिरफ्तार

**हजारीबाग।** पुलिस की विशेष टीम ने झारखंड व बिहार के वांटेड और पिछले 22 साल से फरार चल रहे कुख्यात मंजर खान को पेलावल से गिरफ्तार कर लिया है खान वहां अपनी पहचान छिपाकर रह रहा था। जानकारी के अनुसार आरोपित मंजर खान पर 50 से अधिक हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी के मामले दर्ज हैं। मूल रुप से बिहार के शेरघाटी मौलवीगंज निवासी मंजर खान वर्ष 2001 में चौपारण के सियारकोनी बंग्ला ट्रिपल मर्डर केस में बांछित था। इसके अलावा उसके खिलाफ गया के बाराचट्टी, आमस, डोभी, चौपारण, बरही, शेरघाटी, औरंगाबाद आदि थानों में भी कई मामले दर्ज है। बताया जाता है कि मंजर खान पेलावल में हर तीन माह में डेरा बदलकर रहता था। आरोप है कि इसने पेलावल के अलगडीहा में एक किराया के घर पर कब्जा कर लिया था। इसे लेकर थाना में आवेदन भी दिया गया था। दो माह पूर्व यह पेलावल के पगमल में रह रहा था। पुलिस ने सूत्रों से मिली सूचना के बाद कोर्रा थाना प्रभारी उत्तम तिवारी के नेतृत्व में टीम ने पेलावल से गिरफ्तार करने में सफलता मिली।

## आस्था

### झरिया में एकदशम शतचंडी महायज्ञ पर निकली कलश यात्रा

# गूंजे हर-हर महादेव, जय मां अंबे के नारे

**नवीन मेल संवाददाता। झरिया** झरिया के लिलोरी पथरा में एकद्शम शतचंडी महायज्ञ के अवसर पर शुक्रवार 7 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 501 महिलाएं कलश लेकर चल रही थीं। हर-हर महादेव, जय मां अंबे आदि के नारे लगाए जा रहे थे। कलश शोभा यात्रा मां लिलोरी पथरा यज्ञ मंडप से निकाली, जो बाटा मोड़, लक्षमिनिया मोड़ आदि स्थानों का भ्रमण करती हुई झरिया के आनंद भवन तालाब परिसर पहुंची। यज्ञाचार्या अवधेशा नंद त्यागी और पुजारी राजीव पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलभरणी की रस्म अदायगी कराई। यजमान के रूप में त्रिलोकी राम व उनकी धर्मपत्नी, राजेश ठाकुर व उनकी धर्मपत्नी, जादू राम की धर्म पत्नी भी मौजूद थी. कलश यात्रा पुनः लिलोरी मंदिर स्थित यज्ञ मंडप पहुंची. कलश शोभा यात्रा में प्रीतम रवानी, बिहारी यादव, गोविंद ठाकुर,जीवन राऊत, महेश शर्मा, श्रवण ठाकुर,मनीष यादव,विनोद शर्मा, रोहित शर्मा, राहुल शर्मा, कुलदीप शर्मा, राजा शर्मा आदि शामिल थे।



# महू : समावेशी विकास के अग्रदूत बाबू जगजीवन राम : प्रो. शैलेंद्र मणि त्रिपाठी

**नवीन मेल संवाददाता। महू**



सामाजिक न्याय के पुरोधा एवं महान राजनीतिज्ञ बाबू जगजीवन राम का जीवन सदैव प्रेरणास्पद रहा है। समरसता के शिखर पुरुष रहे बाबू जगजीवन राम ने सदैव अधिकारहीन लोगों और सुविधाओं से वंचित लोगों के कल्याण के लिए काम किया। बाबू जगजीवन राम की नीतियां राजनैतिक चेतनायुक्त एवं समरसतायुक्त समाज की स्थापना करती हैं, तथा सामाजिक न्याय के लिए कटिबद्ध रही हैं। छात्रावास, चिकित्सा, महिला मताधिकार, रेल कारखाना, श्रम अधिकार, पेंशन जैसी प्रमुख नीतियाँ समाज के प्रत्येक वर्ग को पुष्पित एवं पल्लवित करती हैं। उक्त बातें बाबू जगजीवन राम पीठ के पीठ आचार्य प्रो. शैलेंद्र मणि त्रिपाठी ने बाबू जगजीवन राम की जयंती के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम श्रंखला की ह्रासमरसतायुक्त समाज की स्थापना के लिए उनकी कल्याणकारी नीतियां विषय पर महू ग्राम पंचायत के गवली पलासिया के पंचायत भवन में आयोजित प्रसार तथा जागरूकता कार्यक्रम को संचालित करते हुए कही। बाबू जगजीवन राम पीठ के शोध अधिकारी डॉ. रामशंकर ने जागरूक करते हुए कहा कि बाबू जगजीवन राम जीवन संघर्षमय रहा है। लगभग 50 वर्षो के संसदीय जीवन में देश के प्रति उनका समर्पण और निष्ठा बेमिसाल है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है।

# सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़े गए चोरी के दो मोबाइल



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी जवाहरलाल ने बताया कि दिनांक 07.04.2023 को यात्री गुलशन कुमार यादव द्वारा आरपीएफ पोस्ट केक्यूआर पर शिकायत किया गया कि कोडरमा स्टेशन के वेटिंग हॉल में सोने के दौरान उनका मोबाइल किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। सूचना उपरांत निरीक्षक प्रभारी कोडरमा साथ आरक्षी नरसीलाल मीना, आरक्षी विकाश कुमार मिश्रा व आरक्षी सोनू कुमार के द्वारा कोडरमा स्टेशन के लगे सीसीटीवी की मदद से मोबाइल की चोरी करने वाले व्यक्ति की पहचान की गई तथा स्टेशन में यात्री को साथ लेकर खोजबीन शुरू किया गया। रात्रि 03:00 बजे के करीब कोडरमा स्टेशन के प्लेफार्म संख्या -03 के न्यू एफओबी के नीचे छुपकर बैठा हुआ उक्त व्यक्ति को देखा गया। संदेह होने पर नजदीक जाकर पुछताछ किया गया तो वह संशंकित हो गया और अपने आप को बचाते हुए भागने का प्रयास करने लगा। जिसके बाद आर पी एफ पुलिस के द्वारा घेर कर वहीं पर रोक लिया गया तथा पुछताछ के क्रम में उसने अपना नाम व पता सनोज कुमार राम उम्र 25 वर्ष पिता विकाश राम सा माधोपुर वार्ड नॉ 27 थाना- सतगावां , जिला- कोडरमा बताया। उपरोक्त व्यक्ति का तलाशी लेने पर उसके पास से यात्री का चुराया हुआ एक रेडिमी कम्पनी व एक अन्य कीपैड वाला मोबाइल बरामद हुआ। जिसे यात्री से पहचान करवाया गया तथा मौके पर समक्ष गवाहन जप्त किया गया । उपरोक्त मोबाईल के बारे पुछताछ करने पर उसके द्वारा स्वीकार किया गया कि उपरोक्त दोनों मोबाइल मेरे द्वारा कोडरमा स्टेशन के वेटिंग हॉल से चोरी गिया गया है। यात्री गुलशन कुमार यादव पिता लालजीत यादव सा. कुरहो बिंदो वार्ड नं 2 थाना जमुआ जिला गिरिडीह के द्वारा प्रेषित शिकायत प्रतिवेदन के आधार पर जीआरपी केक्यूआर में मुकदमा अपराध संख्या 05/2023 दिनांक 07.04.2023 पंजीकृत किया गया। चोरी किए गये दोनो मोबाइल का अनुमानित कीमत रुपये 12000/-आंका गया।

# बीआरपी-सीआरपी महासंघ ने किया शोक सभा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
झारखण्ड के टाइगर कहे जानेवाले जगरनाथ महतो के असामयिक निधन से बीआरपी सीआरपी महासंघ काफी मर्माहत है। दिवंगत जगरनाथ दा के निधन पर संघ ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कर्जन ग्राउंड हजारीबाग में शोक सभा का आयोजन किया।वहीं मौजूद जिले भर के बीआरपी/ सीआरपी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर उपस्थित जिला अध्यक्ष प्रविन्द कुमार सिंह ने कहा कि जगरनाथ दा के निधन से पूरे झारखण्ड में शोक की लहर व्याप्त है।मंत्री पद का ओहदा पाने के बाद भी वे सामान्य इंसान की तरह थे। लोगो की समस्या को मन से सुनते थे और हरसंभव निदान भी करते थे। झारखण्ड के शिक्षा जगत में क्रांति लाने का साहसिक कार्य उनके द्वारा किया गया।सचमुच वे झारखण्ड के टाइगर थे।अपने जीवन की परवाह किये बिना जान जोखिम में रखकर जनसेवा से जुड़े रहे।कोई भी कार्य को जब वे ठान लेते थे तो उसे करके ही मानते थे।सचिव ओमप्रकाश ने कहा कि जगरनाथ दा जमीन से जुड़े नेता थे। लंबी लड़ाई और संघर्ष के बाद राजनीतिक जीवन एक मुकाम पाया। डुमरी विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक रहे। उन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपना दायित्व बाखूबी निभाया।भले ही आज हमारे बीच नही हैं पर हमेशा हमलोगों के दिल मे रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में किये उनके कार्य हमेशा याद रहेंगे। संघ के प्रवक्ता अजय नारायण दास ने कहा कि उनके असामयिक निधन से बीआरपी/सीआरपी को अपूरणीय क्षति हुई हैं । हम बीआरपी / सीआरपी उनके द्वारा कम समय मे किये गए कार्यों को आजीवन नही भुला सकते हैं ।शोक सभा मे उपस्थित बीआरपी सीआरपी ने गहरा दुःख जताते हुए दो मिनट का मौन रखा। कहा ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों मे स्थान दे और परिवार जनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य व सहन की शक्ति प्रदान करें।मौके पर संरक्षक मधुसूदन कुमार सिंह , कोषाध्यक्ष हृदयानशू कुमार, प्रभु साव ,विशुन ठाकुर, अखिलेश्वर कुमार, अजय कुमार, रविन्द्र कुमार रवि , मोहम्मद इलियास ,सुमित कुमार , जितेश्वर मेहता, रंभा कुमारी, दीपक कुमार, राजेन्द्र कुमार समेतदर्जनो बीआरपी सीआरपी शोकसभा में शामिल हुए।

## शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को दी गयी श्रद्धांजलि



# मांगों के समर्थन में कोलियरी सेल समिति ने दिया धरना

## पीओ के सकारात्मक आश्वासन के पश्चात ट्रांसपोर्टिंग हुआ शुरु




**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल समिति के मजदूरों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए बलकुदरा आउट सोर्सिंग का कोयला संप्रेषण को ठप कर दिया। वहीं, बलकुदरा चेकपोस्ट के पास धरना में बैठ गए। मौके पर सैंकड़ों मजदूरों ने एक स्वर में सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा गया कि लोकल सेल बंद होने के कारण मजदूरों के समक्ष बेरोजगारी व पलायन जैसी समस्या उत्पन्न हो गई। 40 वर्षों से लगातार लोकल सेल के मजदूर कोयला लोडिंग का कार्य अपने परिवार का जीविकोपार्जन करते आये हैं। लेकिन 4 वर्षों से लोकल सेल बंद है जिससे हमसबों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सीसीएल प्रबंधक पुनः रोड सेल चालू कर मजदूरों को रोजगार से जोड़े। मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन द्वारा लगातार रोड सेल चालू करने की बात कही जाती है, कोयले का उत्पादन तो होता है लेकिन प्रबंधन सेल चालू करने की दिशा में सकारात्मक पहल नहीं करती है। मजदूर रोजगार के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर है। अभी भुरकुंडा कोलियरी के बलकुदरा खुली खदान से उत्पादन व संप्रेषण जारी है। लेकिन अभी तक भुरकुंडा रोड सेल में कोयला का आवंटन नहीं किया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि सीसीएल प्रबंधन हमारी मांगों के प्रति गंभीर नहीं है। कहा गया कि अगर रोड सेल नहीं तो भुरकुंडा कोलियरी भी नहीं। सीसीएल प्रबंधन आश्वासन देकर श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ धोखा कर रही है। प्रबंधन के इस रवैये से रोड सेल में कार्यरत मजदूरों, स्थानीय बेरोजगारों, ग्रामीण व रैयतों में काफी अक्रोश व्याप्त है। मजदूरों की सात सूत्री मांगों में भुरकुंडा रोड सेल में अधिकांश कोयला देने व पेलोडर की बजाय मजदूरों से लोडिंग कराने आदि की मांगे प्रमुख हैं। बलकुदरा खुली खदान के संप्रेषण रोके जाने के बाद परियोजना पदाधिकारी मनोज पाठक, एसोएम आरके वर्णवाल, मैनेजर अविनाश चंद्रा, बबलू कुमार आदि धरना स्थल पर पहुंचें। जहां पीओ ने मजदूरों एवं मजदूर प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए बलकुदरा खदान के सेकेंड फेज से होने वाले उत्पादन में भुरकुंडा कोलियरी रोड सेल में कोयला देने का लिखित आदेश है।

## करियातपुर में मनाया हनुमान जन्मोत्सव



**बरही ।** करियातपुर पंचायत हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास मनाया गया । इस अवसर पर करियातपुर स्थित हनुमान मंदिर को आकर्षक तरीको से सजाया गया था । गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सनातनी मंदिर परिसर में पहुंचने लगे थे । जहां जयघोष के साथ हनुमान चालीसा का पाठ हुआ और महासप्रसाद का भोग वितरण किया गया । कार्यक्रम का आयोजन विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आयोजित किया गया था । कार्यक्रम सफल बनाने मे विहिप के चंदन कुमार केसरी, मुन्ना सोनी, धर्मेंद्र कुमार प्रजापति, शशि सोनी, कैलाश केसरी, उमेश केसरी, आशीष केसरी, आदि कई लोग शामिल थे ।

## शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का असमय चले जाना दुखद : सुनील कश्यप



**रामगढ़।** शिक्षक डॉ सुनील कुमार कश्यप ने राज्य के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो हमेशा राज्य के हित की सोचते थे। साथ ही राज्य के लोगों का किस तरह भला किया जा सके इसपर वे मंथन करते रहते थे। डॉ कश्यप ने कहा कि उनका असमय चले जाना बहुत ही दुःखद है। कहा कि उनका चले जाना अपूरणीय क्षति है। जिसकी भरपाई संभव नही है।

## विद्यालय में नामांकन योग्य 3 बच्चे हुए चिह्नित

**सतगांवा ( कोडरमा )।** हर बच्चे की शिक्षा एवं सुरक्षा को लेकर सरकार निरन्तर प्रयासरत है, सरकार का लक्ष्य है हर बच्चा पढ़े ताकि तरक्की का एक नया इतिहास लिखा जा सके, आदर्श फाउंडेशन द्वारा सतगांवा प्रखंड अंतर्गत बिरहोर कालोनी कटैया में शिक्षा जागरूकता अभियान के माध्यम से विद्यालय में नामांकन योग्य 3 बच्चों को चिन्हित किया गया, अनियमित विद्यालय जाने वाले बच्चों के अभिभावको से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आग्रह भी किया गया, नियमित विद्यालय जाने वाले विद्यार्थी नैना कुमारी, सीता कुमारी, मनीषा कुमारी,ज्योति कुमारी एवं विशाल बिरहोर को सम्मानित भी किया गया, कोडरमा जिला अंतर्गत बिरहोर कालोनी, गझंडी, झरनाकुंड, लोकाई, खरपुका,नलवा, ढाब,तेलीयामारन, बरियारडीह और चितरपुर में शिक्षा जागरूकता अभियान के माध्यम से नामांकन योग्य 89 बच्चों को चिन्हित किया जा चुका है।

## संजीवनी अकादमी में शिक्षा मंत्री को दी श्रद्धांजलि

**चंदवारा।** प्रखंड के बांझेडीह फोरलेन रोड नंदनगर चंदवारा में अवस्थित संजीवनी अकादमी में शुक्रवार को प्रार्थना सभा में शोक सभा का आयोजन कर झारखण्ड सरकार के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो को 2मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दिया गया।निदेशक संजीव कुमार ने प्रार्थना सभा में बच्चों को संबोधन करते हुए झारखंड में शिक्षा में स्व. जगन्नाथ महतो की भूमिका को विस्तार से जानकारी दी और उनके निधन पर शोक जताया। मौके पे शिक्षक बिनोद कुमार,निधि राज,संजना रजक,लक्ष्मी शर्मा, अभिभावक लखन शर्मा ,खुबलाल यादव,समेत सभी छात्र छात्रा मौजूद थे।

## डीडीसी ने किया पीएम आवास योजना की जांच

**चंदवारा।** उप विकास आयुक्त द्वारा प्रखण्ड- चंदवारा अंतर्गत पंचायत- भोंडो में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वैसे लाभुक जिनके द्वारा आवास निर्माण की राशि प्राप्त करने के पश्चात भी आवास निर्माण में लापरवाही बरती जा रही है। वैसे चार लाभुक कौलेश्वरी देवी, पति- नारायण तुरी, लक्ष्मी देवी, पति-वासुदेव तुरी, शांति देवी, पति- कार्तिक तुरी, देवंती देवी ,पति विजय भूईयां को 15/30 दिनों के अन्दर आवास पूर्ण कराने हेतु बॉन्ड भरवाया गया। जिसमें प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत सचिव, एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय ने मनाया विश्व स्वास्थ्य दिवस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
राधा गोविन्द विश्वविद्यालय, रामगढ़ के शारीरिक शिक्षा विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा 6 किलोमीटर रैली निकाला गया। जिसके अंतर्गत चेटर गांव में जाकर गांव वालों को स्वच्छता के बारे में शारीरिक कसरत करते हुए जागरूक किया गया । व्यायाम और योग के माध्यम ने विद्यार्थियों ने समस्त ग्रामीण को फिट रहने के तौर तरीकों से भी अवगत कराया । संजय राय चौधरी ने ग्रामीणों से नित्य कसरत एवं योग करने की अपील की । वहीं, ज्योति देवी ने कहा की शरीर के स्वस्थ्य रहने से सुविचार आते हैं और मन-मस्तिष्क पर संयम रहता है । प्रभा कुमारी ने बताया की जैसे हम सुबह उठकर नित्य क्रियाओं को करते हैं उसी प्रकार हम अपने आदत में व्यायाम को शामिल कर स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें ताकि हम बीमारियों से बच सकें । इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के शिक्षक सुरजीत भकत, अमन वर्मा, प्रदीप रजक, अजित कुमार, राजू साव आदि मौजूद रहे ।

# रामगढ़ कृषि उत्पादन बाजार समिति में पनशाला खुला

**रामगढ़।** शहर के बाजार समिति में स्वर्गीय अजय साहू की स्मृति में पनशाला का शुभारम्भ किया गया। बाजार समिति के बाजार पर्यवेक्षक सह यार्ड प्रभारी अवध किशोर प्रसाद ने विधिवत रूप से फीता काटकर पनशाला शुभारम्भ किया । इस मौके पर अवध किशोर प्रसाद ने कहा कि पिता की स्मृति में कोई भी सामाजिक कार्य करना गौरवान्वित करने वाला पल है। प्रसाद ने कहा कि स्वर्गीय अजय साहू बाजार समिति के प्रखर व्यवसायी थे। उनका असमय चले जाना हम लोग के लिए अपूरणीय क्षति है। आज स्वर्गीय अजय साहू के स्मृति में उनके पुत्र अमित साहू द्वारा जो यह पनशाला का उद्घाटन किया गया है वह बहुत ही सकारात्मक एवं सराहनीय है। इस पनशाला आरम्भ होने से बाजार समिति में रोजाना सैकड़ों लोग इससे लाभान्वित होंगे और भीषण गर्मी में लोगों को राहत सकेगा । इस अवसर पर रामगढ़ बाजार समिति व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित साहू, नितेश सिंह, अरुण अग्रवाल आदि मौजूद थे।

# 13 को सामाजिक न्याय मार्च में भाग लेंगे आजसू कार्यकर्ता

## शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो को दी गई श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
आजसू पार्टी जिला कार्यालय रामगढ में शुक्रवार को रामगढ़ नगर परिषद कमेटी की हुई बैठक। बैठक की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार महतो व संचालन महासचिव छोटू पटेल ने किया। बैठक से पूर्व झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के प्रभारी युगेश बेदिया , विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो,आजसू पार्टी नगर परिषद कार्यकारी अध्यक्ष हरेश राय, कोषाध्यक्ष प्रदीप ठाकुर,वार्ड नं 26 पार्षद देवधारी महतो,आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता विशेश्वर महतो ,आजसू छात्र संघ जिला कोषाध्यक्ष नीतीश निराला, महासचिव अमित कुमार,नगर परिषद अध्यक्ष मनोज कुमार महतो,ओबीसी के नगर परिषद अध्यक्ष नरेश महतो ,महिला नेत्री आशा महतो,अर्चना सिंह उपस्थित हुए। बैठक को सम्बोधित करते हुए युगेश बेदिया ने कहा की 13 अप्रैल को होने वाले कार्यक्रम समाजिक न्याय मार्च में नगर परिषद क्षेत्र से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित होंगे।

# कोडरमा में 52 मरीजों का मोतियाबिंद हुआ ऑपरेशन



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के मार्गदर्शन में राज्य के सभी जिलेवासियों के बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई सारी योजनाएं चलाई जा रही है। झारखंड सरकार के मार्गदर्शन पर जिला प्रशासन कोडरमा द्वारा जिले वासियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इसी कड़ी में जिला प्रशासन कोडरमा व इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के सौजन्य से पिपराडीह रेलवे स्टेशन में 230वां लाइफ लाइन एक्सप्रेस प्रोजेक्ट के तहत निः शुल्क स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें शुरूआत में जिले वासियों का आंख से संबंधित और स्त्री रोग से संबंधित जांच किया जा रहा है। जिले के विभिन्न प्रखंडों से भारी संख्या में ग्रामीण आकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा रहे हैं। काफी संख्या में मरीजों की आंख से संबंधित जांच की गई। इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन के नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा 52 मरीजों का मोतियाबिंद का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में भर्ती किया गया, जहां सभी मरीजों चिकित्सकों व नर्सों की निगरानी में देखभाल की जा रही है।

**हनुमान जन्मोत्सव** — झुमरी तिलैया में विभिन्न हनुमान मंदिर में जागरण का आयोजन

# भावना की ज्योत जगा कर देखिए ..., उमड़ी भक्त

**नवीन मेल संवाददाता। झुमरी तिलैया**
श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर झुमरी तिलैया के विभिन्न हनुमान मंदिरों में गुरूवार की रात्रि में भक्ति संध्या एवं जागरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर को भव्य लाइटिंग से नहलाया गया एवं मंदिरों में बाबा का आलौकिक श्रृंगार फुलों से किया गया एवं बेलून से मंदिर परिसर को सजाया एवं संवारा गया। शहर के अधिकतर मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतार पुजा अर्चना के लिए लगी रही। चौहुआर वीर हनुमान के जायकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। मंदिरों निवास स्थलों में हनुमान चालीस की पंक्ति श्री गुरूचरण सरोज... सुंदर कांड की चौपाई मंगल भवन व अमंगल हारी ... से कार्यक्रम स्थल गुंजता रहा। झुमरी तिलैया के अडडी बंगला रोड स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर में बाबा वीर हनुमान का दरबार आकर्षण ढंग से सजाया गया। यहॉ अखंड ज्योत के साथ-साथ सवामणि का प्रसाद एवं 56 भोग का प्रसाद भक्तों के बीच किया गया। पूजा अर्चना पंडित रामप्रवेश पांडेय ने करायी। इसमें यजमान के रूप में गौरव कुमार चौधरी, तनवी चौधरी शामिल हुए। भजनों का कार्यक्रम में कोलकता से आये नरेन्द्र सोनी अंजनी के मॉ का हुआ लाल बधाई हो सरे भक्तों को .... व वीर हनुमाना अतिबलमाना राम नाम जपीयो रे ..... गिरधारी सोमानी ने सला सर का धनिया थाने राम राम ... नवीन पांडया ने सजा दो घर गुलशन का मेरे सरकार आये है ... बबलु सिंह ने प्रभु आपकी कृपा से मेरा काम हो रहा है करते हो कन्हैया मेरा नाम हो रहा है ... सत्येन्द्र सिन्हा ने हे दुखभजन मारूती नंदन .... आशीष श्रीवास्तव भेजा है बुलावा तुले शेरावाली ... मनोज माथुर ने बजरंग बली हनुमान तेरा जग में डंका बाज रहा है ... सुशील सिन्हा चीर के सीना बोले हनुमान .... सुरेश यादव श्री राम जानकी बैठक में हैं मेरे सीने में .. राजा चौरसिया ने देना है तो दीजिए जनम जनम का साथ .... पंकज केशरी ने बाबा जब भी जिसने तेरा नाम पुकारा है तुने उसका जीवन संवारा है ... जैसे भजनों से भक्तों को भकित सागर में गोता लगाने का मौका दिया। इस अवसर पर राजकुमार चौधरी ने केक काटकर हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाऍ दी। मौके पर अरविन्द चौधरी ने कहा कि भाावना की ज्योत जगा कर देखिए बोलती है है मूर्ति बुला कर देखिए की भावना बाबा वीर बजरंग बली में है। उन्होनें कहा कि भजन व सत्संग प्रभु से मिलने का एक बहाना है।



# शिक्षा मंत्री के निधन पर शिक्षण संस्थानों में शोक सभा, शांति के लिए की गई प्रार्थना



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
झारखंड के इतिहास में यह संभवतः पहली घटना हो जब कार्यकाल के दौरान कैबिनेट मंत्री का आकस्मिक निधन हुआ हो । एक ऐसा निधन जिससे राज्य के हर तबके के लोग मर्माहत हैं । गुरुवार की सुबह राज्य के शिक्षा मंत्री सह मद्य मंत्री टाईगर जगरनाथ महतो के निधन की सूचना मिलते ही झारखंडवासी हतप्रभ रह गए । मानो जिंदगी की रफ्तार ही थम सी गई हो, लोग विश्वास करने को तैयार नहीं थे । सभी एक दूसरे से कन्फर्म होने लगे । परंतु तब तक शिक्षा मंत्री के निधन की सूचना सोशल मीडिया पर पूरी तरह वायरल हो चुका था । संवेदनाओं का शिलशिला प्रारंभ हुआ तो चलता ही रहा । बरही में भी विभिन्न सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थानों में दिवंगत मंत्री के मृतात्मा की शांति हेतु शोक सभाऐं की गई । आईलेक्स पब्लिक स्कूल बरही : पंचमाधव स्थित आइलेक्स पब्लिक स्कूल में निदेशक शैलेश कुमार की उपस्थिति में विद्यालय सभागार में शोक सभा का आयोजन किया गया । जिसमे विद्यालय के छात्र छात्राएं सहित सभी शिक्षकेत्तर और गैर शिक्षकेत्तर कर्मी मौजूद रहे। दिवंगत मंत्री के मृतात्मा की शान्ति हेती सबों ने दो मिनट का मौन रखा। निदेशक ने बताया कि मंत्री स्व महतो शांत, मृदुल और सादा जीवन उच्च विचार के भावनाओ से ओत प्रोत थे। वह अपनी सेवाओं के लिए अनंत काल तक जाने जाएंगे। उनकी क्षति पूर्ति असंभव सा प्रतीत होता है। बुनियादी विद्यालय पंचमाधव प्रभारी प्रधानाध्यापक संजय दुबे के निर्देशन में बेसिक स्कूल पंचमाधव में आयोजित शोक सभा में विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाऐं सहित विद्यार्थी शामिल हुए।

**NEWS इन ब्रीफ**

### 15 अप्रैल तक भरे जाएंगे इग्नू फॉर्म

**लोहरदगा।** इंदिरा गांधी गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में सत्रांत परीक्षा जून 2023 के लिए परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बिना विलंब शुल्क के साथ 15 अप्रैल निर्धारित की गई है। इसके बाद 500 रुपये प्रति पेपर का लेट फाइन के साथ 25 अप्रैल तक परीक्षा फॉर्म भरा जाएगा। 1100 रुपये प्रति पत्र का विलंब शुल्क के साथ परीक्षा का फार्म 10 मई 2023 तक भरा जाएगा। परीक्षार्थी बिना विलंब शुल्क के ही परीक्षा फार्म 15 अप्रैल तक अवश्य जमा कर दें। साथ ही असाइनमेंट जमा करने की अवधि विस्तारित कर 30 अप्रैल कर दी गई है। ज्ञात हो की इग्नू की सत्रांत परीक्षा जून 2023 की संभावित तिथि 1 जून 2023 है।

### संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक

**सिमडेगा।** आजसू पार्टी सिमडेगा की ठाकुर टोली स्थित जिला कार्यालय में पार्टी की बैठक हुई। इसमें मुख्य रूप से जिला प्रभारी गोपीनाथ सिंह का आगमन हुआ। जिलाध्यक्ष धुपेंद्र पांडेय के अध्यक्षता में आगामी कार्यक्रम पर रणनीति तैयार की गई। साथ ही संगठन को विस्तार और जन संग्रह धन संग्रह को लेकर भी चर्चा की गई। मौके पर जिला सचिव विकास बड़ाइक जिला उपाध्यक्ष अनिल मेहर सिमडेगा प्रखंड अध्यक्ष अजत साहू सिमडेगा प्रखंड सचिव देवेंद्र साहू छात्रसंघ अध्यक्ष संतोष बड़ाइक छात्रसंघ मीडिया प्रभारी विशाल बड़ाईक अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेड़ से गिरने पर टूटा बालक का हाथ

**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के सुगाडोंगर बनटोली गांव में एक 10 वर्षीय बालक का पेड़ से गिरने से दाहिना हाथ टूट गया। उसे इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। इस मौके पर घटना के संबंध में बताया गया कि सुगाडोंगर गांव में सूरज लोहरा पिता मुनेश्वर लोहरा उम्र 10 वर्ष ने घर के पास ही एक बरगद के पेड़ पर चढ़ा था। अचानक पैर फिसलने से वह गिर गया और उसका दाहिना हाथ टूट गया। उसे बोलबा अस्पताल लाया गया।

### जगरनाथ महतो को दी गई श्रृद्धांजलि

**सिमडेगा।** झामुमो नेता सह राज्य के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के आकस्मिक निधन पर पार्टी में सन्नाटा पसरा है। उनकी मौत पर झामुमो का हर कार्यकर्ता स्मृतियों को याद कर उनकी मौत की सूचना के बाद पूरा झामुमो परिवार मर्माहत हो गए। सिमडेगा जिला समिति द्वारा उनकी सिमडेगा परिसदन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उनके चित्र पर पार्टी पदाधिकारियों ने 1 मिनट का मौन धारण का श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर जिला अध्यक्ष अनिल कांडूलना ,जिला सचिव सफीक खान, पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा, जिला उपाध्याय अनिल तिर्की, जिला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा आदि उपस्थित रहे।

# पुलिया में गिरी बाइक, दो युवक हुए घायल

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**

सेन्हा थाना के सीमावर्ती उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र सेरेंगदाग थाना के सिंदूर ग्राम स्थित विद्यालय के समीप जर्जर पुलिया वर्षों पूर्व खाई में तब्दील हो गया था, जिसमें बाइक गिरने से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। वहीं स्थानीय ग्रामीणों की मदद से दोनों को खाई से निकाल कर अस्पताल भेजा। घायल की पहचान ऊपर तुरियाडीह निवासी जगदीश उराँव के 16 वर्षीय पुत्र शेखर उरांव तथा भूखल उराँव के 19 वर्षीय पुत्र सरोज उराँव के रूप में की गई है। बताया जाता है कि दोनों लड़के चापरोंग मेला देख कर देर शाम अपने घर ऊपर तुरियाडीह लौट रहे थे। इसी दरमियान सिंदूर विद्यालय के समीप बनी पुलिया पूर्व में ही बरसात के मौसम में खाई में तब्दील हो गई थी और स्थानीय लोग बगल से आते जाते थे। इसी क्रम में ऊपर तुरियाडीह जाने के दौरान बाइक सवार दोनों लड़के बगल से पार हो रहे थे कि बाइक अनियंत्रित हो गई और पुलिया खाई में जा गिरी, जिससे दोनों को गम्भीर चोटें लगने की बात बताई जा रही है। इसके अलावा ग्रामीणों ने कहा कि जर्जर पथ के कारण यातायात में कठिनाइयां हो रही है। आए दिन घटना होती रहती है।



## वाहन की टक्कर से व्यक्ति घायल

**कोलेबिरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलेबिरा जंगल फिकपानी के पास अज्ञात वाहन के धक्के से 55 वर्षीय अथनस केरकट्टा नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए कोलेबिरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल से रेफर कर दिया गया। छगरीबांधा निवासी अथनस केरकट्टा अपने साइकल से फिकपानी किसी काम को लेकर जा रहे थे। इसी दौरान फिकपानी के पास अज्ञात वाहन ने उसे धक्का मार दिया।

## हनुमान जन्मदिवस पर महाआरती में उमड़े श्रद्धालु



**लोहरदगा।** स्थानीय गुदरी बाजार अवस्थित शोक विनाशक संकट मोचन हनुमान मंदिर मे केंद्रीय महावीर मण्डल, लोहरदगा द्वारा प्रभु हनुमान जी के जन्मदिवस के अवसर पर महाआरती का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय महावीर मण्डल के अध्यक्ष व संरक्षकों समेत सदस्य व पदाधिकारी के साथ प्रशासन के पदाधिकारी भी उपस्थित हुए। केंद्रीय महावीर मण्डल के अध्यक्ष व पदाधिकारियों द्वारा उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, आपूर्ति पदाधिकारी अमित बेसरा, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी देवेंद्र कुमार तथा सदर थाना के उपस्थित पदाधिकारियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।

## लचरागढ़ में हुई घटना, शव को खेत में छोड़कर भागे अपराधी

# युवक की गला रेत कर हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत लचरागढ़ ग्राम के छठ घाट तालाब के समीप युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। घटना लचरागढ़ जलडेगा मुख्य पथ स्थित छठ घाट तालाब के नजदीक गुरुवार की रात्रि लगभग 9:00 बजे अंधारी गढ़ा निवासी 32 वर्षीय अनिल बारला नामक युवक की धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। घटना की सूचना मिलने पर कोलेबिरा थाना प्रभारी प्रभात कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक को धारदार हथियार से गला रेत कर हत्या की गई है। अपराधियों ने घटना को अंजाम देने के बाद शव को खेत में छोड़ दिया था। पुलिस मामले की हर बिंदु पर जांच में जुटी है। जल्द ही अपराधी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

वहीं मृतक की पत्नी पुष्पा बारला ने कहा कि अपराधी 3 की संख्या में गुरुवार की रात्रि उनके घर आए थे। मृतक की पत्नी पुष्पा ने जानकारी देते हुए यह भी कहा कि वह तीनों युवक जलडेगा अपने रिश्तेदार के यहां शादी के लिए रिश्ते की बात करने गए हुए थे। उन्हें वापस लौटने में रात हो गई थी और साथ में उनकी मोटरसाइकिल भी खराब हो गई थी। तभी वह अनिल के घर आए और अनिल को अपना रिश्तेदार बताया, जिसके बाद उन तीनों ने अनिल को शराब पिलाने की बात बोलकर वे तीनों अनिल को अपने साथ घर से बाहर ले गए, जिसके बाद शुक्रवार की सुबह अनिल के परिजनों को उनकी हत्या हो जाने की जानकारी मिली। कोलेबिरा पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया। आगे की कार्रवाई में जुट गए।



मृतक की पत्नी पुष्पा बारला ने कहा कि अपराधी 3 की संख्या में गुरुवार की रात्रि उनके घर आए थे।

### महिला ने आत्महत्या का किया प्रयास

**सिमडेगा।** जलडेगा थाना क्षेत्र अंतर्गत लंबोई बाड़ी सेमर गांव में पति पत्नी की आपसी विवाद में महिला ने कीटनाशक पी कर आत्महत्या का प्रयास किया। उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। अमर गोंड की पत्नी राष्मनी देवी किसी बात को लेकर पति से नाराज होकर घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिवार वालों ने उसे तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल से सिमडेगा भर्ती कराया, जहां पर उसका इलाज किया जा रहा है।

## सरस्वती शिशु मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। मौके पर प्रधानाचार्य सुरेशचंद्र पांडेय ने बताया गया कि इनका जन्म चैत्र मास शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को भगवान हनुमान जी शंकर के एकादश रुद्र के रूप में धरती पर अवतरित हुए थे। बाल्यावस्था से ही श्री हनुमान जी महाराज ने अपने अलौकिक कार्य प्रदर्शित किए। बाल काल में ही हनुमान जी ने सूर्य को फल समझकर निकल जाने जैसी महान घटना को अंजाम दिया। सभी देवताओं से अलग-अलग प्रकार की शक्तियों को प्राप्त कर हनुमान जी बल के धाम जिनके बल की तुलना ही नहीं की जा सकती जिनका विशाल स्वरूप जिनके अंतर्गत आठ सिद्धियां तथा नौ निधियां जिनके पास थी वह एक अलौकिक प्रतिभा के धनी थे। माता सीता ने उन्हें अजर और अमर होने का वरदान दिया था। राम के अनन्य भक्त थे। हनुमान जी महाराज माता अंजना के गर्भ से उत्पन्न केसरी के पुत्र थे जिन्हें वायु पुत्र वायु नंदन मारुति शुद्ध आज नामों से जाना जाता है। जब कोई संकट आता है तो हम सभी हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर देते हैं और हनुमान जी का स्मरण करने मात्र से ही सभी संकट दूर हो जाते हैं। हम सभी उनके जीवन चरित्र से प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

# गरीब के घर में लगी आग हजारों रुपये का नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा**

थाना क्षेत्र के बड़ागाई गांव निवासी अनुप हजाम पिता स्व. प्रकाश ठाकुर के घर में बीती देर रात 10 बजे घर में आग से हजारों रुपये का नुकसान हो गया। आग के कारण भीतर रखा सारा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का कुछ पता नहीं चल पाया है। इतना ज्यादा नुकसान होने से घर की महिलाओं, परिवार के सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है। घर के मालिक अनुप हजाम ने बताया कि गत देर रात 10 बजे सभी सदस्य खा कर सो रहे थे। इसी दरम्यान घर में अचानक आग लगी है। घर मे धुआं होने से घर के सदस्यों में अफरा तफरी मच गई और सभी सदस्य जैसे तैसे घर से बाहर निकल गये। उन्होंने कहा कि आगजनी इतनी तेज थी कि आग से कच्चे मकान के भीतर रखा पूरा सामान राख हो गया। उन्होंने कहा कि गनीमत रही कि आगजनी के बाद घर के अन्य सदस्य जाग गए और खुद को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने कहा कि घर में कुछ भी नहीं बचा है। पूरा सामान, राशन ,कपड़े,गहने आदि सब कुछ राख हो गया। शोरगुल से आस पड़ोस पहुचे और आग पर काबू पाया गया। पर आग से काबू पाने के पूर्व सब कुछ स्वाह हो गया था। वहीं, पंचायत के मुखिया कइली उरांव ने कहा कि बच्चों के तमाम अकादमिक दस्तावेज सहित अन्य सारा सामान राख हुआ है। हजारों का नुकसान है। वे प्रशासन से मांग करते हैं कि गरीब परिवार को घर बनाने में मदद करें और मुआवजा देने के लिए कदम उठाये।

# स्वस्थ शरीर में होता है स्वस्थ मस्तिष्क : ऋद्धि

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख ऋद्धि मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है और उन्होंनेसंतुलित आहार और स्वस्थ दिनचर्या को अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में भैया बहनों को विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। कार्यक्रम में प्रीति कुमारी गुप्ता, रश्मि साहू,चेतना प्रिया, कविता कुमारी, रेणु कुमारी, यशोदा कुमारी, आरती भगत, नीतू कुमारी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### कार्यक्रम आयोजित

शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विश्व स्वास्थ्य दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आगत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। अतिथि परिचय विद्यालय के आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने कराया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ दीपक कुमार आदर्शी ने भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति का स्वास्थ्य ही उसका सबसे बड़ा धन है। मौके पर धर्मेंद्र कुमार, विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव अजय प्रसाद, विद्यालय के प्रधानाचार्य विपिन दास, आचार्य - आचार्या व भैया- बहन उपस्थित थे।

## साहु बने जिला पिछड़ा वर्ग संघर्ष समिति के अध्यक्ष

**सिमडेगा।** एस एस स्कूल सिमडेगा में जगदीश प्रसाद की अध्यछता में पिछड़ा वर्ग संघर्स समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के केंद्रीय अध्यक्ष उदासन नाग ने कहा कि सरकार ने झारखंड के सात जिलों, जिसमें सिमडेगा, लोहरदगा, गुमला, खुटी,चाइबासा, लातेहार और रांची के रोष्टर में ओ बी सी का आरक्षण 0% कर दिया है। इसके कारण यहां के ओबीसी के युवाओं को नौकरी में जगह नहीं मिलेगी। वहीं गांव की सरकार के चुनाव में ओबीसी वर्ग के लोगों का एकल पद के अधिकार सहित कई अधिकार को पहले ही छीन कर समाप्त कर चुकी है। इस प्रकार ओबीसी समाज को दोयम दर्जा का नागरिक बना दिया है।

# टाइगर का जाना दुखद : अंसारी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

झारखंड के राजनीतिक जगत में टाइगर के नाम से मशहूर झामुमो के आईकॉन वर्तमान झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री के पद पर आसीन जगरनाथ महतो का इलाज के दौरान चेन्नई के अस्पताल में निधन हो गया। राज्य सरकार की ओर से शिक्षा मंत्री के राजकीय सम्मान में दो दिवसीय शोक मनाने का निर्णय लिया गया। इधर शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो का पार्थिव शरीर शुक्रवार सुबह 7:45 बजे रांची के विधानसभा सभागार में लाया गया। जहां पर लोहरदगा के झामुमो नेता सह कुडू प्रखंड उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने दिवंगत आत्मा के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं शिक्षा मंत्री टाइगर जगरनाथ महतो के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि टाइगर जगरनाथ महतो का हमारे बीच से असामायिक चले जाना झारखंड के हर छेत्र में गमगीन सा माहौल हो गया है। जगरनाथ दा झारखंड मुक्ति मोर्चा के स्तंभ और आइकॉन के रूप में शुरू से ही कार्य करते रहे थे। ऐनुल अंसारी ने कहा कि झारखंड की जनता एक ऐसे लीडर को खो दिया है जिसकी भरपाई करना संभव नहीं है।



## दो ट्रैक्टरों पर खनन अधिनियम के तहत केस दर्ज

**कैरो/लोहरदगा।** जिला खनन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार अंचलाधिकारी कैरो के पत्रांक के द्वारा संसूचित उपायुक्त के निदेर्शानुसार कैरो थाना पुलिस के द्वारा कैरो नदी व कोयल नदी हनहट घाट से अवैध रूप से बालू उठाव कर रहे बिना नम्बर के एक सोनालिका और एक शक्तिमान ट्रेक्टर जब्त किया तथा दोनों गाड़ी के चालक भाग खड़े हुए। थाना प्रभारी हरिऔध करमाली ने बताया कि यह काम दण्डनीय है। झारखण्ड लघु खनिज समनुदान नियमावली 2004 के नियम 4 के उल्लंघन एव नियम 54 के तहत दण्डनीय अपराध है,जो चोरी का मामला बनता है इस पर करवाई की जाएगी।

**आरोप** भाजपा प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद का वार

# हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार को बढ़ावा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

11 अप्रैल को झारखंड सचिवालय घेराव हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ कार्यक्रम को लेकर भाजपा ने बैठक की। बैठक में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बालमुकुंद सहाय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जन समस्याओं को लेकर हमेशा से संघर्ष करती रही है। झारखंड में जिस प्रकार से भ्रष्टाचार और असुरक्षा ,व तुष्टिकरण की नीति को बढ़ावा दिया है जिससे पूरे प्रदेश की जनता त्रस्त है। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपनी गलतियों को विपक्ष के उपर थोप कर बचने का प्रयास कर रहे है। राज्य का युवा पूर्ण रूप से ठगा हुआ महसूस कर रहा है, सड़कों पर उतर चुका है लेकिन उनकी मांगे सरकार के कानून तक नहीं पहुंच रही है यह केवल अपने ऐसो आराम के लिए व्यवस्था सुदृढ़ करने में लगी हुई है। इसलिए हेमंत हटाओ झारखंड बचाओ झारखंड सचिवालय घेराव कार्यक्रम में पूरे झारखंड के साथ-साथ लोहरदगा के भी दो हजार कार्यकर्ता घेराव के लिए रांची में शामिल होंगे।

बैठक मे ओमप्रकाश सिंह ,बबन गुप्ता, श्रीचंद्र प्रजापति, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, नीरज कुमार, हर्षनाथ महतो, नवीन कुमार टिंकू, समेला भगत ,सूरज मोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मनिष शिखर, जितेंद्र महतो ,प्रकाश नायक ,सुरेश बैठा ,प्रकाश नायक , पशुपतिनाथ पारस, अमित लोहरा सहित अन्य शामिल थे।




## दो प्रोफेसर जन साहित्य सम्मान से नवाजे गए

**सिमडेगा।** संत जेवियर्स कॉलेज के हिन्दी विभाग में सेवारत असिस्टेंट प्रोफेसर डा. जयन्त कुमार कश्यप और डा. सुनील केरकेट्टा को 'जन लेखक संघ' की ओर से वर्ष 2023 के जन साहित्य सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह नई दिल्ली के गाँधी शांति प्रतिष्ठान में आयोजित हुआ। इस मौके पर जन सरोकार से जुडे देशभर के रचनाकार और बुद्धिजीवी जुटे थे। डा. जयन्त और डा. सुनील को यह सम्मान उनके वर्ष भर के जन लेखकीय सरोकार से जुडे विचाराभिव्यक्ति और उत्कृष्ट साहित्य लेखन के लिए प्रदान किया गया। इस मौके पर डा. जयन्त कुमार कश्यप ने कहा कि जनहित के लिए लेखन की प्रेरणा उन्हें अपने काॅलेज और झारखंड के परिवेश से निरंतर मिलती रही है। इस सम्मान का श्रेय उन्होंने संत जेवियर्स कॉलेज और राँची यूनिवर्सिटी के रचनाशील परिवेश को दिया।

# भंडरा में नाबालिग को अगवा कर 3 किशोरों ने किया दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा/लोहरदगा**

भंडरा के बिटपी गांव में तीन नाबालिग युवकों द्वारा एक नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। मामला तीन अप्रैल रात की है। गांव में कार्तिक उरांव के घर में शादी था। इसी बीच गांव के ही तीन नाबालिक लड़कों ने रात्रि में गांव की एक नाबालिग लड़की को धमकी देकर कपड़ा से मुंह ढककर अगवा कर लिया और गांव के तालाब के पास ले जाकर उसके साथ जबरदस्ती बलात्कार किया। इस संबंध में लड़की और लड़की के घरवाले द्वारा सात अप्रैल को भंडरा थाना में घटना की सूचना दी गई। लड़की के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाई की जा रही है। घटना की सूचना देर से दिये जाने के संबंध में परिजनों ने बताया कि गांव में इसकी पंचायती की गई थी। लेकिन इसका कोई परिणाम नहीं निकला। यही वजह है कि विलंब से केस दर्ज कराया गया। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि घटना में शामिल तीनों आरोपियों को पुलिस द्वारा निरुद्ध कर लिया गया है।

## नाबालिग लड़की का अपहरण और दुष्कर्म मामले में दो गिरफ्तार

**सेन्हा-लोहरदगा।** नाबालिक लड़की के अपहरण और दुष्कर्म मामले में सेन्हा पुलिस ने कारवाई कर चंदवा एवं गढ़गांव से दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया जाता है कि बगड़ू थाना क्षेत्र की नाबालिक लड़की मंडा मेला हापामुनि से लौट रही थी। इसी बीच आरोपियों ने उसको अपहरण कर लिया चंदवा ग्राम में स्थित अपने ही मकान में रखा था। वहीं थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा नाबालिक लड़की के परिजनों द्वारा अपहरण की लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी। इसके आलोक में सेन्हा थाना पुलिस ने कांड संख्या 42/23 दर्ज कर धारा 363,366,354 बी,342,34 भादवी एवं पोक्सो एक्ट 8 के तहत मामला दर्ज किया था।

## NEWS इन ब्रीफ

### बुजुर्ग महिला को मेडिकल दुकानदार ने कराया इलाज

**मेदिनीनगर।** एक बुजुर्ग गरीब महिला कलावती कुवर शुक्रवार की सुबह 9:00 बजे अपने आंख के इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में बैठी हुई थी, महिला चलने फिरने में भी असमर्थ थी। जैसे ही उस गरीब बूढ़ी महिला पर मोक्ष वाहन के चालक राहुल कुमार की नजर पड़ी। राहुल कुमार ने अपनी देखरेख में बूढ़ी महिला का इलाज कराया। आंख के इलाज के लिए चिकित्सकों द्वारा जो दवा लिखी गयी। उसमें कुछ दवा तो सदर अस्पताल में ही उपलब्ध थी परंतु दो दवा बाहर से लेनी थी और बेहद जरूरी थी। इसके लिए महिला के पास पैसे भी नहीं थे। इसके बाद राहुल ने मुस्कान मेडिकल में जाकर गरीब बूढ़ी महिला की समस्या को बतायी। मुस्कान मेडिकल के मालिक सदुलाह खान ने बिना देर किए महिला को निशुल्क दवा उपलब्ध करायी। बुजुर्ग महिला से जब पूछा गया तो उसने बताया कि उसकी देखरेख करने वाला कोई नहीं है। महिला सुदना की रहने वाली है,वह खुद किसी ऑटो वाले से मदद लेकर शुक्रवार की सुबह इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंची थी। राहुल ने इलाज कराने के बाद महिला को ऑटो पर बैठाकर सही सलामत घर भेज दिया।

### रमजान के मौके पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया फल का वितरण

**मेदिनीनगर।** महापौर अरुणा शंकर ने भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में रमजान के माह में मेदिनीनगर शहर के हॉस्पिटल एव रेलवे स्टेशन परिसर में जाकर फल का वितरण किया । इस अवसर पर महापौर अरुणा शंकर ने कहा माहे रमजान के पवित्र माह में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष फिरोज उद्दीन अंसारी ने मुझे फल वितरण करने का अवसर दिया जिसके लिए मैं उनकी शुक्रगुजार हूं । रमजान माह मुस्लिमों का पवित्र माह है जहां सारे मुस्लिम भाई बहन और कई बच्चे भी 30 दिनों तक रोजा रखकर अल्लाह ताला से दुआ कर सबो की सलामती और खुशहाली मांगते हैं। मैं भी अल्लाह से दुआ करूंगी कि अल्लाह सबो की रोजा सुने और सबको सलामत रखे । अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष फिरोज उद्दीन अंसारी ने कहा रोजेदार लोगों की सेवा करने पर भी वही पुण्य मिलता है जितना रोजा रखने में मिलता इसलिए हम सबको मिलकर हर रोजेदार की सेवा करनी चाहिए और उनका आशीर्वाद लेना चाहिए । इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र हुड्डा, समीम खान, आसिफ नैयर, आले हसन, अमजद खान एवं काफी संख्या में मुस्लिम भाई मौजूद थे।

### शिक्षा मंत्री के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद जेएमएम कार्यालय में झारखंड के शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि राज्य ने एक अच्छे नेता को खो दिया है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती है। लोगों ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# किचन में कुकर फटने से मां और बच्चा घायल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के पांडू में खाना बनाने के दौरान कुकर फटने से मां और बच्चा घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पांडू निवासी विजेंद्र पाल की पत्नी संगीता देवी उम्र 24 वर्ष शुक्रवार की सुबह अपने बच्चे को लेकर किचन में खाना बना रही थी। तभी अचानक कुकर फट गया। जिसमें संगीता और उसका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद परिजनों के द्वारा दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी उन दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है।कुकर फटने की 2023 मार्च-अप्रैल महीने में यह दूसरी घटना है। इसके पहले भी लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ग्राम दारूडीह निवासी किरण कुमारी उम्र 22 वर्ष खाना बनाने के दौरान कुकर फटने की वजह से कुकर की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

### बुद्धिनारायण बने क्रांति मंच के केन्द्रीय महासचिव

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने बताया है कि पड़वा प्रखण्ड के लोहड़ा ग्रामवासी व लोहड़ा पंचायत के पूर्व मुखिया वरीय समाजसेवी बुद्धिनारायण पासवान को झारखण्ड क्रांति मंच की केन्द्रीय कमिटी का महासचिव मनोनीत किया गया है। अध्यक्ष ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बुद्धिनारायण पासवान के नेतृत्व में ना केवल पंडवा प्रखण्ड में बल्कि सम्पूर्ण झारखण्ड में आन्दोलनात्मक व सांगठनिक गतिविधियों का विस्तार होगा।

# जेएमएम ने शोकसभा आयोजित की

**नवीन मेल संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** जेएमएम के स्थानीय कार्यालय में शोकसभा का आयोजन किया गया। जहां झामुमो के सभी नेता और कार्यकताओं ने नम आंखों के साथ जगरनाथ महतो को पुष्प अर्पण और मौन धारण कर श्रद्धांजली दी। झामुमो के जिला सचिव ने कहा जगरनाथ दा हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे। युवा नेता सन्नी शुक्ला ने कहा मंत्री जगरनाथ माहतो ने हमेशा झारखंडियत और झारखंड को बचाने के लिए आंदोलन किया। जगरनाथ दा अजात शत्रु थे। हम नौजवानों को उन्होंने हमेशा सिखाया की सत्य के पथ पर चल कर कैसे संघर्ष किया जाता है। उन्होंने झारखंड निर्माण में और झारखंड को संवारने में जो किया वो सदैव हमारी स्मृतियों में रहेगा। 94 फीसदी फेफड़े खराब होने के बाद भी वो अंतिम समय तक झारखंड की सेवा करते रहे, वो महान जीवट व्यक्तित्व के मालिक थे, यूं ही उन्हें टाइगर नहीं कहा जाता। पूरे राज्य ने एक सच्चा झारखंडी खो दिया,जिसकी भरपाई कभी भी संभव नहीं, अंतिम जोहार की इस शोकसभा में केंद्रीय समिति सदस्य मुन्ना सिन्हा, सुनील तिवारी, मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रमेश सिंह, उपाध्यक्ष राजेश सिन्हा, रंजन चंद्रवंशी, कमाल खान, संगठन सचिव अनुराग सिंह, शाहबाज खान, झामुमो नेता दीपक तिवारी, सन्नी शुक्ला, अभिषेक सिंह, हाजी ललन, कौशर आरा, सुशीला मिश्र, मुकेश चौधरी, रंजन कुमार, बबलू चौधरी , अरविंद चौधरी सहित दर्जनों झामुमो के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भक्ति जागरण सह सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ संपन्न

### मंत्रोच्चारण एवं शंखनाद से पूरा वातावरण हुआ भक्तिमय

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर श्री महावीर नवयुवक सेवा समिति ने स्थानीय जय भवानी संघ चौक जैन मंदिर रोड में भक्ति जागरण किया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ हुई, इसके बाद सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। उसके बाद हनुमान जी की आरती हुई ,जिसमें पुरोहितों के द्वारा मंत्रोच्चारण एवं शंखनाद से वहां का पूरा वातावरण भक्ति मय हो गया साथ ही साथ भंडारे का भी आयोजन किया गया था। जिसमें पूरी सब्जी और बुंदिया भक्तों के बीच वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संदीप कुमार दास ने। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित विधायक आलोक चौरसिया, निगम महापौर अरुणा शंकर, उपमहापौर राकेश कुमार सिंह, भाजपा नेता मनोज सिंह ,भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष ज्योति पांडे, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एवं समाज से नारी शक्तियों को भी सम्मानित किया गया। सभी को हनुमान चालीसा, अंग वस्त्र एवं शस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद सभी संरक्षक को, साथ ही सभी पत्रकारों को सम्मानित किया गया । इसके बाद सभी सनातनी बंधुओं को सम्मानित किया गया जो समाज के लिए दिन रात लगे रहते हैं। इस कार्यक्रम में उमाशंकर म्यूजिकल ग्रुप के टीम ने भक्ति जागरण किया। श्री महावीर नवयुवक सेवा समिति के संरक्षक के रूप में ज्ञान शंकर, सुनील तिवारी,मनोज कुमार सिंह, पिंटू गुप्ता ,मनोज सिंह , मंगल सिंह ,बब्लू गुप्ता, ब्रजेश शुक्ला, विजय ओझा, मनोहर कुमार, दुर्गा जोहरी, सोनू सिंह नामधारी, लाल बाबू , टिवंकल गुप्ता प्रदीप जायसवाल, अनिल साहू, अजित पाठक, राज कुमार गुप्ता, विकाश सिन्हा, जितेन्द्र अग्रवाल है।

# शॉर्ट सर्किट से घर में लगी आग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला में गुरुवार की रात खुर्शीद नामक व्यक्ति के घर शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। जानकारी के अनुसार खुर्शीद घर में नहीं था टेंपो चलाने गया था। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा घर में आग लगने की सूचना उसको दी गई। जानकारी मिलते ही वह अपने घर पहुंच कर आसपास के लोगों की मदद से आग को बुझाने में सफल रहा। इस अगलगी की घटना में घर में रखें लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार खुर्शीद गैस सिलेंडर लोगों के घर पहुंचाने का काम करता है। अभी फिलहाल वह टेंपो चलाने का काम करता है। टेंपो चला कर ही अपने परिवार का गुजर-बसर कर रहा है।

# माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में सेवा संपुष्टि पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संघ भवन में शुक्रवार को माध्यमिक शिक्षकों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। जिसमें प्राचार्य की नियुक्ति में उच्च विद्यालय के शिक्षकों को मौका न मिलने के साथ-साथ नवनियुक्त शिक्षकों के सेवा संपुष्टि के विषय पर चर्चा की गई। उपस्थित सभी साथियों ने एक स्वर से प्राचार्य नियुक्ति में माध्यमिक शिक्षकों को मौका ना मिलना, माध्यमिक शिक्षकों के साथ सरासरअन्याय बताया। इसके लिए उपस्थित सभी साथियों ने एक स्वर से संगठन के बैनर तले आंदोलन करने की प्रतिबद्धता दोहराई। इसी संबंध में 9 अप्रैल को रांची में होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए सभी सदस्यों ने उत्सुकता जाहिर की। सर्वप्रथम जिला इकाई प्रदेश इकाई के नेतृत्व में बैठक की जाएगी। जैसा प्रदेश कमिटी का निर्णय होगा उससे कदम से कदम मिलाकर संघ माध्यमिक शिक्षकों के अस्तित्व के प्रश्न पर आंदोलन करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। साथ ही साथ कई शिक्षक साथीयों ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की सलाह दी ।जबकि अधिकांश साथी शिक्षा सचिव एवं राज्य के मुख्यमंत्री से अनुरोध करने का सुझाव रखे। बैठक में कई शिक्षक उपस्थित थे।

### विधायक ने किया पथ का शिलान्यास

**मेदिनीनगर।** प्रखंड छतरपुर पंचायत और मुरुमदाग पंचायत भवन से मझौली मेन रोड तक लगभग तीन किलोमीटर पथ का शिलान्यास विधायक पुष्पा देवी ने किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार भी उपस्थित थे। उपस्थित जनसमूह ने इस सड़क निर्माण कार्य की सराहना की और विधायक के प्रति आभार जताया। इस कार्यक्रम में छतरपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष पूरन यादव, प्रमुख पति राजन सिंह, पूर्व प्रमुख जगनारायण सिंह, लाल बिहारी यादव, कपिल सिंह, संजय यादव, जयराम भुइयाँ,गणेश राम, माला राम, सूर्य देव यादव, नौडीहा बाजार इत्यादि लोग मौजूद थे।

# अज्ञात वाहन की चपेट में आकर चौकीदार की मौत

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** नावा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम तुकबेरा निवासी रिटायर चौकीदार श्याम नारायण राम उम्र 70 वर्ष की मौत शुक्रवार की सुबह एनएच 139 पर हाईवा की चपेट में आकर हो गई। जानकारी के अनुसार श्याम नारायण राम प्रतिदिन की तरह शुक्रवार की सुबह करीब 5:00 बजे अपने घर से टहलने के लिए सड़क पर निकले थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी नावा बाजार थाना प्रभारी दीपक कुमार दास को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी दीपक कुमार दास घटनास्थल पर पहुंचकर सड़क पर पड़े क्षत-विक्षत शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिए। परिजनों ने बताया कि मृतक 10 वर्ष पहले नावा बाजार थाना क्षेत्र में ही चौकीदार के रूप में कार्यरत थे हाल में ही वह सेवानिवृत्त हुए थे। उनकी मौत की खबर सुनकर तुकबेरा मुखिया विनोद विश्वकर्मा, अरुण पासवान, पूर्व प्रमुख रविंद्र पासवान, संतोष पाल, सुनील राम सहित अन्य लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे।

# पलामू में सादगी से मना गुड फ्राइडे, गिरजाघरों में रही धूम

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर के विभिन्न गिरजाघरों में शुक्रवार को पूरी सादगी के साथ गुड फ्राइडे मनाया गया। इसमें ईसाई धर्मावलंबियों ने प्रभु यीशु को क्रूस पर लटकाए जाने को लेकर आराधना की। इस अवसर पर चर्चों में ईसाई धर्मावलंबियों ने यीशु प्रार्थना की। जो क्रूस पे कुरबां वो है मेरा मसीहा की बात प्रस्तुत की गई। साथ ही क्रूस की महिमा पर प्रकाश डाला गया। शहर के स्टेशन रोड स्थित कैथौलिक चर्च में पूरी सादगी के साथ प्रभु यीशु की आराधना की गई। यहां यीशु प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। बाइबल पाठ किया गया। पल्ली पुरोहित फादर ने मिस्सा पूजा व आराधना की। सभी ने क्रूस की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। मौके पर शांति की महारानी चर्च के पल्ली पुरोहित फादर विजय के अनुसार 40 दिनों के उपवास, परहेज और प्रार्थना में समुदाय लगा हुआ था। गुड फ्राईडे को प्रभु यीशु के दुख भोग और मृत्यु को याद करते हैं। आज ही के दिन उन्हें मृत्यु दंड दिया गया था। उन पर आरोप था की वे ईश निदा करते हैं। इस लिए उस समय के शासकों ने उन्हें क्रुस पर चढ़ा दिया और हमारे पापों के लिए प्रभु यीशु ने मरण स्वीकार किया। प्रभु यीशू ने कहा है कि जो भी अपना क्रुस उठाकर मेरे साथ चलता है वही मेरा सच्चा मित्र होता है। मेरे लिए सब कुछ छोड़ देता है वहीं मेरा सच्चा दोस्त है। शाम को पुनः मिस्सा पूजा व अराधना का आयोजन किया गया। इसमें प्रभू यीशू के वचन दुहराए गए। कहा गया कि प्रभू यीशू ने क्रुस पर चढ़ाते समय भी विरोधियों को क्षमा कर दिया था। उन्होंने कहा था- हे पिता इन्हें क्षमा करो। इन्हें नहीं मालूम कि ये क्या कर रहे हैं। बताते चलें कि प्रभु यीशु के क्रूस पर चढ़ाने को ले गुड फ्राइडे मनाया जाता है। तीसरे दिन रविवार को प्रभु यीशु जीवित हो जाते हैं। इस मौके पर इस्टर पर्व सादगी से मनाया जाएगा।



# शहीद कार्यकर्ता को दी गई श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के वर मुहल्ला में स्थित शाहिद छोटू साव एवं बिनोद यादव चौक पर आरएसएस, बजरंग दल, विश्वहिंदू परिषद सहित सभी हिंदू वादी संगठनों ने सामूहिक रूप से शहीद छोटू साव व विनोद यादव कि तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें सत्रहवीं श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत लोगों ने दो मिनट का मौन भी रखा। गौरतलब है कि अप्रैल 2006 रामनवमी शोभा यात्रा के दौरान सनातन संस्कृति व सनातन धर्म कि रक्षा करते हुए इन दोनों वीरो ने अपने जीवन का सर्वोच्च बलिदान दिया था। मौके पर प्रखंड विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल ने कहा कि हम रहे या ना रहे, यह श्रद्धांजलि युगों युगों तक यूं ही इन दोनों वीरों को हर साल मिलती रहनी चाहिए। वहीं आरएसएस के कार्यवाहक सदस्य अमितेश्वर दयाल ने कहा कि 2006 रामनवमीं शोभा यात्रा के दौरान हमारे दो कार्यकर्ता शाहिद हुए थे। श्री दयाल ने कहा जब-जब सनातन मूल्यों कि हानि होगी हम सब भी इन दोनों वीरो से प्रेरणा लेते हुए,धर्म कि रक्षा हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर कर देंगे। मौके पर बजरंग दल प्रखंड संयोजक मूनू बक्सराय, राजकुमार मेहता, सत्यम सोनी, देवकुमार ठाकुर, रोहित कुमार, राजू प्रसाद साहू, नितेश गुप्ता, दीपक ठाकुर, संतोष गुप्ता, रामजी मेहता, देवकुमार ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।



# नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बजार।** पलामू जिला स्थित तोलरा ग्राम में रामानुज उच्च विद्यालय के प्रांगण में तोलरा मुखिया रोहित तिवारी के द्वारा पहली बार महादेव क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। यह टूर्नामेंट लगभग 11 दिनों से चल रहा है। काफी संख्या में दूर-दूर से खिलाड़ी एंट्री लेकर इस टूर्नामेंट में भाग लिये है। ग्रामीण इलाके में लाइट की चकाचौंध में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होना बड़ी बात होती है। पूरी व्यवस्था के साथ नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट कराया जाता है ताकि खिलाड़ियों को खेल खेलने में कोई दिक्कत ना हो। वहीं मुखिया रोहित तिवारी ने बताया कि हमें शुरू से ही खेल के प्रति रूची रही है। इसलिए मैं चाहता हूं जो लोग खेल में काफी रुचि रखते हैं। उन्हें टूर्नामेंट के माध्यम से खेल खेलने का मौका मिले। ताकि वे अच्छे खिलाड़ी बनकर निकले और गांव, समाज तथा देश का नाम रौशन करें।

**मदद** | बेटियों की शादी के लिए धर्मशाला बनाने का लक्ष्य

# बिना दहेज शादी कराने का रहेगा प्रयास : श्रवण

**नवीन मेल संवाददाता**



मेदिनीनगर। अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी निवर्तमान झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य महासभा अध्यक्ष श्रवण कुमार गुप्ता ने शुक्रवार को सतबरवा का दौरा किया। उन्होंने सतबरवा के आजीवन सदस्यों से आग्रह किया कि आगामी 16 अप्रैल 2023 को पटना में राष्ट्रीय अध्यक्ष पद का चुनाव है। इसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी के तौर पर वह चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली प्राथमिकता बेटियों की शादी बिना दहेज के कराने का प्रयास होगा। गरीब तथा समाज के सभी होनहार बच्चों की शिक्षा पर जोर दिया जाएगा, ताकि सभ्य समाज की स्थापना की जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा से नाता समाज के लोगों को जोड़ना होगा। समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करना तथा अग्रणी भागीदारी निभाने के लिए सभी को एक मंच पर आने की जरूरत पर बल दिया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि देश के हर छोटे-बड़े शहर तथा जहां पर रौनियार वैश्य समाज के लोगों की बहुलता है। वहां पर प्राथमिकता के आधार पर धर्मशाला निर्माण करायी जाएगी। रौनियार वैश्य समाज का गौरवशाली इतिहास है। राजा हेमचंद्र विक्रमादित्य के हमलोग वंशज हैं । रौनियार वैश्य समाज का गठन 102 साल पहले हुआ है। उन्होंने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि देश में करोड़ों की संख्या में रौनियार समाज के लोग निवास करते हैं। परंतु दुखद पहलू यह है कि मात्र 32 सौ के करीब आजीवन सदस्य हैं। जो राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में मतदान करते हैं। मौके पर बताया गया कि सतबरवा में 5 आजीवन सदस्य हैं जिनका वोट अध्यक्ष पद के चुनाव में सरवन प्रसाद गुप्ता को देंगे। आजीवन सदस्यों में अर्पण कुमार गुप्ता, संदीप कुमार, सतीश कुमार, अमित गुप्ता, मनोज प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे। इससे पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के प्रत्याशी का सतबरवा पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। बड़े नगरो से लेकर छोटे-छोटे शहरों में धर्मशाला निर्माण एक साल के अंदर कराया जाएगा ताकि अपने समाज के बच्चे, बूढ़े और अन्य लोग वहां पर कम कीमतों में रह सकते हैं।

# जमीन विवाद में जमकर मारपीट आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में गत 30 मार्च को घर पर हमला कर प्रेम राम चन्द्रवंशी, उसके पुत्र गुड्डू एवं भतीजा शनि के साथ मारपीट कर जख्मी करने की घटना के आठ दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है। इस संबंध में चैनपुर थाना में 6 लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मारपीट में प्रेम और उसके पुत्र को गंभीर चोट आई है। प्रेम का एक हाथ फ्रेक्चर कर गया है । शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर जख्म बने हुए हैं।पीड़ित प्रेम राम ने शुक्रवार को बताया कि गत 30 मार्च नवमी के दिन देर शाम अचानक उसके घर पर 8-10 लोग पहुंचे और लाठी-डंडे से मारना पीटना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि उसके गोतिया गणेश राम के साथ उसका जमीन विवाद है। फर्जी तरीके से गणेश ने उसके और गोतिया परिवार के अन्य हिस्से की जमीन और मकान अपने नाम करवा ली है। इस संबंध में कुछ दिन पहले चैनपुर थाना में मामला दर्ज कराया था । इस एफआइआर के कारण गणेश उसकी पत्नी उषा देवी, दामाद सहित 8 से10 लोग अचानक नवमी के दिन आ धमके और घेरकर उसकी जमकर पिटाई की। 8 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं पाई है। इस संबंध में चैनपुर के थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता और एसडीपीओ सदर ऋषभ गर्ग से भी मिलकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है। थाना प्रभारी ने बताया है कि इंजरी रिपोर्ट अबतक नहीं आई है। आने पर कार्रवाई की जायेगी। प्रेम ने कहा कि उसका हाथ फ्रेक्चर है और शरीर के अन्य हिस्से में जख्म के निशान बने हुए हैं, उसके बावजूद पुलिस कार्रवाई के लिए जख्म प्रतिवेदन का इंतजार कर रही है। यह बड़ा ही हास्यास्पद है। प्रेम ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

# विचार प्रवाह

ज्ञान की बात

**ईश्वर जिनसे रूष्ट होता है, उन्हें इतना सुख देता है कि वे भूल जाएं और भूले ही रहें और जिनसे प्यार करता है, उसे तिल-तिल जलाकर बेहद मजबूत बना देता है। आपको नहीं लगता कि पांडवों ने कष्ट सहा, वह उनकी तपस्या थी, उनकी परीक्षा थी? उस तपस्या ने उन्हें क्या बना दिया, वह आप अभी नही जानते हैं। उनका स्थान देवताओं से भी ऊंचा है। उनकी उपलब्धियां मानव इतिहास में अद्वितीय होंगी व सहस्त्राब्दियों तक उनकी पूजा होगी। – *ठाकुर जी***



## अनुदान राशि व सरकार

***झारखंड*** में वैसे भी शिक्षा की स्थिति अच्छी नहीं है। बहुत सारे स्कूल अनुदान पर चल रहे हैं। वैसी स्थिति में वित्त रहित माध्यमिक विद्यालय एवं इंटर कालेजों का अनुदान से वंचित रह जाना यह दर्शाता है कि इस मामले में लापरवाही बरती गयी है। बताया गया है कि इनके अनुदान की स्वीकृति यह कहते पिछले दिनों रोक दी गयी कि इस मामले में शर्तों को पूरा नहीं किया गया। अब सवाल उठता है कि इन कारणों से अनुदान से वंचित कैसे किया गया। राज्य में वित्त रहित विद्यालय और कालेज राज्य सरकार के अनुदान पर ही चलते हैं। ऐसे में अनुदान से वंचित विद्यालय और शिक्षकों के सामने विकट स्थिति आ गयी है। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। वैसे भी प्राथमिक स्तर पर ज्यादातर शिक्षक जिनकी आबादी पचपन फीसदी है,वह पारा शिक्षक हैं। इनके बदौलत ही 40 फीसदी प्राइमरी स्कूल पूरी तरह पारा शिक्षक ही चला रहे हैं। ऐसे में हम कह सकते हैं कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था बदहाल हैं। स्कूलों में बुनयादी सुविधाओं का घोर अभाव है। कई विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था नहीं हैं। हालांकि शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं,लेकिन जो सफलता मिलनी चाहिए नहीं मिल रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि राज्य में शिक्षा की स्थिति कैसे सुधरेगी? बहरहाल किसी भी राज्य की तरक्की में शिक्षा का होना बहुत जरूरी है। ऐसे में वित्त रहित विधालयों में अनुदान का नहीं मिलना घोर लापरवाही दर्शाता है। आने वाले दिनों में हम राज्य सरकार से उम्मीद कर सकते हैं कि इस लापरवाहीं के पीछे खड़े अधिकारियों पर कार्रवाई कर यह बताया जाये कि आने वाले दिनों में ऐसी भूल नहीं होगी। गांवों में आज भी कई विद्यालय उपेक्षा का संगीत सुन रहे हैं। साथ ही कई जगहों पर शिक्षक तो हैं लेकिन बच्चे नहीं हैं। कई जगहों पर बच्चे हैं लेकिन शिक्षको का घोर अभाव है। ऐसे में उम्मीदों के आकाश में यह समझना जरूरी है कि हमारी जरूरतों पर कैसे सेंध लगती है। नौनिहालों के भविष्य के साथ कोई भी मजाक बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। आज भी दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यालय भवन जर्जर हैं। कभी भी कोई अनहोनी की घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पलामू के माध्यमिक विद्यालय तरहसी की छत से बरसात के दिनों में पानी का रिसाव होता है। कई बार शिक्षकों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की है। बावजूद इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी कई जगहों पर सड़क की स्थिति ठीक नहीं है। साथ ही करीब-करीब अधिकांश विद्यालयों में पीने का पानी नहीं है। चापाकल हांफने लगे हैं। कुलमिलाकर हम कह सकते हैं कि झारखंड के एक तिहाई से भी ज्यादा प्राथमिक विद्यालयों में सिर्फ एक शिक्षक है,जबकि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के मुताबिक ,सभी स्कूलों में कम से दो शिक्षकों का होना जरूरी है। इसी से इन स्कूलों के प्रति सरकारी उदासीनता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

**स्कूलों में बुनयादी सुविधाओं का घोर अभाव है। कई विद्यालयों में शौचालय की व्यवस्था नहीं हैं। हालांकि शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं।**

## मूल्य आधारित शिक्षा सुख की अनुभूति का आधार



डॉ. सौरभ मालवीय



***भारत*** की प्राचीन गौरवशाली संस्कृति समस्त विश्व के सुख, समृद्धि एवं शान्ति की कामना करती है। भारतीय चिन्तन में व्यष्टि से समष्टि तक का विचार किया गया है। भारतीय पर्व इस बात का प्रतीक हैं। यहां पर प्रायः प्रतिदिन कोई न कोई लोकपर्व, व्रत, पूजा एवं अनुष्ठान का दिवस होता है, जो इस बात का प्रतीक है कि भारतीय अपने जीवन में कितने प्रसन्न रहते हैं। हमारे धर्म ग्रन्थों में भी सुख पर अनेक श्लोक एवं मंत्र हैं। सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चित दुःखभाग भवेत।। अर्थात सभी सुखी रहें, सभी रोगमुक्त रहें, सभी मंगलमय के साक्षी बनें और किसी को भी दुख का भागी न बनना पड़े। किन्तु आज भारतीय प्रसन्नता के मामले बहुत पिछड़ गये हैं। अब भारतीय पूर्व की भांति प्रसन्न नहीं रहते। वे दुखी रहने लगे हैं। एक सर्वे में यह बात सामने आई है। अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस पर जारी वार्षिक प्रसन्नता रिपोर्ट के अनुसार 137 देशों की सूची में भारत 125वें स्थान पर है। वर्ष 2022 में भारत इस सूची में 144वें स्थान पर था तथा वर्ष 2021 में 139वें स्थान पर था। प्रसन्नता के संबंध में पड़ोसी देशों की स्थिति भारत से अच्छी है। यह अतिरेक सा लगता है। पाकिस्तान 108वें स्थान पर है, जबकि म्यांमार 72वें, नेपाल 78वें, बांग्लादेश 102वें और चीन 64वें स्थान पर है। इस रिपोर्ट के अनुसार फिनलैंड विश्व का सर्वाधिक प्रसन्नता वाला देश है। विगत छह वर्षों से वह अपने इस स्थान पर बना हुआ है। डेनमार्क द्वितीय और आइसलैंड तृतीय स्थान पर है। इस सूची में इजरायल चौथे स्थान पर है, जबकि नीदरलैंड्स पांचवें, स्वीडन छठे, नार्वे सातवें, स्विटजरलैंड आठवें, लक्जमबर्ग नौवें और न्यूजीलैंड दसवें स्थान पर है। सबसे कम प्रसन्न देशों की सूची में लेबनान, जिम्बॉब्वे, द डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो आदि देश सम्मिलित हैं। इस सूची में अफगानिस्तान अंतिम स्थान पर है। उसे 137वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि विगत एक वर्ष से रूस और यूक्रेन के मध्य युद्ध चल रहा है। फिर भी इन देशों की स्थिति भारत से अच्छी बताई गई है। इस सूची में रूस 70वें स्थान पर है, जबकि यूक्रेन को 92वें स्थान पर है। यह रिपोर्ट यूएन सस्टेनेबल डेवलपमेंट सॉल्यूशन नेटवर्क द्वारा जारी की गई है। यह रिपोर्ट 150 से अधिक देशों के लोगों पर किये गये ग्लोबल सर्वे डाटा के आधार पर बनाई जाती है। प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र ने जुलाई 2011 में प्रसन्नता के संबंध में एक प्रस्ताव अपनाया था। इसके पश्चात संयुक्त राष्ट्र की जनरल असेंबली ने 12 जुलाई 2012 को प्रस्ताव के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष 20 मार्च को अंतरराष्ट्रीय प्रसन्नता दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस संबंध में अप्रैल 2012 में भूटान की राजसी सरकार ने विश्वभर के प्रतिनिधियों की एक बैठक बुलाई थी। इसमें इस बात पर चर्चा की गई कि लोगों की प्रसन्नता और कल्याण को भी आर्थिक दृष्टिकोण की तरह देखने की आवश्यकता है। बैठक में इसके लिए एक आयोग नियुक्त करने की भी अनुशंसा की गई। भूटान के प्रधानमंत्री जिग्मे थिनले ने इस अनुशंसा को स्वीकार किया। उनका कहना था कि सभी देशों की सरकारों को लोगों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के साथ-साथ उनकी प्रसन्नता और कल्याण को भी अधिक से अधिक महत्व देना चाहिए। उन्होंने बैठक में प्रस्ताव रखा कि संयुक्त राष्ट्र भी इस आयोग का सह-स्वामित्व करे और यह आयोग यूएन महासचिव के सहयोग से इस दिशा में कार्य करे। विश्वभर के प्रसन्नता वाले नगरों में उत्तर प्रदेश का कानपुर शहर सम्मिलित है। यहां के लोग प्रसन्न रहने वाले तथा मित्र बनाने वाले हैं। यह नगर समस्त भारत के लिए प्रेरणा बन गया है। इससे यह बात सामने आती है कि मित्रों के साथ रहने से व्यक्ति प्रसन्न रहता है। मित्र दुख- सुख के साथी होते हैं। मित्रों से बात करने पर मन हल्का हो जाता है। मित्र निराशा के समय आशा की किरण दिखाते हैं। मित्र प्रोत्साहित करते हैं। मित्रों के साथ व्यक्ति अपने जीवन का बहुत अच्छा समय व्यतीत करता है। मित्रों के साथ रहने से प्रसन्नता प्राप्त होती है। प्रसन्नता एक अनुभूति है। यह मानव मस्तिष्क में पाई जाने वाली भावनाओं में सबसे सकारात्मक अनुभूति है। इस अनुभूति के उत्पन्न होने के अनेक कारण हैं। इनमें अपनी किसी इच्छा की पूर्ति होने पर होने वाली संतुष्टि की अनुभूति सर्वोपरि है। प्रायः जीवन बहुत विशाल होता है। जीवन से सदैव सुख प्राप्त नहीं होता। मनुष्य को अनेक कठिनाइयों का भी सामना करना पड़ता है। यह अतिशय नहीं है कि जीवन में सुख कम और दुख अधिक होता है। इसके अनेक कारण है। मनुष्य जीवन में सदैव सुख की कामना करता है। वह समृद्धि प्राप्त करना चाहता है। वह अपार धनराशि संचय करना चाहता है, अर्थात वह जीवन में सबकुछ प्राप्त करना चाहता है, परन्तु सदैव ऐसा नहीं होता। उसकी कुछ इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं तथा कुछ इच्छाएं पूर्ण नहीं होतीं। उसकी जो इच्छाएं पूर्ण हो जाती हैं, वह उसके बारे में विचार नहीं करता, अपितु उससे अधिक की कामना करने लगता है। ऐसी परिस्थितियों में वह दुख का भागीदार बन जाता है। इसके अतिरिक्त उसकी जो इच्छाएं पूर्ण नहीं होतीं वह उनके बारे में भी चिंता करता रहता है। इस चिंता के कारण वह मानसिक तनाव से ग्रस्त हो जाता है। यह मानसिक तनाव उसे अनेक प्रकार के रोगों से ग्रस्त कर देता है। इस प्रकार के मानसिक तनाव से ग्रस्त व्यक्ति आत्महत्या करके अपना जीवन भी समाप्त कर लेता है। उल्लेखनीय है कि आत्महत्या की सभी घटनाओं के पीछे मानसिक तनाव ही कारण होता है। यह स्थिति दिन-प्रतिदिन चिंताजनक होती जा रही है। वयस्क ही नहीं, अपितु बालक भी आत्महत्या जैसा जघन्य अपराध कर रहे हैं। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आती रहती हैं। मानसिक तनाव के क्या कारण हैं? इस पर चिंतन-मनन किया जाना चाहिए। बाल्यकाल जीवन का सबसे उत्तम समय होता है। यह तनाव मुक्त होता है। बच्चों पर किसी भी प्रकार का कोई दायित्व नहीं होता। उन्हें केवल शिक्षा प्राप्त करनी होती है तथा अपना शेष समय खेलकूद में व्यतीत करना होता है। फिर आज के बच्चे तनाव ग्रस्त क्यों हैं? इसके अनेक कारण हो सकते हैं। प्रायः देखने में आता है कि माता-पिता बच्चों पर अधिक से अधिक अंक लाने का दबाव बनाते हैं। सभी बच्चे पढ़ाई में श्रेष्ठ नहीं हो सकते। बच्चे प्रातःकाल में अपने विद्यालय जाते हैं। वहां से आने के पश्चात ट्यूशन के लिए जाते हैं। वहां से आने पर विद्यालय एवं ट्यूशन का कार्य करते हैं। ऐसे में बच्चों के पास अपने स्वयं के लिए समय ही नहीं मिलता। इसके अतिरिक्त बच्चों को जबरन अन्य गतिविधियों में डालना एवं उन पर श्रेष्ठ प्रदर्शन का दबाव डालना भी उन्हें मानसिक तनाव से ग्रस्त कर देता है। माता-पिता के लिए अत्यावश्यक है कि वे अपने बच्चों की मनोस्थिति को समझें तथा उनकी पसंद एवं नापसंद का ध्यान रखें। वे बच्चों को विपरीत परिस्थितियों में भी सुख से रहने की शिक्षा दें।

**वर्ष 2022 में भारत इस सूची में 144वें स्थान पर था तथा वर्ष 2021 में 139वें स्थान पर था। प्रसन्नता के संबंध में पड़ोसी देशों की स्थिति भारत से अच्छी है। यह अतिरेक सा लगता है। पाकिस्तान 108वें स्थान पर है।**

इन दिनों

### बोधि वृक्ष

## *आईए सुनें मां गंगा की कथा*

***राधा*** ने कहा - प्राणेश ! आपके प्रसन्न मुख कमल को निहारने वाली ये कल्याणी कौन है ? इसके मन में मिलने की इच्छा है। आपके मनोहर रूप ने इसे अचेत कर दिया है । इसके सब अंग पुलकित हो रहे हैं । राधा ने साध्वी गंगा से भी कुछ कहना चाहा , गंगा योग में प्रवीण थी । गंगा को योग से राधा का मनोभाव भी ज्ञात हो गया । अत : बीच सभा में ही अन्तर्ध्यान होकर वे अपने जल में प्रविष्ट हो गई। तब सिद्ध योगिनी राधा ने योग से इस रहस्य को जानकर उस जल स्वरूपिणी गंगा को अंजलि से उठाकर पीना आरम्भ कर दिया । ऐसी स्थिति में राधा का अभिप्राय भी गंगा से छिपा न रह सका , अतः वह भगवान श्रीकृष्ण की शरण में जाकर लीन हो गई । तब राधा ने गंगा को गोलोक , बैकुण्ठ लोक तथा ब्रह्मलोक आदि सब जगहों पर ढूंढा , परन्तु वह कहीं न मिली । उस समय सर्वत्र जी का नितांत अभाव हो गया। फिर तो विष्णु , शंकर , धर्म , इन्द्र , सूर्य देवता और मुनिगण सभी गोलोक में आये। भगवान श्रीकृष्ण को उपस्थित सभी देवताओं ने प्रणाम करके उनका स्वागत किया। श्रीकृष्ण ने देवताओं का अभिप्राय समझकर उनसे कहा- आप सभी महानुभाव गंगा को ले जाने के लिए यहां पधारे हैं। परन्तु इस समय वह गंगा शरणार्थी बन कर मेरे चरण कमलों में छिपी है। मैं आप लोगों को उसे सहर्ष सौंप दूंगा , लेकिन आप पहले उसे निर्भय कर दें क्योंकि राधा उसे पी जाने के लिए उद्यत थी। फिर तो वे सब देवता भगवती राधा को प्रसन्न करने में लग गए। भक्ति के कारण अत्यन्त विनीत होकर ब्रह्माजी ने अपने चारों मुखों से राधा जी की स्तुति की। ब्रह्माजी जी की इस प्रकार की प्रार्थना पर राधाजी हंस पड़ी। उन्होंने गंगा की सभी बातों को स्वीकार कर लिया। तब गंगा श्रीकृष्ण के पैर के अंगूठे के नखाग्र से मिलकर विराजमान हो गई। ब्रह्मा जी ने गंगा के उस स्वरूप को कमण्डल में रखा लिया। भगवान शंकर ने उस गंगाजल को अपने मस्तक पर स्थान दिया तत्पश्चात ब्रह्माजी ने गंगा को राधा मंत्र की दीक्षा की।

(क्रमशः)

## हिन्दुओं के त्यौहारों पर ही हिंसक घटनायें क्यों?



ललित गर्ग

***रामनवमी*** पर निकाली गई शोभा यात्राओं के दौरान देश के विभिन्न राज्यों में हिंसा की जो वीभत्स, त्रासद एवं उन्मादी घटनाएं सामने आई हैं वे एक सवाल खड़ा करती हैं कि हिन्दुओं के त्यौहारों को ही अशांत एवं हिंसक क्यों किया जाता है? आखिर हिन्दू उत्सवों के मौके पर सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल खराब करने के लिए क्या जानबूझकर कोई षड्यंत्र किया जाता है? क्यों हिन्दू देवी-देवताओं से जुड़ी आस्था पर ही हमला क्यों किया जाता है। गैर भाजपा सरकारों के राज्यों में ही हिन्दूओं पर हमले क्यों हो रहे हैं? सवाल यह भी है कि संबंधित राज्य की सरकार और स्थानीय पुलिस-प्रशासन ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए पहले से ही सतर्क क्यों नहीं रहता और दो समुदायों के बीच हिंसा भड़कने का इंतजार क्यों करता है? हर साल की तरह इस बार भी रामनवमी के दिन पश्चिम बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र में हिंसा हुई और इसके बाद बिहार सुलग उठा। बिहार के नालंदा एवं सासाराम सहित अन्य जगहों पर दो दिन से भीषण हिंसा हो रही है जिसे रोकने के लिए केन्द्रीय अर्धसैनिक बल तैनात करना पड़ा है। ऐसे में सवाल यह है कि इस प्रकार की घटनाओं के लिए किसे जिम्मेदार ठहराया जाय? हिंसा की ऐसी घटनाओं पर राजनीति करते हुए एक-दूसरे पर दोषारोपण करना तो हमारे देश में जैसे रिवाज बन चुका है लेकिन कोई भी राज्य सरकार इसके लिए अपनी चूक मानने को तैयार नहीं होती कि यह उसकी प्रशासनिक विफलता है। समाज एवं राष्ट्र में जो संकीर्ण साम्प्रदायिक व्यवस्था है और जो पनप रही है, वह न्याय के घेरे से बाहर है। सब चाहते हैं, उपदेश देते हैं कि धर्म विशेष के साथ अन्याय न हो, शोषण न हो। लेकिन वह धर्म-विशेष अन्याय करें, हिंसा करें, उत्पादी एवं उन्मादी माहौल निर्मित करें तो उसका प्रतिकार जरूरी है, तभी राष्ट्रीय एकता बन सकती है। यह कैसा साम्प्रदायिक सौहार्द है जिसमें हिंदू आस्था का अपमान हो लेकिन चुप रहो। मां काली को सिगरेट पीते हुए दिखाया जाए, लेकिन कुछ मत बोलो। महादेव और मां पार्वती का मखौल उड़ाया जाय लेकिन खामोश रहो। हिन्दू त्यौहारों पर होने वाले हमले पर मौन रहो, आखिर साम्प्रदायिक सौहार्द के नाम पर इस देश में कौन सा खेल खेला गया और खेला जा रहा है। आखिर कब तक हिन्दू धर्म के लोग ही सहिष्णुता एवं धार्मिक सौहार्द के लिये स्वयं का बलिदान करते रहेंगे? रामनवमी और उसके दूसरे दिन भी नमाज के बाद हिंसा की सबसे क्रूर तस्वीरें पश्चिम बंगाल से सामने आई। अपनी कमजोरी छिपाने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह तर्क दिया कि मना करने के बाद भी मुस्लिम इलाकों से शोभायात्रा निकाली गई इसलिए हिंसा भड़की लेकिन सवाल यह है कि मुस्लिम इलाकों से शोभा यात्रा निकालना कोई अपराध है? ममता बनर्जी का यह कैसा बेतुका तर्क है। 1947 में धर्म के आधार पर भारत के बंटवारे के बाद अब ममता बनर्जी धर्म के आधार पर भारत का आंतरिक बंटवारा करना चाहती है? ममता बनर्जी का यह बयान देश की एकता-अखंडता की दृष्टि से बेहद खतरनाक है। वास्तविक रूप से देखा जाए तो पश्चिम बंगाल में हुई भीषण हिंसा के लिए ममता बनर्जी के एक बयान को जिम्मेदार माना जा रहा है। ममता बनर्जी ने रामनवमी के एक दिन पहले कहा था कि मैं रामनवमी की शोभायात्रा को नहीं रोकूंगी लेकिन शोभायात्रा के दौरान अगर किसी मुस्लिम के घर हमला किया गया तो मैं छोड़ूंगी नहीं। जबकि उन्हें यह भी कहना चाहिए कि यदि किसी शोभायात्रा पर हमला किया तो उस पर भी कड़ी कार्रवाई की जायेगी। बात केवल पश्चिम बंगाल की नहीं है, बिहार, राजस्थान आदि में भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति की जा रही है, कट्टरवादी समुदाय की हिंसक एवं उन्मादी घटनाओं को दबाया जाता है। इस कारण हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले हो रहे हैं।

**समाज एवं राष्ट्र में जो संकीर्ण साम्प्रदायिक व्यवस्था है और जो पनप रही है, वह न्याय के घेरे से बाहर है। सब चाहते हैं, उपदेश देते हैं कि धर्म विशेष के साथ अन्याय न हो, शोषण न हो।**

बीच बहस में

### फोटो की दुनिया



### ट्वीट-ट्वीट




### फेसबुक वॉल से




## हिन्दुत्व भारतीय जीवन शैली का माधुर्य गीत



हृदय नारायण दीक्षित

***हिन्दुत्व*** भारतीय जीवनशैली का मधु है। इस मधु में विशेष प्रकार का माधुर्य है। यह किसी एक वृक्ष का मधु प्रसाद या रस नही है। मधुमक्खियां अनेक पौधों के फूलों तक गीत गाते जाती हैं। पुष्प रस संग्रह करते समय पुष्प पर बैठती नहीं हैं। वे फूल को चोट नही पहुंचाती हैं। प्रायः उड़ते-उड़ते हर एक पुष्प से रस लेती हैं। मधु अनेक वृक्षों, पौधों के फूलों का रस होता है। हिन्दुत्व भी ऐसा ही मधुसार है। तमाम विचार, अनेक उत्सव, अनेक परंपराएं, अनेक देवों व उनकी उपासनाओं का रस है हिन्दुत्व। हिन्दू संस्कृति एक है। अनेक रूपों वाली यह संस्कृति अपनी मूल आत्मा में एक है। भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। सतत शोध और बोध की धरती। ऋग्वेद से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है। यहां अनेक दार्शनिक विचारधारा उगीं। पूर्व मीमांसा, वैशेषिक, न्याय, सांख्य, योग व वेदान्त प्राचीन षट दर्शन है। बुद्ध और जैन को मिलाकर आठ दार्शनिक धाराएं हैं। उपनिषदों के दर्शन में विद्या और अविद्या के साथ प्रेय और श्रेय की महत्वपूर्ण उपस्थिति है। गीता, उपनिषद् व ब्रह्म सूत्र की प्रस्थानत्रयी है। रामायण और महाभारत महाकाव्य हैं। यह सामगान की धरती है। प्रकृति ने हिन्दुस्थान को बड़े प्यार से गढ़ा है। हिन्दू संस्कृति सारी दुनिया में श्रेय है। इन सबका सार हिन्दुत्व है। हिन्दुत्व एक विराट संवेदनशीलता है। यह संवेदना विश्व के प्रत्येक मनुष्य को आच्छादित करती है। हिन्दू कीट पतंग के प्रति भी संवेदनशील हैं। हिन्दुओं का सभी विचारधाराओं के प्रति आदर भाव है। सर्व पंथ समभाव हिन्दू जीवन रचना से ही विकसित हुआ है। हिन्दू वैदिक दर्शन के उत्तराधिकारी है। ऋग्वेद में धर्म की चर्चा कम है। प्राकृतिक नियमों की ज्यादा है। उपनिषदों के रचनाकाल तक दर्शन आधारित धर्म का विकास हो चुका था। हिन्दू धर्म की व्यापकता ध्यान देने योग्य है। बृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि कहते हैं- 'जिससे सूर्य उदय और अस्त होते हैं, वे प्राण से उदित होते हैं, प्राण से ही अस्त होते हैं। इस धर्म को देवों ने बनाया है'। इस मंत्र में धर्म का अर्थ नियम है। डॉ. पीवी काणे ने 'धर्म शास्त्र का इतिहास' लिखा है। पहले भाग में लिखा है- 'धर्म किसी संप्रदाय या मत का द्योतक नही हैं। यह जीवन का ढंग या आचार संहिता है। यह समाज या व्यक्ति के रूप में मनुष्य के कर्म और कृति को व्यवस्थित करता है।' धर्म व्यवस्था है। धर्म बिना जांचा परखा अंधविश्वास नहीं है। ऐसे विश्वास के लिए अंग्रेजी में 'बिलीवर' शब्द प्रयुक्त होता है। बिलीवर या विश्वासी तर्क नहीं करते। तर्क नहीं सुनते। वे अपने विश्वास दूसरों पर थोपने के लिए हिंसा को भी उचित ठहराते है। हिन्दू अपनी धारणा किसी अन्य 'विश्वास' पर नहीं लादते। वे सभी पंथिक विश्वासों का सम्मान करते हैं। सत्य सार्वभौम सत्ता है और प्रकृति का संविधान ऋत भी। ऋत और सत्य प्रायः समानार्थी है। तैत्तिरीय उपनिषद् में संकल्प है 'ऋतं वदिष्यामि - ऋत बोलूंगा। सत्यं वदिष्यामि - सत्य बोलूंगा।' बोलना दैनिक जीवन की सामान्य कार्रवाई है। सत्य बोलना और धर्म का आचरण लोकमंगल की साधना है - सत्यंवद, धर्मं चर। धर्म की नींव का आधार प्रकृति के शाश्वत नियम हैं। ऋग्वेद के साढ़े दस हजार मंत्रों में एक भी मंत्र धर्म पालन की जोर जबरदस्ती का निर्देश नहीं देता। वैदिक परंपरा का एक सुंदर शब्द है - व्रत। व्रत अर्थात संकल्प। लोकमंगल के कार्य करने का संकल्प व्रत है। वैदिक देवता भी व्रती हैं। वे प्रकृति के संविधान ऋत से ऊपर नहीं हैं। ऋत के अनुसरणकर्त्ता व्रती हैं। (ऋ०3-7-8) व्रत की सुंदर परिभाषा है- 'ऋत के अनुसार चलना व्रत है'। (ऋ०3-4-7) अग्नि देव भी ऋत व्रती है। (ऋ०3-7-8) सूर्योदय के पूर्व ऊषा आती हैं। ऊषा भी ऋत का अनुसरण करती हैं। (ऋ० 3-61-1) ऋत का पालन धर्म है। देवता मनुष्यों के आराध्य हैं।

**भारत भूमि हजारों वर्ष से जिज्ञासा की तपस्थली रही है। सतत शोध और बोध की धरती। ऋग्वेद से लेकर आधुनिक भारत तक यहां की मेधा ने अनुभूति और वैज्ञानिक विवेक का सारभूत ज्ञान रस संग्रहीत किया है।**

हिंदुत्व

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## NEWS इन ब्रीफ

### यूपी में इस साल कोविड से पहली मौत, 192 नए मामले आए सामने

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इस साल कोविड-19 से पहली मौत हुई है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। एक दिन में राज्य में 192 ताजा कोविड के मामले आए। एक बुजुर्ग महिला, जो 2 अप्रैल को कोविड -19 पॉजीटिव पाई गई थी, गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। लखनऊ में 35 और लोग पॉजीटिव पाए गए। मरने वाली महिला लखनऊ की वृंदावन कॉलोनी की रहने वाली थी और उसे आलमबाग के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

### तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या

**नदिया।** नदिया जिले के हांसखली में शुक्रवार सुबह अज्ञात बदमाशों ने एक तृणमूल नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक का नाम आमोद अली विश्वास था। वे रामनगर बड़ा चुपड़िया इलाके में तृणमूल कांग्रेस में अंचल उपाध्यक्ष के पद पर थे। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार रोज की तरह शुक्रवार सुबह भी आमोद अली विश्वास रामनगर बाजार में एक चाय की दुकान में बैठे हुए थे। तभी अचानक वहां मोटरसाइकिल से 10 लोग आए। उन सभी ने अपने चेहरे पर कपड़े बांधे हुए थे। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता उन्होंने आमोद अली विश्वास को लक्ष्य कर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। घटनास्थल पर ही आमोद अली की मौत हो गई और हमलावर फरार हो गए। इस घटना के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी शुरू हो गया है।

### आकांक्षा दुबे सुसाइड केस में भोजपुरी सिंगर समर सिंह गिरफ्तार



**लखनऊ।** भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में यूपी पुलिस ने उसके को-स्टार समर सिंह को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। समर सिंह को शुक्रवार सुबह राजनगर स्थित चार्म्स क्रिस्टल सोसायटी से गिरफ्तार किया गया। आकांक्षा 26 मार्च को वाराणसी के एक होटल में मृत पाई गई थीं। एफआईआर में एक्ट्रेस की मां मधु दुबे ने समर सिंह पर बेटी को परेशान करने और इतना बड़ा कदम उठाने के लिए उकसाने का आरोप लगाया था। इससे पहले वाराणसी पुलिस ने भोजपुरी एक्ट्रेस आकांक्षा दुबे को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में नामजद दो भोजपुरी गायक समर सिंह और संजय सिंह के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया था। 26 मार्च को एक्ट्रेस के मृत पाए जाने से कुछ घंटे पहले वह इंस्टाग्राम पर लाइव हुई थीं और उन्हें रोते हुए देखा गया था।

# बिहार में अब इफ्तार पार्टी को लेकर मचेगा सियासी घमासान!



**एजेंसी। पटना**

बिहार में अब इफ्तार पार्टी को लेकर सियासत शुरू होने वाली है। बिहार में रामनवमी पर्व को लेकर कई क्षेत्रों में हिंसा भड़की थी। इस बीच अब सियासी इफ्तार पार्टी के आयोजन को लेकर बिहार में नई सियासत की शुरूआत होने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वैसे, ऐसा नहीं है कि राजनीतिक दलों द्वारा इफ्तार पार्टी आयोजित करने की शुरूआत कोई पहली बार हो रही है। इससे पहले भी राजनीतिक दलों द्वारा इफ्तार पार्टी का आयोजन होता रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सरकारी आवास 1 अणे मार्ग में 7 अप्रैल की शाम इफ्तार पार्टी आयोजित की गई है तो नौ अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास 10 सकरुलर रोड में दावत-ए-ईफ्तार का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, वन पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव एवं सांसद डॉ मीसा भारती रोजेदारों का स्वागत करेंगे। कांग्रेस और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) द्वारा भी इफ्तार पार्टियों का आयोजन होता रहा है, लेकिन अब तक इसकी घोषणा नहीं हुई है।

हाल के दिनों में रामनवमी पर्व को लेकर हुई हिंसा को लेकर जिस तरह भाजपा आक्रामक नजर आ रही है उससे यह तय माना जा रहा है कि इस दावत-ए-इफ्तार के बाद सियासत भी खूब होगी।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले जदयू के एमएलसी खालिद अनवर द्वारा इफ्तार पार्टी में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के शामिल होने को लेकर विपक्ष पहले से ही निशाना साध रहा है। दरअसल, अनवर ने इफ्तार पार्टी के लिए लगे पंडाल में लालकिला की आकृति वाला बैक ग्राउंड बनवाया था। इसी मंच पर मुख्यमंत्री के बैठने की व्यवस्था की गई थी।

# पंचायत सदस्य के घर बदमाशों का हमला, तीन की मौत

**एजेंसी। कूचबिहार**

जिले के शीतलाकुची ब्लॉक अंतर्गत अस्पताल पाड़ा इलाके में स्थानीय पंचायत सदस्य के घर में बदमाशों के हमले में तीन लोगों की मौत हो गई है। जबकि एक घायल है। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह स्थानीय तृणमूल कांग्रेस के पंचायत सदस्य नीलिमा बर्मन के घर पर बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों के हमले में पंचायत सदस्य सहित चार लोग घायल हो गए। इधर, घरवालों की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। सभी घायलों को बरामद कर माथाभांगा महकमा अस्पताल ले जाया गया, जहां नीलिमा बर्मन और उनके पति बिमल बर्मन की मौत हो गई। वहीं, मृतक के दोनों बेटी रूनू बर्मन और इति बर्मन को गंभीर हालत में कूचबिहार के एमजेएन मेडिकल में रेफर कर दिया गया। इस दौरान रूनू बर्मन की भी मौत हो गई। जबकि इति बर्मन का फिलहाल इलाज चल रहा है। दूसरी तरफ घटना की खबर मिलते ही शीतलाकुची थाना और माथाभांगा महकमा के एडिशनल एसपी अमित वर्मा मौके पर पहुंचे। सूत्रों के अनुसार यह घटना प्रेम प्रसंग की है। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने हमलावर तीन लोगों को पकड़ लिया है। पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही है।

## औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय शुरू करेगा पेप्सिको का प्लांट

# आज मुख्यमंत्री योगी करेंगे भूमि पूजन व शिलान्यास

**करीब 1100 करोड़ रुपये का हो रहा निवेश, 1500 को मिलेगा रोजगार**

**दूध की आपूर्ति कर आय अर्जित कर सकेंगे दस हजार ग्रामीण परिवार**

**पैकेजिंग इंडस्ट्री व ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर को भी होगा फायदा**



**नवीन मेल नेटवर्क। गोरखपुर**

शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुराष्ट्रीय ख्याति वाली कंपनी पेप्सिको की फ्रेंचाइजी प्लांट का भूमि पूजन व शिलान्यास कर गोरखपुर में औद्योगिक प्रगति का नया अध्याय शुरू करेंगे। इसके साथ ही गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप बस रहे औद्योगिक गलियारे में रौनक भी आनी शुरू हो जाएगी। एफएमसीजी (फास्ट मूविंग कंज्युमेबल गुड्स) के एक बड़े प्लांट के लगने से रोजगार के अवसर तो बढ़ेंगे ही, कई छोटी आपूर्तिकर्ता कम्पनियों, पैकेजिंग व ट्रांसपोर्टेशन सेक्टर को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। खास बात यह भी है कि इस प्लांट में दूध की आपूर्ति कर करीब दस हजार ग्रामीण परिवार अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। पेप्सिको की फ्रेंचाइजी मेसर्स वरुण बेवरेजेज ने गीडा में करीब 1100 करोड़ रुपये के निवेश के लिए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू किया है। इस निवेश के धरातल पर आने से 1500 लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। वरुण बेवरेजेज को प्लांट लगाने के लिए गीडा की तरफ से औद्योगिक गलियारे में करीब 50 एकड़ भूमि का आवंटन किया गया है। कंपनी के अनुरोध पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। मेसर्स वरुण बेवरेजेज के अधिशासी निदेशक कमलेश जैन का कहना है कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में अभूतपूर्व बदलाव आया है। मजबूत कानून व्यवस्था, इंडस्ट्री फ्रेंडली नीतियों, प्रक्रियागत कार्यों के लिए पारदर्शी व्यवस्था, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस तथा निवेशकों के लिए सराहनीय सहयोग को देखते हुए कम्पनी गोरखपुर के अलावा प्रदेश के तीन अन्य जिलों प्रयागराज, अमेठी और चित्रकूट में भी प्लांट लगाने जा रही है। उन्होंने बताया कि कंपनी के देश मे कुल 36 प्लांट है। गोरखपुर में लग रहा प्लांट यूपी में सातवां होगा। यूपी में सात प्लांट होने से सात हजार लोग सेवायोजित होंगे।

### गोरखपुर में बनेंगे मल्टीनेशनल ब्रांड के उत्पाद

**मेसर्स** वरुण बेवरेजेज द्वारा लगाए जा रहे प्लांट में पेप्सिको के मल्टीनेशनल ब्रांड वाले उत्पाद बनेंगे। यहां काबोर्नेटेड सॉफ्ट ड्रिंक्स, फ्रूट पल्प बेस्ड ड्रिंक्स, मिल्क बेस्ड प्रोडक्ट्स, बेवरेज बेस्ड सिरप का उत्पादन होगा। साथ ही क्रीम बेल्स ब्रांड से आइसक्रीम भी बनेगा।

### दूध आपूर्ति से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

**आइसक्रीम** व मिल्क बेस्ड अन्य प्रोडक्ट्स के लिए प्लांट को रोज एक लाख लीटर दूध की आवश्यकता होगी। दूध आपूर्ति के लिए कंपनी स्थानीय ग्रामीणों को प्राथमिकता देगी। अनुमान है कि दूध आपूर्ति से जुड़कर करीब दस हजार ग्रामीण परिवार अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। इससे दूध उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

### निवेशकों को प्रोत्साहित करने में सीएम योगी की निजी दिलचस्पी

**प्रदेश** में निवेशकों को प्रोत्साहित करने में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की व्यक्तिगत दिलचस्पी रहती है। इस दृष्टि से अकेले गोरखपुर की बात करें तो वह 12 मार्च को गीडा में मेसर्स अंकुर उद्योग के 550 करोड़ रुपये के सरिया प्लांट का उद्घाटन करने आए थे। इसके अलावा गीडा के स्थापना दिवस पर भी उन्होंने 133 निवेश परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया था। निवेश और निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए शनिवार को एक बार फिर गीडा आ रहे हैं।

### उद्योग जगत के नक्शे पर चमकने को गोरखपुर तैयार

**गीडा** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी पवन अग्रवाल का कहना है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर उद्योग जगत के नक्शे पर चमकने को तैयार है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में गोरखपुर को 1.71 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्हें अब धरातल पर उतारा जा रहा है। उद्यमियों की जरूरत को पूरा करने के लिए गीडा में पर्याप्त लैंड बैंक है और निरंतर इसमें बढ़ोतरी भी की जा रही है।

# मप्र में भाजपा का आधी आबादी पर पूरा जोर : शिवराज सिंह चौहान



**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भाजपा पूरा जोर धीरे-धीरे आधी आबादी को लुभाने में लगा रही है। यही कारण है कि सत्ता और संगठन दोनों ही आधी आबादी को खुश करो अभियान में जुटे नजर आते हैं। सरकार जहां सौगातें दे रही है तो वहीं संगठन उनकी महत्वपूर्ण काम में हिस्सेदारी बढ़ाने में जुटा हुआ है। राज्य में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने वाले हैं और भाजपा को इस बात का अहसास है कि किसी तरह की कमी उसके नुकसान का कारण बन सकती है। लिहाजा पार्टी और सरकार हर मोर्चे पर सक्रिय है। इसके चलते सरकार और संगठन का सबसे ज्यादा जोर आधी आबादी पर है। वैसे पार्टी जनजातीय और अनुसूचित जनजातीय के करीब भी पहुंचने की कोशिश में लगी हुई है। बीते कुछ दिनों में यही संकेत मिले हैं कि राज्य में आधी आबादी पर पार्टी का पूरा जोर है।

राज्य में पात्र महिलाओं को एक हजार रुपये माह की आर्थिक मदद देने के मकसद से लाडली बहना योजना को अमल में लाया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का कहना है कि लाडली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना और अब मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना बेटियों और बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। वहीं सत्ता में भी उनकी हिस्सेदारी बढ़ाने का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, प्रदेश में पंचायत एवं नगरीय निकायों के निर्वाचन में बेटियों को 50 प्रतिशत और पुलिस की भर्ती में 30 प्रतिशत स्थान आरक्षित किए गए हैं। शिक्षकों की भर्ती में आधे स्थान बेटियों के लिए रखे गए हैं। रजिस्ट्री में पुरुषों को जहां तीन प्रतिशत स्टाम्प शुल्क लगता है, वहीं महिलाओं को एक प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की सुविधा दी गई है।

इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास और मुख्यमंत्री आवासीय भूमि योजना में संपत्ति के मालिक पति और पत्नी दोंनों होते हैं। महिलाओं के लिए अलग से इंडस्ट्रियल स्टेट बनाया जा रहा है।

एक तरफ जहां सरकार महिलाओं के लिए योजनाओं को अमली जामा पहना रही है, वहीं संगठन भी महिलाओं को महत्व दे रहा है। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि निकाय चुनाव में बड़ी संख्या में महिला जनप्रतिनिधि चुनी गई हैं, जो हमारी ताकत हैं। सभी 64100 बूथों पर 33 प्रतिशत आरक्षण के साथ महिला कार्यकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी।

## इलाहाबाद उच्च न्यायालय का निर्देश

# ओबीसी पैनल की रिपोर्ट वेबसाइट पर करें अपलोड

**एजेंसी। लखनऊ**

इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में ओबीसी आरक्षण पर ओबीसी आयोग की रिपोर्ट चार दिनों के भीतर राज्य के शहरी विकास विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्देश दिया है। राज्य सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों में ओबीसी के प्रतिनिधित्व का अध्ययन करने के लिए उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया था। आयोग की जिम्मेदारी ओबीसी के राजनीतिक पिछड़ेपन पर डेटा एकत्र करने की थी। न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति मनीष कुमार की खंडपीठ ने विकास अग्रवाल द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। अग्रवाल ने लखीमपुर खीरी जिले में निघासन नगर पंचायत के आरक्षण के संबंध में 30 मार्च, 2023 को जारी राज्य सरकार की मसौदा अधिसूचना को चुनौती दी थी। अपनी याचिका में, याचिकाकर्ता ने उच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था कि आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक डोमेन में नहीं थी, जिससे उसके लिए आपत्ति दर्ज करना असंभव हो गया। अदालत ने कहा, जहां तक इस याचिका में दी गई अन्य राहत का संबंध है, हमें इस चरण में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता क्योंकि याचिकाकर्ता को पहले ही सूचित कर दिया गया है कि 'अग्रवाल' जाति ओबीसी श्रेणी में नहीं आती है। अब, जब याचिकाकर्ता को पता है कि नगर पंचायत निघासन से संबंधित सीट ओबीसी श्रेणी के लिए आरक्षित की गई है और याचिकाकर्ता उससे संबंधित नहीं है, तो अन्य राहत का दावा उचित समय पर किया जा सकता है, जब भी आवश्यकता हो। सुप्रीम कोर्ट ने 27 मार्च को राज्य चुनाव आयोग को दो दिनों के भीतर उत्तर प्रदेश में स्थानीय निकायों के लिए चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के लिए अधिसूचना जारी करने की अनुमति दी थी। इसके बाद, शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों में आरक्षण पर एक मसौदा अधिसूचना 30 मार्च को जारी की गई और सरकार ने 6 अप्रैल तक आपत्तियां आमंत्रित कीं।

# दूल्हे की कार ने सात को रौंदा, दो महिलाओं की मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज जिले के विश्वंभरपुर थाना क्षेत्र में एक विवाह की खुशी तब मातम में बदल गई, जब दूल्हे की कार बेकाबू हो गई और बारात देखने आए सात लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन की हालत गंभीर बताई जा रहीं है। पुलिस के मुताबिक, लक्ष्मीपुर गांव में सलीम मियां की बेटी के निकाह के लिए कुचायकोट थाने के भठवा गांव से बारात आई थी। बरात में दूल्हे की कार अचानक बेकाबू हो गई और बारात देखने आए लोगों को रौंद दिया। इस दौरान दरवाजे पर खड़े होकर बारात देख रही महिलाओं के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में तीन महिलाओं की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस उपाधीक्षक संजीव कुमार ने बताया कि घायलों में तीन महिलाओं को प्राथमिक इलाज के बाद गोरखपुर रेफर कर दिया गया है।

# बंगाल सरकार के साथ बैठक में 3 सूत्री एजेंडा पेश करेगा संयुक्त मंच

**एजेंसी। कोलकाता**

कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को 17 अप्रैल तक महंगाई भत्ता बकाया का भुगतान न करने पर आंदोलन कर रहे कर्मचारियों के साथ एक बैठक करने का निर्देश दिया। इस निर्देश के एक दिन बाद, आंदोलन की अगुवाई कर रहे संयुक्त मंच ने शुक्रवार को बैठक में तीन सूत्री एजेंडे को पेश करने का फैसला किया। संयुक्त मंच के संयोजक भास्कर घोष के अनुसार, राज्य सरकार को पहले सुप्रीम कोर्ट में दायर उस याचिका को वापस लेना चाहिए, जिसमें पिछले साल कलकत्ता हाईकोर्ट की एक खंडपीठ के फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें राज्य सरकार को महंगाई भत्ते के बकाया भुगतान का निर्देश दिया गया था। उनके अनुसार, दूसरा एजेंडा यह है कि राज्य सरकार को पिछले महीने हड़ताल में हिस्सा लेने के लिए विभिन्न राज्य सरकार के कर्मचारियों को जारी कारण बताओ नोटिस वापस लेना चाहिए। आखिर में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को हड़ताल में भाग लेने वाले कुछ कर्मचारियों के दंडात्मक तबादलों के आदेश वापस लेने चाहिए। उनके अनुसार, प्रस्तावित समाधान बैठक के लिए संयुक्त मंच के एजेंडे में ये तीन प्रमुख बिंदु होंगे, लेकिन वे अस्थायी कर्मचारियों के नियमितीकरण और रिक्त पदों को भरने जैसे दो अन्य मांग भी करेंगे।

# एकनाथ शिंदे कल आएंगे अयोध्या

**अयोध्या।** महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार एकनाथ शिंदे रविवार को शिवसेना के करीब तीन हजार सदस्यों के साथ अयोध्या आएंगे। शिवसेना ने मंत्रियों, पार्टी सांसदों और विधायकों को ठहराने के लिए अयोध्या की लगभग सभी होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं बुक कर ली हैं। शिंदे के स्वागत के लिए हजारों शिवसैनिकों के शनिवार को अयोध्या पहुंचने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के काफिले और महाराष्ट्र के शिवसैनिकों के अलावा, उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 10 हजार शिवसेना कार्यकर्ता भी अयोध्या में एकत्रित होंगे।

## उत्साह | परिवहन विभाग का राष्ट्रीय और राजकीय पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को तोहफा

# अब पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों का बस में सफर फ्री

**स्मार्ट कार्ड को टिकटिंग मशीन पर टैप करने पर मिलेगा जीरो मूल्य का टिकट**

**कार्ड में लगे स्मार्ट चिप में दर्ज होगा पुरस्कार प्राप्त शिक्षक का संपूर्ण विवरण**

**शिक्षा विभाग ने सभी बीएसए व डीआईओएस को एक सप्ताह में ऐसे शिक्षकों की सूची उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

**नवीन मेल नेटवर्क। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के वो शिक्षक जो राष्ट्रीय या राजकीय पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं उन्हें योगी सरकार स्मार्ट कार्ड के माध्यम से यूपी रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ देने जा रही है। परिवहन विभाग की ओर से की गई पहल पर शिक्षा निदेशक, बेसिक एवं माध्यमिक ने सभी जनपदों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों व डीआईएसओ को इस संबंध में पत्र लिखकर ऐसे सभी पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों की डिटेल एक सप्ताह के अंदर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। शिक्षा विभाग की ओर से परिवहन विभाग को सूची उपलब्ध कराने के बाद लाभार्थी शिक्षक को स्मार्ट कार्ड के लिए स्वयं अप्लाई करना होगा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय / राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए कूपन आधारित यात्रा 4000 किमी प्रति वर्ष की सीमा तक निर्धारित की गई है।



### 5 वर्ष के लिए जारी होगा कार्ड

**परिवहन** निगम द्वारा अपनी नई बस टिकटिंग योजना के अन्तर्गत लागू की जा रही ईटीआईएम (स्मार्ट कार्ड) के माध्यम से टिकट जारी किए जाने की व्यवस्था की गई है। राष्ट्रीय/ राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों को निगम द्वारा विशेष स्मार्ट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे। इन स्मार्ट कार्ड को टिकटिंग मशीन पर टैप करने पर शून्य मूल्य का टिकट जारी होगा, जिसमें बस नम्बर, कहां से कहां तक की यात्रा है, का विवरण अंकित होगा। इस प्रकार जारी स्मार्ट काड्‌र्स से की गई यात्राओं एवं उससे सम्बन्धित समस्त एमआईएस क्लॉउड आधारित डाटा सर्वर पर प्राप्त होगा, जिससे राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों के लिए जारी टिकटों के आधार पर प्रतिपूर्ति की धनराशि का वास्तविक आगणन निदेशक बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा को उपलब्ध कराया जाएगा। स्मार्ट कार्ड का मूल्य लाभार्थी को स्वयं वहन करना होगा। कार्ड की आयु 5 वर्ष है। खोने या जमा होने की स्थिति में नया कार्ड लाभार्थी को धनराशि का भुगतान करते हुए प्राप्त करना होगा।

### स्मार्ट चिप में होगा सम्पूर्ण विवरण

स्मार्ट कार्ड के लिए पुरस्कृत शिक्षक लाभार्थी को अपने आधार कार्ड एवं निदेशक बेसिक/ माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्राप्त परिचय पत्र के साथ शिक्षक का प्रमाणित फोटो लगा हो, जिसमें इस बात का उल्लेख हो कि परिचय पत्र धारक राष्ट्रीय/राज्य पुरस्कार प्राप्त अध्यापक है, के साथ परिवहन निगम के किसी भी जनपद के स्टेशन पर जाकर प्रार्थना पत्र निर्धारित प्रारूप में अपना विवरण अंकित करना होगा। आधार कार्ड एवं शिक्षा विभाग द्वारा जारी परिचय पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध करानी होगी। आधार कार्ड का ऑथेंटिकेशन प्राप्त होते ही स्मार्ट कार्ड काउंटर से उपलब्ध होगा। कार्ड का मूल्य 100/- तथा 18 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगी जिसका भुगतान शिक्षक को ही करना होगा।कार्ड में स्मार्ट चिप लगा होगा, जिसमें शिक्षक का सम्पूर्ण विवरण फीड होगा।

### ऑनलाइन भी कर सकेंगे अप्लाई

लाभार्थी के पास डेबिट और क्रेडिट कार्ड की तरह नाम व फोटो सहित पर्सनलाइज्ड स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने का भी विकल्प होगा। काउंटर पर एप्लिकेशन जमा करने के 7 कार्यदिवस में कार्ड जारी किया जाएगा। एसएमएस पर कार्ड तैयार है कि सूचना मिल जाएगी। लाभार्थियों के पास स्मार्ट कार्ड के लिए ऑनलाइन अप्लाई करने का भी विकल्प होगा। इसके लिए उन्हें परिवहन निगम की वेबसाईट www.upsrtc.com पर लॉगिन करना होगा, जहां उपलब्ध लिंक पर जाकर अपना विवरण एवं फीस जमा करनी होगी।

# बंगाल : एक ही परिवार के 3 लोगों की हत्या

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले के सीतलकुची में शुक्रवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यों की हत्या कर दी गई। मारे गए लोगों की पहचान बिमल कुमार बर्मन (68), उनकी पत्नी नीलिमा बर्मन (52) और उनकी बड़ी बेटी रूना बर्मन (24) के रूप में हुई है। दंपति की छोटी बेटी इति बर्मन (22) भी हमले में घायल हो गई और फिलहाल उसका स्थानीय अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। नीलिमा बर्मन सीतलकुची से तृणमूल कांग्रेस के लिए एक निर्वाचित ग्राम पंचायत सदस्य थीं। उनके पति राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग सेल के सीतलकुची ब्लॉक अध्यक्ष थे। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा ने कहा कि मुख्य आरोपी विभूति भूषण रॉय और उसके दो साथियों को पहले ही अपराध स्थल से गिरफ्तार किया जा चुका है। आगे की जांच जारी है। इस बीच, स्थानीय लोगों के अनुसार, विभूति भूषण रॉय इति के साथ रिश्ते में था। इस रिश्ते को उसके परिवार ने अस्वीकार किया। आज सुबह चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी बर्मन के आवास पर पहुंचे, तो देखा कि परिवार के चार सदस्य जमीन पर लहूलुहान पड़े हैं और तीनों आरोपी घटनास्थल पर खड़े हैं। पड़ोसियों ने तीनों को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। पड़ोसियों ने कहा कि कथित प्रेम प्रसंग को लेकर अक्सर झगड़े होते थे, लेकिन कोई सोच भी नहीं सकता था कि मामला इतना दुखद मोड़ ले लेगा।

# दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्वोत्तर में अपनी पहली क्रिकेट अकादमी खोली

**एजेंसी। गुवाहाटी**

जेएसडब्ल्यू-जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली आईपीएल फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने पूर्वोत्तर में अपनी पहली डीसी क्रिकेट अकादमी खोलने के लिए आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी के साथ हाथ मिलाया है।

आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी और दिल्ली कैपिटल्स के बीच सहयोग जनवरी 2023 में शुरू हुआ था, लेकिन नई डीसी क्रिकेट अकादमी के बारे में आधिकारिक घोषणा शुक्रवार को गुवाहाटी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई।

आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी गुवाहाटी में पहली क्रिकेट सुविधा है, जिसमें एक इनडोर प्रशिक्षण क्षेत्र है।



अकादमी कई नवोदित क्रिकेटरों को अपने कौशल को सुधारने के लिए आवास की सुविधा और कई टर्फ भी प्रदान करती है। पूर्वोत्तर क्षेत्र के युवाओं के पास अत्यधिक योग्य बीसीसीआई स्तर 2 कोचों और विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं के समर्थन के साथ क्रिकेटरों के रूप में विकसित होने का एक शानदार अवसर है।

आईसीओएन स्पोर्ट्स अकादमी के साथ सहयोग के बारे में बात करते हुए, डीसी क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने कहा, ₹गुवाहाटी में दिल्ली कैपिटल्स क्रिकेट अकादमी कई युवा लड़कों और लड़कियों को अच्छे गियर और पिचों में प्रशिक्षित करने का अवसर देगी। मुझे यकीन है कि हम जल्द ही युवा क्रिकेटरों को देखेंगे, जो पूर्वोत्तर क्षेत्र से दिल्ली कैपिटलव्स के समर्थन से भारत के लिए खेलते नजर आएंगे।

इस बीच, सैयद जफरी जकारिया, (प्रमुख कोच, डीसी आईसीओएन अकादमी) ने प्रशिक्षण केंद्र में सुविधाओं के बारे में बात की,उन्होंने कहा, ₹हमारे पास गुवाहाटी के एक आईसीओएन स्कूल परिसर में एक अति-आधुनिक इनडोर क्रिकेट सुविधा है। प्रशिक्षण सुविधा में चार आउटडोर एस्ट्रोटर्फ विकेट शामिल हैं। छात्रों के लिए क्षेत्ररक्षण का अभ्यास करने के लिए एक छोटा सा मैदान भी है।

इस अवसर पर दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली, हेड कोच रिकी पोंटिंग, सहायक कोच प्रवीन आमरे, शेन वॉटसन, जागृत आनंद (डीसी क्रिकेट अकादमियों के प्रमुख) देवाशीष बोरा, सचिव, आईसीओएन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, राजिंदर सिंह, संयुक्त सचिव, असम क्रिकेट एसोसिएशन, राजदीप ओझा, उपाध्यक्ष, असम क्रिकेट एसोसिएशन, नाबा भट्टर्जी, अध्यक्ष, मेघालय क्रिकेट एसोसिएशन और सैयद जफरी जकारिया, हेड कोच, डीसी आईसीओएन अकादमी मौजूद थे।

# ओलम्पिक चैंपियन होलुब कोवालिक गर्भवती



**एजेंसी। वारसॉ**

दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता पोलैंड की स्प्रिंटर मालगोरजाता होलुब कोवालिक ने घोषणा की है कि वह गर्भवती हैं और अपना करियर निलंबित कर रही हैं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार कोवालिक ने साथ ही कहा कि वह नहीं जानती कि वह ट्रैक पर लौट भी पाएंगी या नहीं। 30 वर्षीय एथलीट ने 2020 टोक्यो ओलम्पिक में पोलैंड के लिए दो पदक जीते थे। उन्होंने महिला चार गुना 400 मीटर रिले में स्वर्ण पदक और मिश्रित रिले में कांस्य पदक जीता। कोवालिक ने पोलिश मीडिया के साथ इंटरव्यू में कहा, मैं बहुत खुश हूं। मैं अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण क्षण की तैयारी कर रही हूं। मैंने हमेशा कहा है कि परिवार मेरे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। मैं अपने शरीर को अच्छी तरह जानती हूं, इसलिए मुझे लगा कि कुछ होने वाला है।

## NEWS इन ब्रीफ

### आइजॉल एफसी ने ट्राउ एफसी को हराया

**मंजरी।** आइजॉल एफ सी ने ट्राउ एफसी को पय्यनाड स्टेडियम में 1-0 से हराकर सुपर कप के ग्रुप चरण में जगह बना ली। आइजॉल एफसी के लिए मैच विजयी गोल बेलारूसी स्ट्राइकर इवान वेरास ने 64वें मिनट में दागा। आइजॉल ने शेष समय अपनी बढ़त को बनाये रखा जबकि ट्राउ एफसी आइजॉल के डिफेंस में सेंध नहीं लगा पायी। आई लीग में दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा था जबकि ट्राउ ने अपनी मेजबानी में 3-1 से जीत हासिल की थी।

### रहेट भारतीय पुरुष हॉकी टीम के विश्लेषक कोच बने



**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को घोषणा की कि रहेट हलकेट और एलन टान को भारतीय पुरुष हॉकी टीम का क्रमशः विश्लेषक कोच और वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त किया गया है। भारत में हॉकी की संचालन संस्था ने इससे पहले क्रैग फल्टन को पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त करने की घोषणा की थी। हॉकी इंडिया ने यह भी घोषणा की कि जूनियर महिला हॉकी टीम के प्रमुख कोच एंथनी फेरी भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषक कोच बनेंगे।

### लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने खिलाड़ी ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण शुरू किया

**नई दिल्ली।** लीजेंड्स लीग क्रिकेट ने घोषणा की है कि फ्रैंचाइजी आधारित टूर्नामेंट का अगला संस्करण सितम्बर 2023 में होगा और खिलाड़ी ड्राफ्ट के लिए पंजीकरण अब खुल गया है। दोहा में एलएलसी मास्टर्स का सफल सत्र रहा था जिसे वैश्विक रूप से 1.48 अरब लोगों ने देखा था। टूर्नामेंट के पहले संस्करण में इंडिया कैपिटल्स, मणिपाल टाइगर्स, गुजरात जायंट्स और भीलवाड़ा किंग्स ने हिस्सा लिया था। इंडिया कैपिटल्स ने भीलवाड़ा किंग्स को 104 रन से हराकर खिताब जीता था। पिछले सितम्बर में नौ देशों से 100 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। इस वर्ष यह संख्या 150 खिलाड़ी पहुंच जाने की उम्मीद है।

## आईपीएल मैचों के लिए धर्मशाला स्टेडियम तैयार

# 17-19 मई को खेले जाएंगे मुकाबले

**एजेंसी। धर्मशाला**

10 साल के लंबे अंतराल के बाद दुनिया के खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियमों में शुमार धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में 17 और 19 मई को खेले जाने वाले आईपीएल मैचों के लिए मैदान पूरी तरह से तैयार हो चुका है। धर्मशाला स्टेडियम में आईपीएल के अंतिम पड़ाव में 67वें व 70वें मैच का आयोजन किया जाएगा। 17 मई को खेले जाने वाले पहले मैच के लिए मेजबान किंग्स इलेवन पंजाब व दिल्ली कैपिटल्स की टीमें 15 मई को धर्मशाला पंहुच जाएंगी, जबकि 19 मई के दूसरे मैच के लिए राजस्थान रॉयल्स की टीम 18 मई को पहुंचेगी। पंजाब किंग्स इलेवन पंजाब और राजस्थान रॉयल्स के बीच यह मैच खेला जाना है।

एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने शुक्रवार को कहा कि आईपीएल मैचों के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा सभी तैयारियों को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भारत-आस्ट्रेलिया टेस्ट मैच के लिए आऊटफिल्ड तैयार न होने के कारण एचपीसीए से इस मैच की मेजबानी छिन गई थी। लेकिन अब आऊटफिल्ड पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। मैचों के लिए मैदान को पूरी तरह से तैयार कर लिया गया है। 15 मई को पंजाब किंग्स व दिल्ली कैपिटल्स टीमें धर्मशाला पहुंचेगी, तथा 18 मई को राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट टीम धर्मशाला पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि 17 मई को पंजाब किंग्स इलेवन व दिल्ली कैपिटल्स भिड़ेंगी। जबकि 19 मई को पंजाब किंग्स इलेवन का मुकाबला राजस्थान रॉयल्स क्रिकेट के साथ होगा।

अवनीश परमार ने कहा कि आईपीएल मैचों की तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा टीमों के ठहरने की व्यवस्था कंडी स्थित एचपीसीए के होटल में रहेगी। वहीं खिलाड़ियों के चार्टड फलाईट में कांगड़ा एयरपोर्ट पहुंचने के बाद टीमों को विशेष वाहनों द्वारा धर्मशाला लाया जाएगा। मैचों को लेकर टीमें क्रिकेट स्टेडियम में अभ्यास करती भी नजर आएंगी। इसके लिए अभ्यास पिचों के इंडोर व आऊटडोर दोनों स्तर पर तैयार किया गया है।



### दलाईलामा, राज्यपाल व सीएम को भी निमंत्रण

धर्मशाला स्टेडियम में खेले जाने वाले आईपीएल मैचों के लिए तिब्बती धर्मगुरू दलाईलामा, प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री को भी निमंत्रण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैचों को देखने के लिए ऑनलाईन टिकटों की बिक्री जल्द ही शुरू हो जाएगी। जबकि धर्मशाला में आईपीएल मैचों की टिकट बिक्री के लिए मई माह में कांउटर भी लगाए जाएंगे।

### अपने होम ग्रांउड में खेलेंगे हिमाचल के दो खिलाड़ी

धर्मशाला में खेले जाने वाले दो मैचों के दौरान आईपीएल का हिस्सा बने दो हिमाचली खिलाड़ी अपने होम ग्रांउड में खेलते नजर आऐंगे। इन दो मैचों के दौरान हिमाचल के स्टार खिलाड़ी ऋषि धवन पंजाब टीम से और आकाश वशिष्ठ राजस्थान रॉयल्स की टीम का हिस्सा रहेंगे।

## नाकामुरा ने विश्व चैंपियन कार्लसन को दी मात

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन के रूप में मैग्नस कार्लसन का आखिरी इवेंट विफल रहा। हिकारू नाकामुरा के खिलाफ एक नाटकीय मैच में हारने वाली माउसलिप ने उन्हें चेसेबल मास्टर्स से बाहर कर दिया। कार्लसन और उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी नाकामुरा दो ड्रा रैपिड गेम में आमने-सामने हो गए थे। इसके बाद लॉसर्स ब्रैकेट फाइनल आर्मगेडन प्ले-ऑफ पर लटका हुआ था। लेकिन आखिरी सेकंड में कार्लसन नियंत्रण नहीं बनाए रख सके और मुकाबला हार गए। मुकाबले में कार्लसन ने गलती से अपनी रानी को एफ 6 पर गिरा दिया और नाकामुरा ने अपने राजा के साथ इसे छीन लिया। जीएम डेविड हॉवेल के अनुसार इसके बाद खेल समाप्त हो गया। इससे पहले कार्लसन ने लेवोन अरोनियन के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। नाकामुरा अब 1.6 मिलियन डॉलर के चैंपियंस शतरंज टूर इवेंट के ग्रैंड फाइनल में पहुंच गए हैं।

## आईपीएल के टीवी व्यूअरशिप में भारी गिरावट

# डिजिटल व्यूअरशिप में जबरदस्त उछाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात टाइटन्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच टाटा आईपीएल 2023 के सीजन के पहले मैच में पिछले छह सत्रों में टीवी व्यूअरशिप के मामले में दूसरी सबसे कम संख्या दर्ज की गई। हालांकि डिजिटल व्यूअरशिप ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, टूर्नामेंट के आधिकारिक प्रसारक, स्टार स्पोर्ट्स ने ओपनिंग फिक्स्चर के लिए 7.29 की रेटिंग दर्ज की, जो 2021 संस्करण (8.25) और 2020 (10.36) से काफी कम है। पहले गेम के लिए संख्या 33 प्रतिशत थी, जो पिछले छह सत्रों में दूसरी सबसे कम है और बार्क संख्या भी इस गिरावट को दशार्ती है, जिसमें पिछले वर्ष के 23.1 प्रतिशत के विपरीत 22 प्रतिशत दर्ज की गई। एक बयान में कहा गया कि आईपीएल 2023 के आधिकारिक डिजिटल स्ट्रीमिंग पार्टनर जियो सिनेमा ने पिछले साल के डिज्नी प्लस हॉटस्टार के डिजिटल दर्शकों की संख्या के मुकाबले व्यूअरशिप टूर्नामेंट के पहले ही सप्ताह में पार कर ली। एक बयान में कहा गया है, जियो सिनेमा का आईपीएल डेब्यू रिकॉर्ड-ब्रेकिंग ओपनिंग डे नंबरों के साथ बेहद सफल साबित हुआ। जियो सिनेमा पर पहले दिन के कुल मैच व्यूज 50 करोड़ तक पहुंच गए। जियो सिनेमा 2.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया गया जिससे यह एक ही दिन में सबसे अधिक डाउनलोड किए गए ऐप का रिकॉर्ड बन गया। इसके अतिरिक्त, 6 करोड़ से अधिक दर्शकों ने पहले मैच के लिए ट्यून किया।

# पाक महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बनीं निदा डार



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अनुभवी ऑलराउंडर निदा डार को राष्ट्रीय महिला क्रिकेट टीम का कप्तान नियुक्त किया है। निदा आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2023 के बाद कप्तानी की भूमिका से हटने वाली बिस्माह मारूफ की जगह लेंगी। इसके साथ ही पीसीबी ने नए मुख्य कोच के रूप में मार्क कोल्स की नियुक्ति की है। कोल्स पहले भी 2017 और 2019 के बीच कोच की भूमिका निभा चुके है। एक अन्य बदलाव में, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सलीम जाफर को महिला चयन समिति के अध्यक्ष के रूप में नामित किया गया है।

## एस्टोरिल ओपन



# थिएम एस्टोरिल में सत्र के पहले क्वार्टरफाइनल में

**नई दिल्ली।** डोमिनिक थिएम ने सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बेन शेल्टन को 6-2, 6-2 से हराकर मिलेनियम एस्टोरिल ओपन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। यह उनका वर्ष का पहला क्वार्टरफाइनल है। ऑस्ट्रिया के थिएम ने पहले राउंड में हमवतन सेबस्टियन ओफनर को हराया था और फिर शेल्टन के खिलाफ जबरदस्त प्रदर्शन किया। एटीपी के अनुसार पिछले अक्टूबर में एंटवर्प के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद से यह पहला मौका है जब उन्होंने टूर स्तर पर लगातार जीत हासिल की है। पूर्व विश्व नंबर तीन थिएम का क्वार्टरफाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त रॉबटरे बतिस्ता अगुत या क्वेंटिन हेलिस से मुकाबला होगा। थिएम अब आठ स्थान के सुधार के साथ 103 नंबर पर पहुंच गए हैं। यदि वह एस्टोरिल में सेमीफाइनल में पहुंचते हैं तो वह टॉप 100 में जगह बना लेंगे। गुरूवार को बाद में स्पेन के बनार्बे जपाटा मिरल्स ने दूसरी सीड ह्यूबर्ट हरकाज को 6-7(7), 6-4, 6-2 से पराजित किया। मिरल्स का क्वार्टरफाइनल में मियोमिर केकमनोविच से मुकाबला होगा जिन्होंने ऑस्ट्रिया के जुरजी रोडिओनोव को 6-0, 6-1 से धो दिया।

# लखनऊ की शानदार गेंदबाजी, हैदराबाद को 121 रनों पर रोका

**एजेंसी। लखनऊ**

आईपीएल 2023 का 10वां मैच शुक्रवार को लखनऊ सुपर जायंट्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मुकाबले में हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है।

पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 121 रन ही बना पाई। हैदराबाद शुरूआत से लेकर अंतिम ओवर तक संघर्ष करती नजर आई। टीम के लिए राहुल त्रिपाठी ने 35 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनके



अलावा अनमोलप्रीत सिंह ने भी 31 रन, जबकि वाशिंगटन सुंदर ने 16 रनों की पारी खेली। अंत में अब्दुल समद ने नाबाद 21 रन बनाए। इन चारों के अलावा हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज 10 का आंकड़ा भी नहीं छू पाया। लखनऊ की ओर से क्रुणाल पांड्या ने तीन विकेट चटकाकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। उन्होंने अपने 4 ओवर के स्पेल में मात्र 18 रन ही दिए। क्रुणाल पांड्या के अलावा अमित मिश्रा ने 2, जबकि यश ठाकुर और रवि बिश्नोई ने 1-1 विकेट झटकी।

गौरतलब है कि आईपीएल 2023 में लखनऊ ने दो में से एक मैच जीता है, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद ने अभी तक एक ही मैच खेला है जिसमें उसे हार का सामना करना पड़ा था।

## मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अवार्ड | हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार समारोह, गुरबख्श बोले

# मेरे लिए यह आश्चर्यजनक, चौंकाने वाला व सुखद है



### मेरी आंखों में आंसू आ गए, मैंने अपना पूरा जीवन हॉकी को समर्पित किया है : गुरबख्श सिंह

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया के मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अवार्ड से नवाजे गए भारतीय हॉकी लीजेंड गुरबख्श सिंह ने कहा है, मेरे लिए यह आश्चर्यजनक, चौंकाने वाला और सुखद है। उन्हें पिछले महीने पांचवें हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार समारोह में यह अवार्ड दिया गया।

हॉकी इंडिया की पॉडकास्ट सीरीज 'हॉकी ते चर्चा' के ताजा संस्करण में दो बार के ओलम्पिक पदक विजेता ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड जीतने की खुशी को साझा किया और हॉकी से जुड़े कई विषयों पर बात की।

गुरबक्श ने कहा, मैं आज 88 साल का हूं और मैं हॉकी के लिए जो कुछ भी कर पा रहा हूं मैंने हमेशा उसका आनंद लिया है। यहां तक कि आज भी मैं इसका छोटा सा हिस्सा बनकर आनंदित हूं। मैंने हॉकी जीवन के 65 वर्षों में हर चीज का आनंद लिया है और मुझे इस पर गर्व है। मैं एक खिलाड़ी, कोच, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी अम्पायर, मैनेजर और बंगाल हॉकी संघ का 18 वर्षों तक सचिव रहा हूं। मैंने हॉकी में जो भी कुछ किया है मैंने पूरी तरह उसका आनंद लिया है। मैंने अपना पूरा जीवन हॉकी को समर्पित किया है और मैं मुझे मान्यता देने के लिए हॉकी इंडिया को धन्यवाद करता हूं।

पूर्व भारतीय कप्तान ने अपने करियर में कई उपलब्धियां और अवार्ड जीते हैं। उनके पास दो ओलम्पिक पदक(1964 टोक्यो ओलम्पिक में स्वर्ण पदक और 1968 मेक्सिको ओलम्पिक में कांस्य पदक) तथा एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक भी है। उन्हें हॉकी में उनके योगदान के लिए अर्जुन पुरस्कार भी दिया गया था।

हॉकी इंडिया मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम अवार्ड के लिए गुरबक्श ने कहा, ओलम्पिक स्वर्ण पदक, एशियाई गोल्ड मैडल सर्वश्रेष्ठ हैं लेकिन जब आपका अपना संघ हॉकी इंडिया आपको मान्यता देता है तो उसकी बात ही अलग है।

उन्होंने कहा, इससे मेरी आंखों में आंसू आ गए। पोडियम पर बोलते हुए मेरा गला रुंध गया। यदि यह मुझे पहले पता होता तो मैं एक स्पीच तैयार करके जाता।



# मप्र के छह और उत्पादों को मिला जीआई टैग

**एजेंसी। भोपाल**

मध्य प्रदेश के हस्त शिल्प उत्पाद ने नया इतिहास बनाया है। केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय के इंडस्ट्री प्रमोशन एडं इंटरनल ट्रेड द्वारा मध्यप्रदेश के 6 उत्पादों को जीआई टैग प्रदान किया गया है। इनमें रीवा का सुंदरजा-आम भी है। आधिकारिक तौर पर दी गई जानकारी में बताया गया है कि डिंडौरी की गोंड पेंटिंग, ग्वालियर का कार्पेट, उज्जैन की बाटिक प्रिंट, जबलपुर भेड़ाघाट का स्टोन क्राफ्ट, बालाघाट की वारासिओनी की साड़ी और रीवा के सुंदरजा-आम को जीआई टैग प्रदान किया गया है। यह पहला अवसर है कि जब एक साथ प्रदेश के इतने उत्पादों को जीआई टैग दिया गया है। साथ ही प्रदेश में जीआई टैग प्राप्त उत्पादों की संख्या 19 हो गई है। प्रबंध संचालक मध्यप्रदेश खादी ग्रामोद्योग बोर्ड एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी संत रविदास हस्तशिल्प विकास निगम अनुभा श्रीवास्तव ने बताया कि जीआई टैग (जियोग्राफिकल इंडिकेशंस टैग) एक प्रकार का लेवल है, जिसमें किसी प्रॉडक्ट को विशेष भौगोलिक पहचान दी जाती है।

# बदला ट्विटर का लोगो, डॉग की जगह फिर नीली चिड़िया

### एलन मस्क ने फिर बदला ट्विटर का लोगो

**एजेंसी। सैन फ्रांसिस्को**

दुनिया दूसरे अमीर कारोबारी एलन मस्क ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के लोगो को फिर से बदल दिया है। उन्होंने तीन दिन पहले नीली चिड़िया हटाकर एक डॉग को लोगो बनाया था। हालांकि, ये बदलाव केवल वेब वर्जन पर किया था, ऐप पर नहीं। अब नीली चिड़िया वाला लोगो फिर से वापस लाया गया है। वेब और ऐप दोनों पर ये लोगो नजर आ रहा है। लोगो में बदलाव के बाद क्रिप्टोकरेंसी डॉजकॉइन में करीब 10% की गिरावट देखने को मिल रही है। ये स्क्रीनशॉट तीन दिन पुराना है। बाएं तरफ का स्क्रीनशॉट ट्विटर के वेब वर्जन का है जिसमें डॉग का लोगो दिख रहा था। दाएं तरफ का स्क्रीनशॉट मोबाइल ऐप का है। यहां लोगो में चिड़िया ही दिखाई दे रही थी। ये स्क्रीनशॉट तीन दिन पुराना है। बाएं तरफ का स्क्रीनशॉट ट्विटर के वेब वर्जन का है जिसमें डॉग का लोगो दिख रहा था। दाएं तरफ का स्क्रीनशॉट मोबाइल ऐप का है। यहां लोगो में चिड़िया ही दिखाई दे रही थी। सॉफ्टवेयर इंजीनियर बिली मार्कस और जैकसन पालमर ने 2013 में बिटकॉइन जैसी अन्य क्रिप्टोकरेंसी का मजाक उड़ाने के लिए डॉजकॉइन की शुरूआत की थी। मस्क कई मौकों पर इसे अपनी पसंदीदा क्रिप्टोकरेंसी बता चुके हैं। मस्क ने डॉजकॉइन के सपोर्ट में फरवरी 2022 में कई ट्वीट किए थे। उस वक्त उन्होंने पहले ट्वीट में सिर्फ डॉगी लिखा था। दूसरे ट्वीट में मस्क ने लिखा था- डॉजकॉइन लोगों का क्रिप्टो है। नो हाई, नो लो ओनली डॉगी। इसके बाद इस क्रिप्टोकरेंसी की कीमत उछलकर 5 सेंट हो गई थी। मस्क के ट्वीट्स से पहले यह तीन सेंट पर ट्रेड कर रही थी। अब ट्विटर के नए लोगो में मस्क ने इस क्रिप्टोकरेंसी के डॉग की फोटो का इस्तेमाल किया है। ट्विटर का लोगो बदलते ही यूजर्स हैरान रह गए थे और एक-दूसरे से इस बदलाव को लेकर सवाल करने लगे।



# नई पेंशन स्कीम का रिव्यू करेगी सरकार

**एजेंसी। नई दिल्ली**




पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लागू करने की मांग कर रहे सरकारी कर्मचारियों के लिए अच्छी खबर है। सरकार अब नई पेंशन स्कीम का जल्द रिव्यू करेगी। गुरुवार (6 अप्रैल) को फाइनेंस मिनिस्ट्री ने कहा कि नेशनल पेंशन स्कीम का रिव्यू करने के लिए कमेटी बनाई है। इस कमेटी के रिव्यू के बाद सरकार फैसला लेगी कि पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लागू किया जाना चाहिए या नहीं। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब कई राज्यों ने पुरानी पेंशन योजना को फिर से लागू करने का फैसला किया है, जिससे विशेषज्ञों में चिंता बढ़ गई है। 24 मार्च को संसद में फाइनेंस बिल पेश करने के दौरान फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला सीतारमण ने नई पेंशन स्कीम का रिव्यू करने की बात कही थी। सीतारमण ने कहा था कि फाइनेंस सेक्रेटरी की लीडरशिप में एक कमेटी बनाई जाएगी। यह कमेटी नई पेंशन स्कीम का रिव्यू करेगी। रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने पुरानी पेंशन योजना को लेकर कहा कि आगे चलकर ये बहुत भारी पड़ेगी। राज्यों के कदम के बारे में बताते हुए भारत के कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ने कहा कि यह एक नीतिगत निर्णय है, जिस पर बहस करने का उनका इरादा नहीं है। अब तक राजस्थान, पंजाब, छत्तीसगढ़, झारखंड और हिमाचल प्रदेश ने सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को फिर से शुरू कर दिया है। सरकारी कर्मचारियों को साल 2004 से पहले पुरानी पेंशन स्कीम के तहत रिटायरमेंट के बाद एक तय पेंशन मिलती थी। यह पेंशन रिटायरमेंट के समय कर्मचारी की सैलरी पर आधारित होती थी। इस स्कीम में रिटायर्ड कर्मचारी की मौत के बाद उसके फैमिली मेंबर्स को भी पेंशन मिलने का नियम था। हालांकि अटल बिहारी वाजपेई सरकार ने अप्रैल 2005 के बाद नियुक्त होने वाले कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम को बंद कर दिया था और इसकी जगह नई पेंशन स्कीम लागू हुई थी। बाद में राज्यों ने भी नई पेंशन स्कीम को लागू कर दिया।

### भारत की फॉरेन एक्सचेंज से कमाई बढ़ी

**नई दिल्ली।** टूरिज्म के जरिए भारत की फॉरेन एक्सचेंज अर्निंग 2022 में 107% बढ़कर 1.34 लाख करोड़ रुपए हो गई है। यह साल 2021 में 65,070 करोड़ रुपए रही थी। इस बात की जानकारी सरकार ने अपने प्रोविजनल एस्टिमेट्स के अनुसार दी है। मिनिस्ट्री ऑफ टूरिज्म ने शुक्रवार को स्टेटमेंट में कहा कि कोरोना महामारी के बाद टूरिज्म इंडस्ट्री ने रिकवरी के अच्छे संकेत दिए हैं। नॉर्थ-ईस्टर्न रीजन के मिनिस्टर ऑफ कल्चर, टूरिज्म एंड डेवलपमेंट जी किशन रेड्डी ने कहा कि 2021 के 1.52 मिलियन की तुलना में भारत को 2022 में 6.19 मिलियन फॉरेन टूरिस्ट अराइवल्स मिले हैं। गुरुवार को राज्य सभा में एक सवाल का जवाब देते हुए रेड्डी ने ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के इस लेटेस्ट डेटा की जानकारी दी है। स्टेट गवर्नमेंट्स, यूनियन टेरिटरीज और सेंट्रल एजेंसियों को केंद्र सरकार प्लान्ड और फेज्ड मैनर में फाइनेंशियल मदद प्रोवाइड कराती है। जिससे वे सभी देश में टूरिज्म से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और फैसिलिटीज के डेवलपमेंट पर काम कर सकें। केंद्र सरकार अपनी स्वदेश दर्शन, प्रसाद और सेंट्रल एजेंसियों को सहायता स्कीम्स के तहत उन्हें यह मदद प्रोवाइड कराती है। मिनिस्ट्री ने यह भी कहा कि मंत्रालय ने टोल फ्री नंबर 1800111363 पर 24७7 मल्टी-लिंगुअल टूरिस्ट इंफो हेल्पलाइन सेट-अप की है।

# अब एफडी पर मिलेगा ज्यादा ब्याज




**एजेंसी। नई दिल्ली**

केनरा बैंक में फिक्स्ड डिपॉजिट कराने पर अब आपको ज्यादा ब्याज मिलेगा। बैंक ने एफडी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। अब केनरा बैंक में एफडी कराने पर 4.00% से लेकर 7.25% तक का ब्याज मिलेगा। वहीं वरिष्ट नागरिकों को 4% से लेकर 7.75% तक का ब्याज ऑफर किया जा रहा है। नई ब्याज दरों के अनुसार अगर अब आप केनरा बैंक में 1 साल के लिए एफडी कराते हैं तो आपको सालाना 7.00% की दर से ब्याज मिलेगा। वहीं 2 साल की एफडी पर 6.85% ब्याज मिलेगा। बैंक 444 दिन की एफडी पर 7.25% ब्याज ऑफर कर रहा है। एफडी से मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से टैक्सेबल होता है। आप एक साल में एफडी पर जो भी ब्याज कमाते हैं, वो आपकी एनुअल इनकम में जुड़ता है। कुल आय के आधार पर, आपका टैक्स स्लैब निर्धारित किया जाता है। चूंकि एफडी पर अर्जित इंटरेस्ट इनकम को ₹इनकम फ्रॉम अदर सोर्सेज माना जाता है, इसलिए इसे टैक्स डिडक्टेड एट सोर्स या टीडीएस के तहत चार्ज किया जाता है। जब आपका बैंक आपकी ब्याज आय को आपके अकाउंट में जमा करता है, तो उसी समय टीडीएस काट लिया जाता है।

### पोको का सस्ता स्मार्टफोन सी51 भारत में लॉन्च

**नई दिल्ली।** चाइनीज टेक कंपनी शाओमी के सब ब्रांड पोको ने इंडियन मार्केट में शुक्रवार, 7 अप्रैल को बजट सेगमेंट में नया स्मार्टफोन सी51 लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने अपनी सी-सीरीज के अंदर लॉन्च किए गए फोन में 5000एमएएच की बैटरी और 7जीबी रैम वर्चुअल सपोर्ट के साथ एंड्रॉयड 13 (गो एडिशन) ऑपरेटिंग सिस्टम दिया है। कंपनी ने सी51 को सिंगल वेरिएंट 4जीबी रैम + 64जीबी स्टोरेज में लॉन्च किया है और इसकी कीमत 8,499 रुपए रखी गई है। स्पेशल फर्स्ट डे सेल के तहत फोन को 7,799 रुपये में में खरीदा जा सकेगा। बायर्स डिवाइस को 10 अप्रैल से भारत में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट से खरीद सकेंगे।

# बंधन बैंक ने झारखंड में 3 शाखाएं जोड़ीं

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के सबसे तेजी से बढ़ते बैंक्स में से एक, बंधन बैंक द्वारा झारखंड अंचल में एक ही दिन में 3 शाखाओं की शुरूआत करने की घोषणा की गई है। इन नई शाखाओं की शुरूआत बोकारो और पूर्वी सिंहभूम जिलों में की गई है। बैंक ने राष्ट्रीय स्तर पर अपने नेटवर्क में 50 शाखाएँ जोड़ी हैं, जिनमें से अधिकांश झारखंड, बिहार, गुजरात और मध्य प्रदेश में हैं। आज शुरू हुई सभी शाखाओं के साथ, बंधन बैंक के पास अब 1,400 से अधिक शाखाओं का विशाल नेटवर्क है। नई शाखाओं का विस्तार बैंक की प्रतिबद्धता का सटीक प्रमाण है, जो कि देश भर में इसकी उपलब्धता प्रदान करने और ग्राहकों के सभी वर्गों की जरूरतों को पूरा करने पर आधारित है। बैंक की नई शाखाएँ, न सिर्फ ग्राहकों को दायित्व और एसेट प्रोडक्ट्स की पूरी श्रृंखला से, बल्कि बंधन बैंक के अद्वितीय ग्राहक प्रस्तावों से भी लाभान्वित होने में सक्षम बनाएँगी। बैंक निवेश को बढ़ाते हुए अपनी भौगोलिक उपस्थिति भी दर्ज कर रहा है। यह पूर्व और उत्तर-पूर्व के बाहरी क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है, जिसकी योजना आगामी कुछ वर्षों में सिक्योर्ड लोन्स की हिस्सेदारी में वृद्धि करने की है।

### 6 महीने के भीतर एयर इंडिया से जुड़े 3,800 कर्मचारी

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप द्वारा एयर इंडिया के अधिग्रहण के बाद से ही एयरलाइंस में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। एयर इंडिया ने पिछले 6 महीने में 3,800 से अधिक कर्मचारियों को अपने साथ जोड़ा है। इसके साथ ही कंपनी ने बेहतर सेवाएं देने और खुद को बदलने के लिए 5 साल का पूरा प्लान तैयार कर लिया है। इसके लिए एयरलाइंस ने 29 नई पॉलिसी को लागू करने की प्लानिंग की है। इकोनॉमिक टाइम्स में छपी रिपोर्ट के मुताबिक एयर इंडिया ने विकास के प्लान के लिए पहले चरण था टैक्सी जिसमें कंपनी ने अपने लीगल इश्यू को ठीक करने पर काम किया है।

## विदेश

# नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने 50 लोगों की हत्या की



**एजेंसी। नाइजीरिया**

अमेरिका से आए दिन गोलीबारी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। लेकिन एक अफ्रीकी देश में बंदूकधारियों ने हद कर दी। अफ्रीकी देश नाइजीरिया में बड़ा नरसंहार हुआ है। यहां कुछ लोगों ने भरे बाजार में ताबड़तोड़ फायरिंग करना शुरू कर दिया और इस हमले में 50 लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि ये स्थानीय चरवाहे थे, जिन्होंने इस बड़ी घटना को अंजाम दिया। उत्तर मध्य नाइजीरिया के बेन्यू राज्य में गुरुवार को बंदूकधारियों ने कम से कम 50 लोगों की हत्या कर दी। हालांकि, अभी हमले की जिम्मेदारी किसी भी संगठन की तरफ से नहीं ली गई है। अधिकारियों ने कहा कि स्थानीय चरवाहों पर हमले का संदेह था, जो पहले भी उत्तरी मध्य नाइजीरिया में जमीन के झगड़ों को लेकर किसानों से भिड़ चुके हैं। ओटुक्पो स्थानीय सरकार के अध्यक्ष रुबेन बाको ने कहा कि बेन्यू राज्य के उमोगिदी गांव में बंदूकधारियों ने 47 लोगों की हत्या कर दी, जबकि एक दिन पहले भी बंदूकधारियों ने इसी स्थान पर 3 अन्य लोगों की हत्या कर दी थी। बेन्यू राज्य पुलिस के साथ एनेनी सेवुइस ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमलावरों ने बाजार में गोलीबारी की।

### इजराइल ने हमास पर की एयरस्ट्राइक

# गाजा पर बरसाए बम, दो सुरंग-वेपन फैक्ट्री तबाह

**एजेंसी। गाजा**

इजराइल ने शुक्रवार तड़के सुबह गाजापट्टी पर एयरस्ट्राइक की। इजराइल की डिफेंस फोर्स ने एयरस्ट्राइक में दो सुरंगों और दो हथियार बनाने की फैक्ट्रियों को तबाह करने का दावा किया है। इजराइल ने इस ऑपरेशन को ह्यद स्ट्रॅान्ग हैंडह्न नाम दिया। एयरस्ट्राइक के बाद गाजा से उग्रवादियों ने भी इजराइल पर रॉकेट दागना शुरू कर दिए, जिसके बाद दक्षिणी इजराइल में एयर रेड सायरन गूंजने लगे। इजराइली सेना ने इसे 2006 के बाद सबसे बड़ा रॉकेट हमला बताया है। उन्होंने इसके लिए फिलीस्तीनी ग्रुप हमास को जिम्मेदार ठहराया। ये कार्रवाई लेबनान से इजराइल पर हुए रॉकेट हमले के जवाब में की गई। दक्षिणी लेबनान से हुए हमले में 34 से ज्यादा रॉकेट इजराइल की तरफ छोडे. गए थे। इनमें से 25 रॉकेट को डिफेंस सिस्टम ने गिरा दिया था। इस हमले में दो लोग घायल हुए थे और कई इमारतों, बैंक और गाड़ियों को नुकसान पहुंचा था। इजराइल पर हुए रॉकेट हमले के बाद ढट बेंजामिन नेतान्याहू ने सिक्योरिटी कैबिनेट के साथ मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि हम दुश्मन पर हमला करेंगे और उन्हें हर हमले की कीमत चुकानी होगी।



### मैक्रॉन चीन में खाली हाथ, यूक्रेन में जल्द होनी चाहिए शांति वार्ता

**बीजिंग।** रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के समाधान के लिए चीन पहुंचे फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन को फिलहाल सफलता मिलती नहीं दिख रही है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने रूस पर अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर युद्धविराम के लिए नए संकेत नहीं दिए हैं। चीन शांति योजना पर ही कार्य कर रहा है जिसमें 12 बिंदुओं में रूस और यूक्रेन के बीच समझौते की बातें हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलकर बीजिंग पहुंचे मैक्रॉन ने चिनफिंग से अनुरोध किया है कि वह रूस को शांति की राह पर लाएं लेकिन चीनी राष्ट्रपति ने इसके लिए प्रयास करने का कोई वचन नहीं दिया है। हां, चिनफिंग ने मैक्रॉन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में शांति के लिए व्यक्तिगत तौर पर प्रयास करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता जल्द से जल्द शुरू होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि चिनफिंग ने हाल ही में रूस का दौरा किया था और दोनों देशों ने अपनी सीमाओं से परे दोस्ती को दोहराया था।

# फ्लोरिडा में विमान हादसा, चार की मौत

**एजेंसी। वेनिस**

फ्लोरिडा के गल्फ कोस्ट के पास एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस ने यह जानकारी दी। विमान हादसे में मारे गए लोगों में दो महिलाएं शामिल है। फिलहाल पुलिस ने सभी शवों को बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, विमान ने वेनिस एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी और पश्चिम में मैक्सिको की खाड़ी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वेनिस पुलिस कैप्टन एंडी लीसेनरिंग ने बताया कि मौके पर मौजूद लोगों ने 911 को कॉल कर विमान हादसे की जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि एयरपोर्ट और दुर्घटनाग्रस्त वाली जगह पर मौजूद वीडियो फुटेज की समीक्षा की जाएगी। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड मामले की जांच कर रही है और उसे वीडियो फुटेज सौंपा गया है। उन्होंने बताया कि पाइपर ढअ-32फ विमान को



दोपहर से कुछ वक्त पहले करीब 23 फुट पानी के नीचे देखा गया था। अधिकारियों ने विमान हादसे में मारे गए चारों की पहचान कर ली है। पीड़ितों में 64 वर्षीय विलियम जेफरी लंपकिन, 68 वर्षीय पेट्रीसिया लंपकिन, 60 वर्षीय रिकी जो बीवर, 57 वर्षीय एलिजाबेथ ऐनी बीवर शामिल हैं। दिसंबर में वेनिस के पास इसी तरह की एक दुर्घटना में एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि, पुलिस अधिकारी ने इस घटना को असामान्य बताया।

## पेज एक के शेष

### अलविदा टाइगर : पंचतत्व में...

उनका ढांढस बंधाया। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से कहा कि दुख की इस घड़ी में हम सभी आपके साथ खड़े हैं। भगवान दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में जगह दे। इससे पहले शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे चेन्नई से उनका पार्थिव शरीर रांची एयरपोर्ट पहुंचा जहां टाइगर की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों समर्थक और पार्टी के कार्यकर्ता पहुंचे थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री और विधायक भी एयरपोर्ट पहुंचे थे। तिरंगे में लिपटे जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कंधा देते हुए फफक कर रो पड़े। इसके बाद जगरनाथ महतो के पार्थिव शरीर को बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सीधे विधानसभा परिसर लाया गया। जहां सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी नेताओं ने उनका अंतिम दर्शन किया और श्रद्धांजलि दी।

### भारत को एयर...

में बंटी हुई है, जिसमें पश्चिमी सेक्टर यानी जम्मू-कश्मीर, मध्य सेक्टर यानी हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखंड और पूर्वी सेक्टर यानी सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश है। इसी तरह भारत और पाकिस्तान के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय सीमा है, जो भारतीय राज्यों को पाकिस्तान के चार प्रांतों से अलग करती है। पाकिस्तान के साथ लगी सीमा की कुल लंबाई 3,323 किमी. है। भारत की सीमाएं सात देशों से मिलती हैं, जिसमें पाकिस्तान, चीन के अलावा नेपाल, भूटान, म्यांमार और बांग्लादेश हैं। इसमें नेपाल, भूटान और म्यांमार की सीमाओं पर लोग आसानी से एक से दूसरे देश में जा सकते हैं, लेकिन पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश की सीमाओं पर कड़ी चेकिंग की जाती है।

## हालात बदतर

### पाकिस्तान में महंगाई चरम पर

# 90 प्रतिशत अवाम ने होटलों में किया खाना बंद

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में आसमान छूती महंगाई के कारण 90 प्रतिशत लोगों ने होटलों में खाना बंद कर दिया है। नकदी की तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान में हालात बदतर हो गए हैं। यहां गरीब और मजदूर वर्ग को दाने-दाने के लिए मोहताज देखा जा सकता है। देश भर में स्थापित आटा वितरण केंद्रों पर हजारों लोगों की भीड़ देखी जा रही है। इन केंद्रों पर भी हालात लूटपाट और मारपीट के बन रहे हैं। हाल ही में एक केंद्र पर हुई भगदड़ में 16 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं कई जगहों पर आटे के बैग्स वाले ट्रकों को लूट लिया गया था। महंगाई के कारण निम्न वर्ग के लोगों के पास खाने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। स्थानीय लोगों और सरकारी मदद पर ही लाखों लोग गुजर बसर कर रहे हैं। पाकिस्तान में महंगाई और उसके असर को लेकर एक शोध संगठन ह्यगैलप पाकिस्तान ने एक सर्वे किया है। जिसके निष्कर्षों में कहा गया है कि इस्लामाबाद में 10 में से 9 लोगों (89 फीसद) ने यह स्वीकार किया है कि वे होटलों और रेस्तरां आदि में जाकर बाहर का खाना नहीं खा रहे। महंगाई के कारण यह शौक छोड़ देना ही बेहतर है। लोगों का कहना है कि होटल उद्योग पर महंगाई का असर देखा जा रहा है। हालांकि 9 प्रतिशत लोगों ने यह कहा है कि वे पहले की तरह ही होटल, रेस्तरां आदि में जाकर भोजन करते हैं. महंगाई के कारण कुछ धन अधिक खर्च करना पड़ता है, लेकिन इसका उनकी खानपान की आदत पर कोई खास अंतर नहीं पड़ा है। सांख्यिकी ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने कहा कि 1970 के दशक में मासिक रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से मुद्रास्फीति, ब्यूरो द्वारा दर्ज की गई साल-दर-साल सबसे अधिक वृद्धि थी. उन्होंने कहा, हमारे पास जो डेटा है, उसमें दर्ज की गई यह अब तक की सबसे ऊंची महंगाई दर है। सरकारी एजेंसी ने आगे खुलासा



किया कि मार्च में वार्षिक खाद्य मुद्रास्फीति शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए क्रमशः 47.1 प्रतिशत और 50.2 प्रतिशत थी, जबकि मुख्य मुद्रास्फीति, जो खाद्य और ऊर्जा को अलग करती है, शहरी क्षेत्रों में 18.6 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्रों में 23.1 प्रतिशत थी।




## NEWS इन ब्रीफ

### सोना तस्करी मामले में सरगना के.टी. रमीस गिरफ्तार

**कोच्चि।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने केरल सोना तस्करी मामले में सरगना के.टी. रमीस को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि रमीस को बुधवार को गिरफ्तार किया गया था जब उसे एक मामले में पूछताछ के लिए बुलाया गया था जिसमें स्वप्ना सुरेश मुख्य अभियुक्त है। रमीस को पहले भी इसी मामले में एनआईए और कस्टम विभाग गिरफ्तार कर चुका है। माना जा रहा है कि रमीस पश्चिम एशियाई देशों से सोना तस्करी को नियंत्रित करता है। ईडी ने बुधवार को उसे पूछताछ के लिए बुलाया था और वहीं गिरफ्तार कर लिया।

### केरल ट्रेन आग : 14 दिन की न्यायिक हिरासत में शाहरुख

**तिरुवनंतपुरम।** केरल ट्रेन आग मामले के मुख्य संदिग्ध शाहरुख सैफी को शुक्रवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। चलती ट्रेन में साथी यात्रियों को आग लगाने के आरोपी 24 वर्षीय सैफी का फिलहाल कोझिकोड मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। उसे महाराष्ट्र के रत्नागिरी से हिरासत में लिए जाने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था, क्योंकि उसे चोटें आई थीं। गुरुवार को मेडिकल जांच में पता चला कि से पीलिया का संदेह है। स्थानीय मजिस्ट्रेट शुक्रवार सुबह अस्पताल पहुंचे और सैफी को न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया।

### मिल रही धमकियों के चलते सलमान ने खरीदी बुलेट प्रूफ एसयूवी

**मुंबई।** बॉलीवुड के मेगा-स्टार सलमान खान ने मिल रही धमकियों के बीच आत्मरक्षा के लिए बंदूक का लाइसेंस लेने के बाद अब एक शानदार व्हाइट बुलेट प्रूफ एसयूवी खरीदी है जिसमें वो शहर का चक्कर लगाते हैं। अभिनेता के करीबी सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहले से ही सलमान खान को वाई-प्लस सिक्योरिटी कवर दी जा चुकी है, लेकिन रिस्क न लेते हुए उन्होंने अपने लिए निसान पेट्रोल एसयूवी इंपोर्ट कराई है। यह आर्मर्ड और बुलेटप्रूफ ग्लास के साथ उनके पूर्व मॉडिफाई टोयोटा लैंड क्रूजर का अपग्रेड होगा।



*नागपुर : भारतीय ईसाइयों ने शुक्रवार, 07 अप्रैल, 2023 को नागपुर के एसएफएस चर्च में गुड फ्राइडे के अवसर पर ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाने का कार्यक्रम प्रस्तुत किया।*

(फोटो : आईएएनएस)



*जयपुर : शुक्रवार, 07 अप्रैल, 2023 को जयपुर में जामा मस्जिद के बाहर रमजान के पवित्र महीने में जुमा की नमाज अदा करते मुस्लिम समुदाय के लोग।*

(फोटो : आईएएनएस)

### कश्मीर में अवैध पट्टे व मंदिर की संपत्तियों की बिक्री का मामला

# एलजी ने एसआईटी जांच के दिए आदेश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जेके पीस फोरम द्वारा उपलब्ध कराए गए सबूतों के आधार पर उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कश्मीर में मंदिर संपत्तियों के अवैध पट्टे और उक्त संपत्तियों की बिक्री की एसआईटी जांच का आदेश दिया है। कश्मीर स्थित एनजीओ ने आरोप लगाया है कि 33 वर्षों में किसी भी सरकार ने कश्मीर के अल्पसंख्यकों की मंदिर संपत्तियों की रक्षा के लिए कोई पहल नहीं की है।

अदालत के आदेशों के बावजूद, मंदिर की संपत्तियों को अवैध रूप से पट्टे पर दिया गया या बेचा गया। जेके पीस फोरम के अध्यक्ष सतीश महालदार ने कहाः जम्मू और कश्मीर प्रशासन/राजस्व विभाग मंदिर की संपत्तियों की रक्षा करने में विफल रहा है और मंदिर की संपत्तियों/परिसर को खाली कराने में असमर्थ रहा है, जिसे संबंधित प्रबंधन द्वारा कर्मियों के लिए अवैध रूप से पट्टे पर दिया गया है। एसआईटी जांच शुरू करने के लिए हम राज्यपाल के आभारी हैं। महलदार ने कहा : हम आपका ध्यान इस कड़वी सच्चाई की ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि जम्मू-कश्मीर की पिछली सरकारें कश्मीर में हिंदू अल्पसंख्यकों संपत्तियों की रक्षा करने में विफल रही हैं। बार-बार के अदालती आदेशों और कश्मीर प्रवासी अचल संपत्ति अधिनियम, 1997 के बावजूद, मंदिर की संपत्तियों को अवैध रूप से पट्टे पर दिया गया है।



#### संपत्तियों की रक्षा करने में प्रशासन विफल

**महालदार** ने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन व राजस्व विभाग मंदिर की संपत्तियों की रक्षा करने में विफल रहा है और मंदिर की संपत्तियों, परिसर को खाली करने में असमर्थ रहा है। घाटी में कश्मीरी पंडित समुदाय की अनुपस्थिति में कुछ चुनिंदा लोगों ने जम्मू-कश्मीर सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर 1989 से 2022 के बीच निष्क्रिय मंदिर ट्रस्टों का संचालन किया और मंदिर संपत्तियों को बेच दिया या पट्टे पर दे दिया।

# मानव-हाथी संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज पर : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। गुवाहाटी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव का उद्घाटन किया और कहा कि मानव-हाथी संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज पर है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस अवसर पर कहा कि हमारी परंपरा में हाथियों का सबसे अधिक सम्मान दिया गया है। इसे समृद्धि का प्रतीक माना गया है। यह भारत का राष्ट्रीय विरासत पशु है। इसलिए हाथियों की रक्षा हमारी राष्ट्रीय विरासत को संरक्षित करने की हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मानव-हाथी संघर्ष सदियों से एक मुद्दा रहा है और जब हम इस संघर्ष का विश्लेषण करते हैं, तो यह पाया जाता है कि प्राकृतिक आवास या हाथियों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न होना मूल कारण है। इसलिए, इस संघर्ष की जिम्मेदारी मानव समाज की है।



राष्ट्रपित ने जोर देकर कहा कि हाथियों की रक्षा, उनके प्राकृतिक आवासों का संरक्षण और हाथियों के गलियारों को बाधा से मुक्त रखना प्रोजेक्ट एलीफेंट का मुख्य उद्देश्य है। मानव-हाथी संघर्ष से संबंधित समस्याओं का समाधान भी इस परियोजना का उद्देश्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि असम के काजीरंगा और मानस राष्ट्रीय उद्यान न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व की अमूल्य धरोहर हैं। इसीलिए इन्हें यूनेस्को द्वारा 'विश्व विरासत स्थल' का दर्जा दिया गया है। आगे कहा कि असम में देश में जंगली हाथियों की दूसरी सबसे बड़ी आबादी है। इसलिए, गज उत्सव के आयोजन के लिए काजीरंगा एक बहुत ही उपयुक्त स्थान है।

### ओटीटी पर 'पठान' : दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र से कहा

# फिल्म को विकलांगों के लिए सुलभ बनाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने गुरुवार को केंद्र सरकार से निमार्ताओं, प्रसारकों और विकलांगता अधिकार संगठनों जैसे हितधारकों के साथ सहयोग करने को कहा, ताकि एक रिपोर्ट तैयार की जा सके कि दृष्टि या श्रवण हानि वाले व्यक्तियों के लिए फिल्मों को कैसे सुलभ बनाया जाए।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह एक कानून के छात्र, वकील और विकलांग अधिकार कार्यकर्ता सहित विकलांग लोगों द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रही थीं, जिसमें वाईआरएफ, ओटीटी प्लेटफार्मों और सरकार को




विकलांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार व्यवस्था करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। न्यायमूर्ति सिंह ने जोर देकर कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि विकलांग व्यक्तियों को सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था तुरंत और सार्वभौमिक रूप से लागू की जानी चाहिए।

अदालत ने कहा, अदालत की राय है कि हालांकि 'पठान' के निदेशों को लागू किया गया है, लेकिन कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए व्यापक हितधारक परामर्श की जरूरत होगी। अदालत ने कहा कि 'पठान' के लिए निदेशों को लागू कर दिया गया है, लेकिन सभी संबंधित पक्षों के साथ एक व्यापक परामर्श आवश्यक होगा, ताकि ढांचे के रूप और पदार्थ दोनों में कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।




### 'दि डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' का फर्स्ट लुक आउट जारी




**सत्य** घटनाओं पर आधारित हिंदी फिल्म 'दि डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' का फर्स्ट लुक जारी होते ही बवाल मच गया है। इस फिल्म के फर्स्ट लुक के पोस्टर ने ही विवाद खड़ा कर दिया है और लोगों को समझ मे नहीं आ रहा है कि इस पर किस तरह की प्रतिक्रिया दी जाए। फिल्म 'दि डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल' के फर्स्ट लुक में दो तस्वीरें लुक आउट हुई हैं और दोनों ही लुक अपने आप में विवादास्पद हैं। वैसे इस फिल्म का ट्रेलर कल लखनऊ में रिलीज किया जायेगा। वसीम रिजवी फिल्म्स प्रेजेंट्स फिल्म दि डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता जितेंद्र नारायण सिंह हैं। इस फिल्म के लेखक निर्देशक जाने-माने फिल्म निर्देशक सनोज मिश्रा हैं। फिल्म के को प्रोड्यूसर तापस मुखर्जी व अचिन्तया बोष हैं। फिल्म में एआर दत्ता ने संगीत दिया है और गीत सनोज मिश्रा व अशोक सिंह ने लिखे हैं।






### दिवंगत सिद्धू मूसेवाला का नया गाना 'मेरा ना' हुआ रिलीज, तोड़े रिकॉर्ड

**पंजाबी** सिंगर सिद्धू मूसेवाला हालांकि अब इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन उनके गाने आज भी उनके प्रशंसकों की जुबान पर हैं। सिद्धू मूसेवाला का नया गाना 'मेरा ना' हाल ही में रिलीज हुआ है। इस गाने ने सोशल मीडिया पर धूम मचा रखी है। गाने को कुछ ही घंटों में लाखों व्यूज मिल चुके हैं। मूसेवाला का नया गाना 'मेरा ना' रिलीज होते ही यू-ट्यूब पर वायरल हो गया है। प्रशंसकों ने सचमुच इस गाने को अपने सिर पर ले लिया है। मूसेवाला के निधन के बाद यह उनका तीसरा गाना रिलीज हुआ है। इससे पहले दो और गाने 'एसवाईएल' और 'वार' रिलीज हुए थे। इन दोनों गानों को फैंस ने काफी पसंद किया था। सिद्धू मूसेवाला के गाने के लाखों दीवाने हैं। बड़ी संख्या में फैन फॉलोइंग रखने वाले सिद्धू मूसेवाला के सभी गाने हिट हुए हैं। उनके नए गाने 'मेरे ना' को भी अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। यू-ट्यूब पर रिलीज होने के 25 मिनट के अंदर ही इसे 13 लाख व्यूज मिल चुके हैं।

### सारा गुरपाल सिंह का नया गाना 'राइड' हुआ रिलीज

**पंजाबी** गाने आजकल युवाओं को खूब पसंद आ रहे हैं। पंजाब की सुपरहिट फिल्म और म्यूजिक एलबम में काम कर चुकी बोल्ड एक्ट्रेस सारा गुरपाल का नया गाना 'राइड' रिलीज हो गया। दर्शक इस गाने को खूब पसंद कर रहे हैं। इस गाने को सारा गुरपाल ने खुद गाया है। इस गाने के म्यूजिक वीडियो में दिलप्रीत ढिल्लन भी नजर आ रहे हैं। गाना बेहद धांसू है और इसमें सारा व दिलप्रीत ढिल्लन का स्वेग देखने को मिल रहा है। सारा गुरपाल का यह गाना प्लैटनम म्यूजिक से रिलीज हुआ है। 'राइड' का यह प्रभावशाली लिरिक्स कप्तान ने बनाया है, जबकि कम्पोजर आशु सिंधु ने सुरीले संगीत से इस गाने को सजाया है।

### फिल्म 'भोला' की कमाई में गिरावट दर्शकों पर जादू चलाने में नाकाम




**अजय** देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'भोला' ने 30 मार्च को रिलीज होने के पहले दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, लेकिन अगले दिन इसकी कमाई में गिरावट दर्ज की गई। एक साउथ की फिल्म का रीमेक 'भोला' को लेकर पहले ही चर्चा थी कि दर्शकों पर इस फिल्म का जादू चलेगा या नहीं। रिलीज के आठवें दिन भी फिल्म की कमाई में गिरावट जारी है। अजय देवगन की बड़े बजट की फिल्म दर्शकों पर जादू चलाने में नाकाम होती नजर आ रही है। फिल्म 'भोला' ने पहले दिन 10 करोड़ से ज्यादा की कमाई की, लेकिन अगले दिन इसकी कमाई में गिरावट दर्ज की गई। फिल्म ने पांचवें दिन 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया। फिल्म 'भोला' को रिलीज हुए 8 दिन हो चुके हैं, लेकिन यह फिल्म अपेक्षा के मुताबिक कमाई नहीं कर पाई है।

### शुभारंभ : तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेवा संगम शुरू, भागवत बोले

# समाज में सेवा का भाव जगाना जरूरी

**एजेंसी। जयपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने शुक्रवार को जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ परिसर में तीन दिवसीय सेवा संगम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. भागवत ने कहा कि सेवा भाव से पूरे विश्व को कुटुंब बनाना है। ऐसा तभी संभव है जब सेवा का कार्य समाजव्यापी अभियान बन जाए। उन्होंने कहा कि सेवा का मंत्र हमारे देश में बहुत पहले से विद्यमान रहा है। संघ की स्थापना से ही स्वयंसेवक सेवा कार्य कर रहे हैं। सेवा की मानसिकता सब में होती है, बस उसे जगाना पड़ता है।

डॉ. भागवत ने लोगों का आह्वान किया कि सम्पूर्ण विश्व को भक्ति, ज्ञान एवं कर्म का उदाहरण प्रस्तुत करें। साथ ही सेवा करने वाली सज्जन शक्ति एक समूह बनकर परस्पर मिलकर चले। इससे हम अपने लक्ष्य को आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सेवा का मंत्र हमारे देश में बहुत पहले से विद्यमान रहा है। सेवा का भाव संवेदना प्रधान है। हालांकि, संवेदना मानव से इतर पशुओं में भी होती है और अक्सर यह परिलक्षित भी होती है, लेकिन संवेदना में कृति का भाव केवल मनुष्य तक ही सीमित है। यह कृति ही करुणा है। जी-20 की बैठक का उल्लेख कर उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में भी करुणा को आधार बनाना चाहिए।



उन्होंने कहा कि कभी-कभी सेवा के बाद अहंकार आना स्वाभाविक है, लेकिन यदि सेवा भाव निरंतर बना रहता है, तो अहंकार स्वतः खत्म हो जाता है।

उन्होंने कहा कि संघ की स्थापना से ही स्वयंसेवक सेवा कर रहे हैं। सेवा की मानसिकता सब में होती है, बस उसे जगाना पड़ता है। हम प्रयास कर रहे हैं कि सेवा के माध्यम से आज ही समाज स्वस्थ हो जाए। इससे पहले हमें स्वस्थ होना पड़ेगा। हमारे समाज में यदि कोई पीछे है तो यह हमारे लिए अच्छी बात नहीं है। सबको समान और अपने जैसा मानकर ही समाज को आगे बढ़ा सकते हैं।